जन एक्सप्रेस

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

लखनऊ
वर्षः 15 | अंकः 205
मूल्यः ₹3.00/-
पेज : 12
गुरुवार | 09 मई, 2024

रामद्रोहियों का पतन शाश्वत सत्य है : योगी आदित्यनाथ

सीएम बोले, अकबरपुर का नाम लेने में भी संकोच होता है, गुलामी के निशान को समाप्त करेंगे

जन एक्सप्रेस । कानपुर

- मुख्यमंत्री ने अकबरपुर लोकसभा सीट के लिए जनसभा को किया संबोधित
- लोकसभा चुनाव में एक तरफ रामभक्त और दूसरी तरफ रामद्रोही: योगी आदित्यनाथ
- सपा और कांग्रेस पर योगी का हमला, क्षेत्र और जाति के नाम पर लड़ाते हैं रामद्रोही
- आतंकियों का महिमामंडन और माफिया को गले का हार बनाते हैं विपक्षी: योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि तीन चरण के चुनाव संपन्न होने के साथ ही देश की आधी लोकसभा सीटों पर चुनाव संपन्न हो चुके हैं। पूरे देश में एक ही आवाज गूंज रही है, 'फिर एक बार मोदी सरकार, अबकी बार 400 पार।' उन्होंने कहा कि इस नारे ने ऐसा जादू किया है कि विपक्षी चारों खाने चित्त हो गये हैं। जब उन्हें कुछ समझ नहीं आ रहा है तो भारत के खिलाफ साजिश में लिप्त हो गये हैं। विपक्षी दलों के बयानों को पढ़ने से स्पष्ट हो चुका है कि ये चुनाव रामभक्त और रामद्रोहियों के बीच में हैं। जो रामभक्त हैं वही राष्ट्रभक्त भी हैं। सीएम योगी यहां घाटमपुर स्थित पतारा रेलवे स्टेशन मैदान में आयोजित अकबरपुर लोकसभा सीट के लिए विशाल चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने पार्टी प्रत्याशी देवेन्द्र सिंह भोले के पक्ष में जनता से वोट की अपील की। मुख्यमंत्री ने कहा कि अकबरपुर का नाम ही ऐसा है कि बार बार बोलने में संकोच लगता है। ये सब बदल जाएगा। हमें गुलामी के निशानों को समाप्त और विरासत का सम्मान करना है। इस क्षेत्र को विकास की मुख्यधारा के साथ जोड़ना है। इसके लिए जो अभियान देश में शुरू हुआ है, उसमें हमें भी एक वोट के साथ सहभागी बनना है।

कांग्रेस हमेशा विभाजन की राजनीति करने वाली

सीएम योगी ने कहा कि यूपीए सरकार के दौरान सपा और बसपा बिन मांगे कांग्रेस का समर्थन कर रहे थे। तब रंगनाथ मिश्रा कमेटी ने पिछड़ी जाति के आरक्षण से 6 प्रतिशत काटकर मुसलमानों को देने की सिफारिश की थी। भाजपा ने जब इसका पुरजोर विरोध किया तो कांग्रेस को वह प्रस्ताव वापस लेना पड़ा था। फिर सच्चर कमेटी का गठन किया गया, कांग्रेस ने साजिश की कि अनुसूचित जाति और जनजाति में मुसलमानों की कुछ जातियों को शामिल कर दिया जाए। कांग्रेस हमेशा विभाजन की राजनीति करने वाली रही है। इन्होंने देश का विभाजन किया। देश के अलग अलग भागों में आतंकवाद और अलगाववाद को पनपाने का काम किया। कांग्रेस ने इस बार भी अपने मेनिफेस्टो में कहा है कि वह इस प्रकार के आरक्षण को देने का काम करेगी।

सपा सरकार में यहां तमंचे बनते थे, अब तोपें बनेंगी

सीएम योगी ने कहा कि सरकार सर्वे करा रहे हैं कि इस क्षेत्र में गन्ने की गुंजाइश होगी तो यहां शुगर और इथनॉल कॉम्पलेक्स का विकास किया जाएगा। सपा सरकार में यहां तमंचे बनते थे, कानपुर डिफेंस कॉरीडोर में देश के लिए तोपें बनेंगी। यहां की तोप जब सीमा पर गरजेगी तो कानपुर और यूपी का नाम सबके जेहन में छा जाएगा। जब दुश्मन देश की सेना धराशाई होंगी तो उसके साथ कानपुर डिफेंस कॉरीडोर का नाम सबसे ऊपर उभर के आएगा। आज यहां बन रहा गोला बारूद पूरी दुनिया को जा रहा है। ये काम केवल भाजपा सरकार कर सकती है। चाहे बात फ्री राशन की हो या फ्री उपचार की, बेटी के जन्म से लेकर उसकी पढ़ाई और शादी की व्यवस्था की हो या फिर बेटी और व्यापारी को सुरक्षा देने का कार्य आपका एक वोट नये भारत का दर्शन करा रहा है।

रामद्रोही हमें जाति, क्षेत्र के नामपर लड़ाने का काम कर रहे

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सनातन सत्य है कि रामद्रोहियों का पतन हमेशा हुआ है। 2024 का लोकसभा चुनाव इस शाश्वत सत्य की पुष्टि करने वाला है। उन्होंने कहा कि ये केवल सरकार बनाने का चुनाव नहीं है। एक तरफ मोदी जी के नेतृत्व में देश को नये और आत्मनिर्भर भारत के रूप में स्थापित किया जा रहा है, दूसरी तरफ रामद्रोही हमें जाति, क्षेत्र के नामपर लड़ाने का काम कर रहे हैं। आतंकियों का महिमामंडन और माफिया को गले का हार बनाया जा रहा है। अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़ी जाति के अधिकारों को अल्पसंख्यकों को देने की साजिश रची जा रही है।

आज माफिया मिट्टी में मिल चुका है

मुख्यमंत्री ने कहा कि परम रामभक्त और यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के निधन पर कांग्रेस और सपा की ओर से संवेदना का कोई शब्द नहीं निकला था। प्रयागराज में राजू पाल की हत्या पर भी कोई संवेदना व्यक्त नहीं की गई। अधिवक्ता उमेश पाल की हत्या पर हमने कहा था किसी ने अगर पिछड़े के बेटे को मारा है तो वह माफिया मिट्टी पर मिलेगा। और आज माफिया मिट्टी में मिल चुके हैं। जो कल्याण सिंह को श्रद्धांजलि नहीं दे सके वो माफिया के घर फातिहा पढ़ने गये। इनकी संवेदना माफिया के प्रति है। इनकी संवेदना रामद्रोहियों के प्रति है।

ये गणमान्य रहे उपस्थित

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, प्रदेश सरकार में मंत्री राकेश सचान, प्रतिभा शुक्ला, विधायकगण नीलिमा कटियार, अभिजीत सिंह सांगा, सरोज कुरील, जिला पंचायत अध्यक्ष स्वप्निल वरुण, सांसद प्रत्याशी देवेन्द्र सिंह भोले, पूर्व मंत्री अरुणा कोरी, भाजपा के उपाध्यक्ष देवेश सोनी सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

चुपके-चुपके 'चुनावी आंधी' बन रहे सोने चांदी

सभी राजनीतिक दल सोने और चांदी के चुनाव चिन्ह भेंट कर अपनी पार्टी के प्रत्याशी के पक्ष में माहौल बना रहे हैं

- समर्थक दबे पांव अपने आस पड़ोस और दोस्तों को पार्टियों का चुनाव निशान गिफ्ट कर उन्हें अपनी पार्टी को वोट करने की अपील कर रहे हैं
- इन चुनाव चिन्ह की कीमत हजारों से लेकर एक लाख रूपये तक है
- मतदान 20 मई को, चौक सर्राफा बाजार की रौनक देखते ही बन रही है

जन एक्सप्रेस । डॉ.वैभव शर्मा

लखनऊ। नवाबों के शहर लखनऊ में इस बार लोकसभा चुनाव प्रचार प्रचार का अनोखा तरीका अपनाया जा रहा है। लगभग सभी राजनीतिक दल सोने और चांदी के चुनाव चिन्ह भेंट कर अपनी पार्टी के प्रत्याशी के पक्ष में माहौल बना रहे हैं। इन चुनाव चिन्ह की कीमत हजारों से लेकर एक लाख रूपये तक है।

लखनऊ का सर्राफा बाजार चुनावी रंग में पूरी तरह से रंग चुका है। यहां मतदान 20 मई को है, लेकिन मतदान से पहले ही लखनऊ पर चुनावी रंग चढ़ता जाए रहा है। सर्राफा बाजार की रौनक देखते ही बन रही है। पार्टी समर्थक अपनी-अपनी पार्टी के चुनावी निशान को सोना चांदी में बनवा रहे हैं। यही नहीं प्रचार प्रसार का भी नया तरीका समर्थकों ने खोज लिया है, अब वो गर्मी में सड़कों पर निकलकर खुलकर प्रचार प्रसार नहीं कर रहे हैं बल्कि दबे पांव अपने आस पड़ोस और दोस्तों को पार्टियों का चुनाव निशान गिफ्ट में देकर उन्हें उस पार्टी को वोट करने की अपील कर रहे हैं।

सोने की अंगूठी में राम मंदिर की कीमत एक लाख रुपए

सोने की अंगूठी में राम मंदिर की कीमत एक लाख रुपए है, जबकि चांदी का पंजा एक से 2000 रुपए की कीमत में है। वहीं चांदी की परत चढ़ी हुई राम मंदिर की कीमत तीन से आठ हजार के बीच में है। इसके अलावा चांदी में कमल बनी हुई अंगूठी भी 10 से 15 हजार रुपए के बीच है, जबकि सोना चांदी की परत चढ़ा हाथी और आप पार्टी की झाड़ू बहुत ही कम कीमतों पर उपलब्ध है। समर्थक इसे बनवा रहे हैं। आम जनता भी इन्हें देखकर आकर्षित हो रही है और खूब खरीद रही है।

कमल, पंजा, साइकिल या हाथी सब कर रहे सोने चांदी की 'सवारी'

लखनऊ का सर्राफा बाजार जो कि चौक में है, यह उत्तर प्रदेश का सबसे बड़ा सर्राफा बाजार माना जाता है। यहां के व्यापारियों के पास इन दिनों राजनैतिक पार्टियों के चुनावी निशान जैसे सोने की अंगूठी में राम मंदिर, सोने की परत चढ़ा हुआ राम मंदिर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पेन, जय श्री राम लिखा हुआ पेन, जय श्री राम लिखा हुआ राम मंदिर, इसके अलावा कांग्रेस का चांदी का पंजा, बहुजन समाज पार्टी का सोने चांदी में हाथी और चांदी में समाजवादी पार्टी की साइकिल बनाने का आर्डर बड़ी संख्या में आ रहा हैं, जिसे सर्राफा व्यापारी बना रहे हैं।

पहली बार हो रहा सोना-चांदी के चुनाव चिन्ह से प्रचार

चौक सर्राफा एसोसिएशन के एक पदाधिकारी ने बताया कि पहली बार ऐसा हो रहा है जब प्रचार प्रसार का लोगों ने नया तरीका खोजा है। अभी तक लोग सड़कों पर निकलते थे और पर्चे बांटते थे लेकिन अब सोना चांदी में पार्टियों के चुनावी चिन्ह बनवाए जा रहे हैं और लोगों को गिफ्ट दिए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि सर्राफा व्यापारियों ने भी चुनावी माहौल के बीच इन्हें तैयार किया है। उन्होंने बताया कि सर्राफा व्यापारी कभी किसी पार्टी का प्रचार प्रसार नहीं करते हैं, बस लोगों की डिमांड पर सामान बनाते हैं।

आरओ/एआरओ पेपर लीक: पूरे गिरोह पर शिकंजा कसने की तैयारी में ईडी, शुरू की पड़ताल

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

सिपाही भर्ती की लिखित परीक्षा का पेपर आउट होने के मामले की जांच शुरू करने के बाद ईडी की नजरें आरओ/एआरओ पेपर लीक मामले पर भी हैं। दरअसल, दोनों परीक्षाओं का पेपर आउट कराने में प्रयागराज निवासी राजीव नयन मिश्रा शामिल था, जिसके गिरोह के बाकी सदस्यों ने आरओ/एआरओ परीक्षा का पेपर लीक कराया था। सूत्रों के अनुसार ईडी जल्द ही आरओ/एआरओ परीक्षा का पेपर लीक होने के मामले की जांच भी शुरू कर सकती है। प्रतियोगी परीक्षाओं का पेपर लीक करने वाले गिरोहों के खिलाफ ईडी, लखनऊ ने पहली बार जांच करने का फैसला लिया है। सिपाही भर्ती परीक्षा का पेपर लीक करने वाले गिरोह के संबंध कई प्रिंटिंग प्रेस के कर्मचारियों तक से होने की पुष्टि हो चुकी है। इस गिरोह ने कई बड़ी प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर आउट कराए हैं, जिसमें नीट, एम्स, नर्सिंग परीक्षा आदि शामिल है। अब ईडी पूरे गिरोह पर शिकंजा कसने की तैयारी में है। जल्द ही ईडी के अधिकारी आरओ/एआरओ पेपर लीक मामले की जानकारी यूपी एसटीएफ से लेकर केस दर्ज कर सकते हैं।

उत्तराखंड जंगल की आग: सीएम धामी ने की बैठक, लापरवाही पर 17 कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई, 11 निलंबित

जन एक्सप्रेस। देहरादून

उत्तराखंड वन विभाग ने जंगल की आग पर काबू पाने में लापरवाही बरतने पर 17 कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। 17 कर्मचारियों में से 11 को निलंबित कर दिया गया है। सचिवालय में वनाग्नि नियंत्रण के संबंध में पूर्व में दिए गए निर्देशों की समीक्षा करते हुए लापरवाही बरतने वाले वन विभाग के 17 अधिकारियों/कार्मिकों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की गई। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा, प्रदेश सरकार जंगल में आग लगाने वाले अराजक तत्वों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई करेगी। वन विभाग एवं स्थानीय लोगों के सहयोग से काफ़ी हद तक वनाग्नि पर काबू पाया जा चुका है और जल्द ही हम जंगल की आग को पूरी तरह बुझाने में कामयाब होंगे। बैठक के दौरान फायर स्टेशनों पर वनाग्नि की सूचनाओं पर त्वरित कार्रवाई करने और इसकी तत्काल सूचना डीएफओ, सीसीएफ,पीसीसीएफ के कंट्रोल रूम में दिए जाने की व्यवस्था को मजबूत करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

जल्द उपाय करें, बारिश या क्लाउड सीडिंग के भरोसे नहीं रहें: सुप्रीम कोर्ट

उत्तराखंड के जंगलों में लगी आग मामले की बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने उत्तराखंड सरकार से कहा कि बारिश या कृत्रिम बारिश (क्लाउड सीडिंग) के भरोसे नहीं बैठा जा सकता। इसकी रोकथाम के उपाय करें। उत्तराखंड सरकार ने जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच को बताया कि नवंबर 2023 से अब तक जंगलों में आग लगने की 398 घटनाएं हो चुकी हैं। हर बार ये आग इंसानों द्वारा लगाई गई। सरकार के वकील ने गवर्नमेंट की तरफ से उठाए गए कदमों के बारे में भी कोर्ट को बताया। कहा कि आग के मामले में 350 आपराधिक केस दर्ज किए गए हैं, जिनमें 62 लोगों के नाम हैं।

जंगल की आग को कम करने के उद्देश्य से पिरूल को एकत्रित करने के लिए पिरूल लाओ-पैसे पाओ मिशन को शुरू करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए।

लखनऊ में आग लगने की 3 घटनाएं

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

लखनऊ में बुधवार सुबह करीब 8.30 बजे मल्टी स्टोरी बिल्डिंग में आग लग गई। इमारत की चौथी मंजिल पर लगी आग को फायर ब्रिगेड ने कंट्रोल किया। आगजनी की घटना में किसी को कोई नुकसान नहीं हुआ है। आग लगने की यह घटना बाजारखाला के सिल्वर हाईट्स बिल्डिंग की है। फायर ब्रिगेड की टीम जब मौके पर पहुंची तो देखा कि होटल मैक्स में आग लगी है। पंपिंग करके आग को कंट्रोल किया गया। हालांकि आग लगते ही इमारत में अफरातफरी की स्थिति बन गई और बाकी के फ्लैट्स में रहने वाले लोग बाहर निकल गए थे। लखनऊ के बाजारखाला में हैदरगंज तिराहे के पास टाइल्स विहार कॉलोनी में सिल्वर हाइट्स अपार्टमेंट है। इसी इमारत की चौथी मंजिल फ्लैट नंबर 403 में आग लगी।

लखनऊ में राजनीतिक दलों के साथ अधिकारियों की बैठक

सोशल मीडिया पर प्रचार की लेनी होगी परमिशन, रैली-जनसभा के लिए आवेदन भी

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

लखनऊ में चुनाव व्यय प्रेक्षक, जिला निर्वाचन अधिकारी और चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों की बैठक हुई। इसमें कहा गया कि सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर प्रचार के लिए पहले परमिशन लेनी होगी। साथ ही सभी तरह के दिशा-निर्देशों का पालन करना होगा। बैठक में व्यय प्रेक्षक लखनऊ ने कहा कि बिना अनुमति कोई जनसभा, रैली या निर्वाचन संबंधित प्रचार-प्रसार नहीं किया जाएगा। चुनाव प्रचार के लिए अनुमति लेना अनिवार्य है। मोहनलालगंज के प्रेक्षक ने कहा कि जितने वाहनों की अनुमति ली गई है, उतने ही गाड़ियां प्रयोग करनी होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने बताया कि आदर्श आचार

संहिता का पालन कराने के लिए सोशल मीडिया पर भी कड़ी निगरानी की जा रही है।

कंटेंट शेयर करने से पहले अप्रूवल जरूरी

सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर कोई भी प्रत्याशी कंटेंट को बिना अप्रूव कराए अपलोड नहीं कर पाएंगे। साथ ही उन्होंने बताया कि समय-समय पर वाट्सअप ग्रुप के जरिए सभी सूचनाएं प्रत्याशियों को दी जाएंगी। इसके अलावा सोशल मीडिया पर नजर रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि निर्वाचन व्यय संबंधित रेट लिस्ट भी www.lucknow.nic.in पर अपलोड कर दी गई है। बैठक में संयुक्त पुलिस आयुक्त उपेंद्र अग्रवाल, मोहनलालगंज के प्रेक्षक एन वसंत कुमार, लोकसभा लखनऊ और विधान सभा लखनऊ पूर्व के प्रेक्षक ओम प्रकाश कसेरा मौजूद रहे। साथ ही मोहनलालगंज के व्यय प्रेक्षक जी प्रशांत, लखनऊ और लखनऊ पूर्व के व्यय प्रेक्षक सुदीप डबास, मोहनलालगंज के पुलिस प्रेक्षक एएम मुनिया और लखनऊ के पुलिस प्रेक्षक विनीत विनाय भी मौजूद रहे।

सुविधा पोर्टल की ट्रेनिंग

डीएम ने बताया कि चुनाव संबंधित अनुमतियो के लिए सुविधा पोर्टल पर 48 घंटे पहले आवेदन किया जा सकता है। अनुमति से संबंधित किसी भी जानकारी के लिए कलेक्ट्रेट में संपर्क किया जा सकता है। 8 मई को जूम के माध्यम से इसकी ट्रेनिंग भी दी जाएगी।

रिपोर्ट एससी, एसटी, ओबीसी और भारत के सनातन आस्था के प्रति अन्याय है कांग्रेस का घोषणा पत्र

कांग्रेस का घोषणा पत्र मुस्लिम लीग के नए वर्जन जैसा: सीएम योगी

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर

- गोरखपुर में मीडिया से बातचीत में मुख्यमंत्री की सोनिया गांधी को सच बोलने की नसीहत
- जनता की आंखों में धूल झोंककर अब सत्ता नहीं हथिया पाएगी कांग्रेस: योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि कांग्रेस द्वारा अपने घोषणा पत्र को न्याय पत्र कहा जाना अपने आप में हास्यास्पद है। वास्तव में यह अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़ी जातियों के प्रति, भारत की सनातन आस्था के प्रति अन्याय पत्र है। कांग्रेस का घोषणा पत्र मुस्लिम लीग के नए वर्जन के जैसा है। देश के सबसे पुराने राजनीतिक दल का घोषणा पत्र मुस्लिम लीग का प्रतिनिधित्व करता हो, इससे ज्यादा शर्मनाक दूसरा कुछ और नहीं हो सकता। बुधवार को अकबरपुर, फर्रुखाबाद और शाहजहांपुर लोकसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार के लिए निकलने से पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखनाथ मंदिर परिसर में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। कांग्रेस की वरिष्ठ नेता श्रीमती सोनिया गांधी द्वारा भाजपा पर नफरत की राजनीति को बढ़ावा देने का

आरोप लगाए जाने के सवाल पर सीएम योगी ने तल्ख अंदाज में कहा कि सफेद झूठ बोलने की बजाय कम से कम सोनिया गांधी को तो सच बोलने की आदत डालनी चाहिए। चुनाव के दौरान अब वे लोग देश की जनता की आंखों में धूल झोंककर सत्ता नहीं हथिया पाएंगे क्योंकि मोदी जी के नेतृत्व में पूरा देश एकजुट होकर एक भारत-श्रेष्ठ भारत के दर्शन के रहा है।

वर्ग संघर्ष ,आतंकवाद, नक्सलवाद और अलगाववाद कांग्रेस की ही देन

मुख्यमंत्री ने कहा कि आजादी के बाद राजनीतिक स्वार्थ के कारण जाति, क्षेत्र और भाषा के नाम पर देश के अंदर वर्ग संघर्ष को कांग्रेस ने बढ़ावा दिया। आतंकवाद, नक्सलवाद और अलगाववाद, यह सब कांग्रेस की ही देन है। सीएम ने सवालिया अंदाज में कहा कि यूपीए चेयरपर्सन के रूप में श्रीमती सोनिया गांधी जी ने 2004 से लेकर 2014 के बीच में क्या किया, यह कौन नहीं जानता। उस समय क्या यह सच नहीं कि ओबीसी के आरक्षण पर सेंधमारी लगाने के लिए जस्टिस रंगनाथ मिश्रा की कमेटी इन्होंने गठित की थी। और, कमेटी ने संस्तुति की थी कि ओबीसी के आरक्षण में से 6 प्रतिशत आरक्षण मुसलमानों को दे दिया जाय। भाजपा और एनडीए ने उसे समय विरोध किया था और कांग्रेस के मंसूबे पूरे नहीं हो पाए। यही नहीं, एससी-एसटी के अधिकारों पर भी कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों ने घुसपैठ करने का प्रयास किया था। सच्चर कमेटी की रिपोर्ट में मुसलमानों की कुछ जातियों को अनुसूचित जाति में शामिल करने का प्रयास भी कांग्रेस सरकार के समय में हुआ था। पर, एनडीए और बीजेपी के विरोध से कांग्रेस के मंसूबे पूरे नहीं हो पाए।

सोनिया का आरोप 'उल्टा चोर कोतवाल को डांटे' जैसा

उन्होंने कहा कि सोनिया गांधी जी की तरफ से भाजपा पर लगाया गया झूठा आरोप उल्टा चोर कोतवाल को डांटे को चरितार्थ करने जैसा है। उन्होंने कहा कि यह हर व्यक्ति जानता है बांटों और राज करो की नीति कांग्रेस को विरासत में प्राप्त हुई है। अंग्रेजों की कुटिल चाल को 1947 में कांग्रेस ने सफल होने दिया और देश का बंटवारा किया।

वर्ग संघर्ष की स्थिति को पैदा करने वाला है कांग्रेस का घोषणा पत्र

सीएम योगी ने कहा कश्मीर में धारा 370 कांग्रेस ने लगाई थी। ओबीसी के आरक्षण में से कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में सेंध लगाने का कार्य कांग्रेस ने किया, यह ओबीसी के अधिकारों का पूरी तरह हनन है। देश को जाति, भाषा, क्षेत्र के आधार पर बांटने की कुचेष्टा कांग्रेस ने की थी। अपने घोषणा पत्र में कांग्रेस ने जिस प्रकार की बातों का उल्लेख किया है, यह भारत की सनातन आस्था पर प्रहार तो है ही, समाज में वर्ग संघर्ष की स्थिति को पैदा करने वाला है। कांग्रेस की मंशा भारत की जनता कभी पूरा नहीं होने देगी क्योंकि विभाजनकारी राजनीति किसी के हित में नहीं है।

मोदी के नेतृत्व में देश की जनता एकजुट, गलने से रही कांग्रेस की दाल

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस के घोषणा पत्र पर प्रहार जारी रखते हुए कहा कि आज कांग्रेस का घोषणा पत्र ही विभाजनकारी है। यह भारत को वर्ग संघर्ष की ओर ले जाने वाला है। अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़े वर्ग के अधिकारों में सेंध लगाने वाला है। पर कांग्रेस के इन मंसूबों को देश की जनता पूरा नहीं होने देगी। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने के लिए पूरा देश मोदी जी के नेतृत्व में कार्य करने के लिए आज एकजुट दिखाई दे रहा है। विकसित भारत के लिए पूरे देश की जनता मोदी जी के नेतृत्व में संकल्पित होकर भाजपा और एनडीए को अपना समर्थन दे रही है।इन स्थितियों में अब कांग्रेस की दाल नहीं गलने वाली है।

फास्ट फॉरवर्ड

मारपीट के मामले में दोष सिद्ध होने पर आरोपी को सजा

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। मारपीट के आरोपी को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने एक माह साधारण कारावास की सजा सुनाई है। अभियोजन अधिकारी बृजमोहन ने बताया कि वर्ष 2011 में मारपीट के मामले में कर्वी कोतवाली के भरतपुरी निवासी बालकेश कुर्मी के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत कराया गया था। जिसमें पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीले सुनने के बाद मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सूर्यकान्तधर दुबे ने बुधवार को निर्णय सुनाया। जिसमें आरोपी को दोष सिद्ध होने पर एक माह साधारण कारावास से दण्डित किया गया।

एसपी ने अमावस्या मेले के दृष्टिगत किया मेला क्षेत्र का भ्रमण

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने वैशाख मास अमावस्या के अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत रामघाट, निर्मोही अखाड, पर्यटक चैराहा, परिक्रमा क्षेत्र का भ्रमण कर डियूटि पर तैनात पुलिस बल को सतर्कता पूर्वक डियूटि करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि मेले में आने वाले दर्शनार्थियों से विनम्र व्यवहार रहे।

1 आरोपी के विरुद्ध गुण्डा तथा 2 के विरुद्ध मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में जनता में भय आतंक फैलाकर गुण्डा गर्दी करने वाले एक आरोपी के विरुद्ध गुण्डा तथा 2 आरोपियों के विरुद्ध मिनी गुण्डा की कार्यवाही की गयी। पहाड़ी थाना प्रभारी निरीक्षक श्याम प्रताप पटेल द्वारा चुन्नू विश्वकर्मा निवासी चैरा के विरुद्ध गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की गयी। इसी प्रकार मानिकपुर थाना प्रभारी निरीक्षक रीता सिंह द्वारा लवकुश कोल निवासी हरदिया कला मजरा कोटा कंदैला, रिंकू निवासी रम्पुरिया के विरुद्ध मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की गयी।

डॉग स्क्वॉयड, एलआईयू की संयुक्त टीम ने की रामघाट में सघन जांच

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी के पर्यवेक्षण में प्रभारी एलआईयू निरीक्षक सूर्यकान्त अरुण राय ने बताया कि डॉग स्क्वॉयड व एलआईयू चित्रकूट की संयुक्त टीम द्वारा वैशाख मास अमावस्या मेला के अवसर पर सुरक्षा सतर्कता के दृष्टिगत रामघाट, परिक्रमा मार्ग आदि स्थानों पर सघन जांच की गई।

पुलिस व एफएसटी टीम ने चेकिंग के दौरान पकड़े 1,96,500 रूपये

जन एक्सप्रेस/उरई। चुर्खी पुलिस व एफएसटी टीम ने चेकिंग के दौरान कार से 1,96,500 रूपये बरामद कर लिए। डीएम एसपी के निर्देश पर लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत चुनाव को सकुशल, भयमुक्त व निष्पक्ष संपन्न कराने के लिए पूर्ण रूप से कमर कस ली है। जिसको लेकर सुरक्षा व शांति व्यवस्था बनाये रखने तथा आदर्श आचार संहिता के अनुपालन एवं अवैध कैश और शराब आदि की बरामदगी के सम्बन्ध में अभियान चलाया जा रहा है।

प्राधिकरण सचिव ने पैनल अधिवक्ताओं और वालेंटियर के साथ की बैठक

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम के मार्गदर्शन में बुधवार को पैनल अधिवक्ताओं की बैठक हुई। जिसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अपर जिला जज नीलू मेनवाल ने पैनल अधिवक्ताओं के कार्य विस्तार के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी।

जनपद न्यायालय में बुधवार को हुई बैठक में प्राधिकरण के सचिव अपर जिला जज नीलू मेनवाल ने जिले में कार्यरत पैनल अधिवक्ताओं से कार्यों को लेकर चर्चा की। साथ ही कार्या विस्तार के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सभी पैनल अधिवक्ता इमानदारी और निष्ठा से कार्य करें। बैठक में पैनल अधिवक्ता रूद्र प्रसाद मिश्रा, महेन्द्र प्रताप सिंह, दमयन्ती, राजकुमार, पुरूषोत्तम यादव, सुशील कुमार सिंह, रजनीश, राममिलन मिश्रा, दयाशंकर, कैलाश चन्द्र द्विवेदी व विनय कुमार मौजूद रहे।

इसके पूर्व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अपर जिला जज नीलू मेनवाल ने जिले में कार्यरत पैरालीगल वालेंटियर की बैठक ली। जिसमें पैरालीगल वालेंटियर द्वारा कराए जाने वाले कार्य के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी। बताया गया कि पैरालीगल वालेंटियर तहसील, थाना, वन स्टाफ सेंटर, लीगल एड क्लीनिक, महिला चिकित्सालय आदि स्थानों पर विधिक सहायता उपलब्ध कराएंगे। साथ ही राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दिए गए निर्देशों के तहत आयोजित विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर में भी सहयोग करेंगे। कार्यक्रम के बाद फोटो जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में प्रेषित किए जाएंगे। बैठक में पैरालीगल वालेंटियर रामसागर, अरविन्द, साकेत सैनी, उपासना, रवि कुमार, संदीप कुमार, मुन्नालाल विश्वकर्मा, चन्द्रभान, संतोष कुमार, अमित शुक्ला, ममता वर्मा, सीता देवी, महेन्द्र प्रताप, राजेन्द्र सविता, सुदेश कुमार, आशीष त्रिपाठी, कृष्णऔतार आदि मौजूद रहे।

धर्मपरिवर्तन और दुष्कर्म के दो आरोपी गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर वांछित, वारण्टी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में कोतवाली कर्वी पुलिस द्वारा दुष्कर्म एवं विधि विरुद्ध धर्मपरिवर्तन के 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। कोतवाली कर्वी प्रभारी निरीक्षक उपेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि बीती 6 मई को कोतवाली कर्वी में पीड़िता द्वारा प्रार्थना-पत्र दिया गया कि अब्दुल उर्फ आरू रहमान, इरफान उर्फ छोटू निवासीगण चैगालिया तरौंहा द्वारा उसके साथ अलग-अलग स्थान पर बलात्कार किया गया है। साथ ही बताने पर जान से मारने की धमकी दी गई। बताया कि रुखसार द्वारा धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित किया गया। इस सूचना पर कोतवाली कर्वी में विधि विरुद्ध धर्म परिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम के तहत अब्दुल रहमान, इरफान उर्फ छोटू व रुखसार निवासीगण चैगलिया तरौंहा के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया। कोतवाली कर्वी प्रभारी निरीक्षक ने अपराध निरीक्षक लाखन सिंह को मुकदमें की विवेचना एवं आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए। अपराध निरीक्षक लाखन सिंह तथा आरक्षी पवन राजपूत द्वारा अब्दुल रहमान उर्फ आरू व इरफान उर्फ छोटू को गिरफ्तार किया गया।

जिलाधिकारी ने किया पांच दिवसीय प्रशिक्षण व पैकेजिंग का निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने बुधवार को लोकसभा सामान्य निर्वाचन- 2024 को सकुशल संपन्न कराने के लिए चित्रकूट इण्टर कॉलिज में मतदान कार्मिकों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण, पैकेजिंग व कमिशनिग की तैयारी के सम्बन्ध में निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने पैकेजिंग के सम्बन्ध में जानकारी ली एवं निर्देशित किया कि समय से पैकेजिंग करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि अटेंडेंस काउंटर भी अलग लगवाए। साथ ही हर दिन के लिए अलग बैनर बनवाएं। उन्होंने कहा कि मोबाइल टॉयलेट के साथ ही मेडिकल किट भी रखना सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कमिश्निंग के कार्य की तैयारी के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जितने सिंबल लोडिंग होंगे उतने कंप्यूटर सिस्टम भी लगवाए। कहा कि ट्रेनिंग स्थलों पर पानी, पंखा व छांव की भी व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। उन्होंने अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व को निर्देशित किया कि वीडियो ग्राफी व स्टिल फोटोग्राफर को लगाना सुनिश्चित करें। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश कुमार निगम, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, डीसीएनआरएलएम ओम प्रकाश मिश्रा, अधिशासी अधिकारी लाल जी यादव आदि मौजूद रहे।

अभियान चलाकर लोगों को बाल विवाह रोकने के प्रति किया गया जागरूक

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

बाल संरक्षण अधिकारी डॉ सौरभ सिंह ने बताया कि राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग उत्तर प्रदेश लखनऊ एवं जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द के निर्देशानुसार व जिला प्रोबेशन अधिकारी पंकज मिश्रा की देख-रेख में बाल विवाहों को रोकने के लिए जनपद में अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। 10 मई को अक्षय तृतीया है। जिसका शास्त्रों पुराणों में विशेष महत्व है। यह एक ऐसी तिथि है जिसे वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया को अक्षय तृतीया के रूप में मनाते है। अक्षय तृतीया के दिन किया गया दान पुण्य, तप, भजन जिसका कभी क्षरण नहीं होता है। अक्षय तृतीया को ही माँ गंगा का अवतरण हुआ है। भगवान परशुराम का अवतरण दिवस भी अक्षय तृतीया को ही हुआ है। अतः अक्षय तृतीया को दैवीय तिथि भी माना जाता है। हर वर्ष अक्षय तृतीया के महत्व को देखते हुए जन मानस में अपने बच्चों के शादी विवाह करने, तप करने आदि का भी प्रचलन है। जिसमें बाल विवाह होने की भी सम्भावना रहती है। बाल विवाह करना उतना ही महा पाप है जितना अक्षय तृतीया को किया गया शुभ कर्म। अतः जनपद में समस्त जन मानस को जागरूक होना चाहिए कि बाल विवाह जैसी कुरीति को समाज से खत्म करना हर समाजसेवी और नागरिक का कर्तव्य बनता है। सभी मन्दिर व मंदिर के पुजारी धर्मशाला, विवाह स्थल, लाज, होटल, रिसार्ट के मालिक, कर्मचारियों को सावधान रहना होगा कि कोई भी विवाह के आयोजन में वर-वधु की उम्र की जांच जरूर कर ले। साथ ही पांडित्य कर्म कराने वाले पंडित, पुजारी, मौलवी, पादरी, सहयोगी नाई, माली, हलवाई, अन्य सहयोगी प्रतिष्ठानों को बाल विवाह जैसी कुरीति को रोकने के कडे प्रयास करना चाहिए। किसी भी व्यक्ति की बाल विवाह करने, सहयोग करने, सम्मिलित होने की दशा में बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के अन्तर्गत दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी और लडके की उम्र 21 वर्ष हो और लडकी की उम्र 18 वर्ष से कम न हो, बाल-विवाह शून्य माना जायेगा। बाल-विवाह होने की सूचना बाल विवाह टास्क फोर्स के दिये गये नम्बरों चाइल्ड लाइन-1098, पुलिस सेवा-112, बाल कल्याण समिति, अध्यक्ष, राकेश माथुर 9219381673, एएचटीयू प्रभारी दुर्गविजय सिंह 9336158032, एवं डॉ सौरभ सिंह बाल संरक्षण अधिकारी 9450230079 पर सूचित करें।

अवैध शराब के साथ दो गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में चित्रकूट पुलिस ने 2 आरोपियों के कब्जे से 40 लीटर कच्ची शराब बरामद की। बहिलपुरवा थाना के उप निरीक्षक जनार्दन प्रताप सिंह तथा उनके हमराही द्वारा संतोष कुमार निवासी ददरीमाफी को 20 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। इसी प्रकार मारकुण्डी थान के उप निरीक्षक रमजानी खान तथा उनके हमराही द्वारा योगी निवासी ऊंची धूबहरा मजरा माराचन्द्रा को 20 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के विरूद्ध सम्बन्धित थानों में आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया।

स्कूल रेडनेस कार्यक्रम के तहत किया प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे विद्या प्रवेश मूल्यांकन अध्ययन के अंतर्गत स्कूल रेडनेस कार्यक्रम का प्राथमिक विद्यालय अहिरी क्षेत्र मऊ में निरीक्षण किया गया। उत्तर प्रदेश में विद्या प्रवेश का मूल्यांकन, अध्ययन, क्रियान्वयन किया जाना है। इसके लिए प्री टेस्ट मोड पर बेसलाइन मूल्यांकन किया गया। निरीक्षण टीम में शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार से अधिकारी डॉ अमलेश कुमार के साथ जनपद स्तर से डायट प्रवक्ता नोडल अध्यापक आदि उपस्थित रहे। उन्होंने स्कूल रेडिनेस से सम्बन्धित सभी पहलुओं पर बारीकी से अध्ययन किया। टीम ने प्रधानाध्यापक शिक्षक का अभिवावक एवं छात्र-छात्राओं से अलग-अलग इस विषय पर विस्तृत जानकारी प्राप्त की। साथ ही कार्यक्रम को सशक्त बनाने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। टीम ने स्कूल का शैक्षिक वातावरण, रसोइयों द्वारा बनाया गया बच्चों के लिए भोजन आदि का बारीकी से निरीक्षण किया गया। इस मौके पर फील्ड इन्वेस्टिगेटर अजय सिंह, राजेश पांडेय, नागेश, प्रधानाध्यापक शार्देदु शुक्ला, चांदनी शुक्ला आदि मौजूद रहे।

चित्रकूट को आकांक्षात्मक जिले से अन्य जिलों के समान स्तर पर लाने के हो रहे प्रयास

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में बुधवार को अधिकारियों के साथ बैठक कैंप कार्यालय में हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद आकांक्षात्मक जिला है, इसको अन्य जनपदों के समान स्तर पर लाने के लिए प्रयास किया जा रहा है।

जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी व जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को निर्देशित किया कि अपने विभागों में जहां समस्या है, उसकी कार्य योजना बनाकर प्रेषित करें। उन्होंने जिला बेसिक शिक्षाधिकारी से इंफ्रास्ट्रक्चर के बारे में जानकारी ली। जिस पर जिला बेसिक शिक्षाधिकारी ने बताया कि कुछ कमरे जर्जर हैं। जनरल मैनेजर यश दत्त ने बताया कि कुछ कमरों को स्मार्ट क्लास भी बनाया जाएगा। उन्होंने जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को निर्देशित किया कि अपने चार्टर्ड अकाउंटेंट्स से फॉर्मेट बनवाएं। जिलाधिकारी ने कहा कि सीएचसी, पीएचसी सेन्टर पर कोई समस्या हो तो वहां पर कार्य कराया जा सकता है। जिस पर जनरल मैनेजर यश दत्ता ने बताया कि इसमें कुछ किट दिया जा सकता है। वीएचएसएनडी सेशन स्थलों पर सीसीटीवी कैमरा लगाने पर चर्चा हुई। जिसका मॉनिटरीग केन्द्र कलेक्टरेट सोनेपुर में रहेगा। बीएचएसएनडी सेशन स्थलों पर तब पता चल पाएगा कि कितने केस आए हैं, उस पर नजर रखा जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि उस स्थल पर सीसीटीवी कैमरा लगाया जाएगा, जहां से बीएचएसएमडी का सेशन चल रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि सीएसआर फंड से जो कार्य होगा कम से कम 3 वर्ष की गारंटी रहनी चाहिए।

इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी लव प्रकाश यादव, जिला कार्यक्रम अधिकारी पीडी विश्वकर्मा, मुख्य प्रबंधक विपुला शरन आदि मौजूद रहे।

एचीवर्स लाइब्रेरी का हुआ विस्तार, मतदाताओं को किया गया जागरूक

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

महानगरों की तर्ज पर प्रतियोगी छात्रों को अध्ययन सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से गतवर्ष शुरू की गयी एचीवर्स लाइब्रेरी मंगलवार को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही लाइब्रेरी में एक नवीन हाल का फीता काटकर शुभारम्भ किया गया।

जिला मुख्यालय स्थित ओम प्लाजा में मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में एचीवर्स लाइब्रेरी के नवीन हाल का शुभारम्भ चित्रकूट प्रेस क्लब अध्यक्ष सत्यप्रकाश द्विवेदी ने किया। उन्होंने आगामी 20 मई को होने वाले मतदान में सभी मतदाताओं को मताधिकार का प्रयोग करने का संकल्प भी दिलाया। लाइब्रेरी संचालक शानू यादव ने बताया कि अब तक प्रयागराज समेत बडे महानगरों में प्रतियोगी छात्रों के लिए लाइब्रेरी की व्यवस्था रहती थी। धर्मनगरी चित्रकूट में कर्वी समेत विभिन्न नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में हजारों की तादात में छात्र प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं। ऐसे युवाओं को अध्ययन के लिए बेहतरीन माहौल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उन्होंने जून 2023 में लाइब्रेरी का संचालन शुरू किया था। छात्र संख्या बढ़ने पर लाइब्रेरी में एक नवीन हाल और जोड़ा गया है। जिसका शुभारम्भ आज किया गया है। उन्होंने लाइब्रेरी में आने वाले सभी युवाओं को आगामी 20 मई को अपने बूथ पर जाकर मताधिकार का प्रयोग करने की सलाह दी।

इस अवसर पर समाजसेवी स्वप्निल अग्रवाल, एचीर्वस लाइब्रेरी के व्यवस्थापक देवराज यादव, पवन यादव ने भी युवाओं को मतदान के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम का संचालन युवा अधिवक्ता मोनू यादव ने किया।

युवती की संदिग्ध हालात में मौत परिजनों ने नदी में फेंका शव

जन एक्सप्रेस। उरई

कुठौंद कस्बा निवासी युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों ने पुलिस को बगैर सूचना दिए शव को नदी में फेंक दिया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने नदी में सर्च अभियान चलवाकर शव को बरामद कर लिया। युवती के परिजनों पर प्रेम प्रसंग के आरोप में पड़ोसी युवक के साथ मारपीट करने का आरोप लगाया जा रहा है।

कस्वा कुठौद निवासी मनोरमा 21 वर्ष पुत्री चंद्रकुंवर की सोमवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों ने पुत्री के शव को बिजवआपुर गांव के पास यमुना नदी में फेंक आए। युवती के परिजनों ने प्रेम प्रसंग को लेकर पड़ोस के ही रहने वाले गुलशन 23 वर्ष पुत्र ब्रज को मारपीट कर घायलकर दिया। घायल अवस्था में थाने पहुंचे युवक ने घटना की जानकारी देते हुए पुलिस से शिकायत की। तभी हरकत में आई थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए परिवार के कई सदस्यों को हिरासत में लिया और पूछताछ के लिए थाने ले आया गया। पुलिस द्वारा की गई पूछताछ के बाद पूरा मामला खुल गया। घटना से पर्दा उठाते ही थानाध्यक्ष कृष्णपाल सरोज के निर्देश पर युवती को खोजने के लिए सारी रात नदी में सर्च अभियान चलाया गया। बुधवार की सुबह शेरगढ़ घाट के पास से शव को बरामद कर लिया गया। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।सीओ जालौन द्वारा जांच के आदेश दे दिये गए है, और गुलशन पुत्र ब्रज किशोर के प्रार्थना पत्र के आधार पर चंद्रभान, चंद्र कुमार सहित करीब पांच लोगो पर मारपीट का मुकदमा दर्ज कर किया गया है। इतना ही नहीं बल्कि शव को नदी में फेकने में शामिल युवक को भी गिरफ्तार कर लिया गया है।

डाक्टरों ने रैली निकालकर चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

जन एक्सप्रेस। कालपी

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. दिनेश गुप्ता की अध्यक्षता में रैली निकाल कर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान नागरिकों से आगामी लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान करने का आव्हान किया। ह्यवुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कालपी में चिकित्सा अधिकारी डॉ. विशाल सचान, डॉ. शेख शहरयार, डॉ. रुबी सिंह, डॉ. गोपाल जी द्विवेदी समेत चिकित्सकीय कर्मचारी एकत्रित हो गये। चिकित्सालय परिसर से चिकित्सा अधीक्षक डॉ दिनेश गुप्ता के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता रैली शुरू हुई। महमूदपुरा, इंदिरा नगर,मेन रोड आदि स्थानों से रैली ने भ्रमण किया। हाथों में पट्टियां, बैनर, होर्डिंग, पम्पलेट लेकर कर्मचारी मतदाताओं को मतदान करने के लिए नारेबाजी करते हुए चल रहे थे।चिकित्सालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए चिकित्सा अधीक्षक डॉ. दिनेश गुप्ता ने बताया कि मजबूत लोकतंत्र के लिए मतदान में हिस्सा लेना बहुत जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि सभी लोग योग्य एवं लगनशील प्रत्याशी का चयन मतदान के माध्यम से करें। उन्होंने बताया कि देश के संविधान ने हम सबको मतदान करने का अधिकार दिया है। चिकित्सा अधिकारी डॉ विशाल सचान ने आव्हान किया कि मतदान वाले दिन अपने-अपने बूथ में पहुँचकर मतदान अवश्य करें। इस मौके पर डॉ. हरिचरण, विनोद कटियार, कुलदीप सचान, रामसजीवन गुप्ता, ममता,किरन राठौर सहित काफी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे। इसके बाद कर्मचारियों ने भी लोगों को मतदान में हिस्सा लेने के लिए जागरूक किया।

पॉलिटेक्निक में प्रवेश के लिए आवेदन करने का अंतिम अवसर

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

वर्तमान में उत्तर प्रदेश के किसी भी पॉलिटेक्निक में शैक्षिक सत्र 2024-25 में प्रवेश के लिए संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा ऑनलाइन आवेदन पत्र परिषद की वेबसाइट पर भरवाया जा रहा है। आवेदन पत्र भरे जाने की अंतिम तिथि 10 मई निश्चित है। आवेदन पत्र भरने का यह अंतिम अवसर है।

राजकीय पॉलिटेक्निक बरगढ़ के प्राचार्य संतोष कुमार वैश्य ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जारी नवीनतम शासनादेश के अनुसार उत्तर प्रदेश में स्थित किसी भी राजकीय सहायता प्राप्त अथवा प्राइवेट पॉलिटेक्निक के किसी भी पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए संयुक्त प्रवेश परीक्षा 2024 का आवेदन पत्र भरना और प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होना अनिवार्य है। अतः जो छात्र-छात्राएं पॉलिटेक्निक के किसी भी डिप्लोमा इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम जैसे सिविल, इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साइंस आदि अथवा डिप्लोमा इन फार्मेसी या अन्य पाठ्यक्रमों में शैक्षिक सत्र 2024-25 में प्रवेश लेना चाहते हैं, वह पॉलिटेक्निक प्रवेश परीक्षा का फॉर्म भरकर आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षा में अवश्य ही सम्मिलित हो। किसी भी पॉलिटेक्निक में सीधे प्रवेश किसी भी दशा में संभव नहीं है। पॉलिटेक्निक प्रवेश परीक्षा प्रदेश के सभी जनपदों में ऑनलाइन माध्यम से 13 से 20 जून के मध्य आयोजित की जा रही है। जो अभ्यर्थी पॉलिटेक्निक प्रवेश परीक्षा का फॉर्म भर चुके हैं।

एसडीएम ने पोलिंग बूथों का किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। कालपी

आगामी 20 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिये प्रशासन के द्वारा इंतजाम किये जा रहे हैं। वुधवार को एसडीएम हेमंत पटेल ने महेवा बिकास खंड के आधा दर्जन से अधिक ग्रामों के पोलिंग बूथों का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिया कि पोलिंग बूथों में मतदाताओं की सुविधाओं के लिए व्यवस्था मुकम्मल रहना चाहिए।

उपजिलाधिकारी हेमंत पटेल ने प्राथमिक विद्यालय नूरपुर, कन्या उच्चतर विधालय नसीरपुर तथा प्राथमिक विद्यालय सधारा, प्राथमिक विद्यालय हैदलपुर, प्राथमिक विद्यालय आदि स्थानों के पोलिंग बूथों का निरीक्षण किया। उन्होंने सम्बन्धित कर्मचारियों को हिदायत दी कि पोलिंग बूथों में मतदान के पहले बिजली, पानी, सफाई, रोशनी तथा रैंम्प की पर्याप्त व्यवस्था की जानी चाहिये।इसमें किसी भी प्रकार की उदासीनता को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। पोलिंग बूथ को निरीक्षण के दौरान उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के मुताबिक पोलिंग बूथों में उचित व्यवस्था रहेगी। उन्होंने कहा कि सभी पोलिंग बूथों मे मतदाताओं की सुविधाओं की किसी भी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी क्षेत्र के पोलिंग बूथों का निरंतर भ्रमण किया जायेगा।

janexpressnews janexpresslive janexpresslive

कानपुर नगर एक्सप्रेस

www.janexpresslive.com/epaper हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस । लखनऊ । गुरुवार । 09 मई 2024

मौसम पूर्वानुमान

पूर्वानुमान

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, अगले पांच दिनों में हल्के से मध्यम बादल छाए रहने के आसार हैं मध्य तेज हवाओं एवं मेघ गर्जना के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की से मध्यम बारिश की कोई संभावना है।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 42.2 (+1.7)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 23.4 (-0.4)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 43 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 12 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 5.5 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर पश्चिम
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक



कानपुर विकास प्राधिकरण समेत कई विभागों के भ्रष्टाचार से जनता है परेशान

*** जोन दो में तैनात अवर अभियंता अरविंद उपाध्याय और पीके वर्मा ने प्राधिकरण को पहुंचाई है करोड़ों रुपए के राजस्व की क्षति**

जन एक्सप्रेस । कमलेश फाइटर

कानपुर नगर। संपूर्ण देश में लोकसभा चुनाव चल रहे हैं, और चौथे चरण के चुनाव में कानपुर लोकसभा, अकबरपुर लोकसभा, का मतदान आगामी 13 में को होना है। लेकिन उससे पहले जनता के बीच इस बार कानपुर नगर के कुछ सरकारी विभागों के विरुद्ध रोष है, खुला करके जनता तो कुछ नहीं कह पा रही है लेकीन पीठ पीछे इन विभाग में तैनात जिम्मेदारों अधिकारियों कर्मचारियों को कोस जरुर रही है। जिन विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों को कोसा जा रहा है उन में मुख्यतः डूडा ,कानपुर विकास प्राधिकरण, कानपुर नगर निगम, बिजली विभाग, और जीएसटी विभाग शामिल हैं। बहुत से ऐसे पीड़ित रोजाना सामने आ ही जाते हैं जो अपना दर्द बयां करते हुए बताते हैं कि सरकार ने ईमानदारी से जनता जनार्दन को राहत पहुंचाने के लिए योजनाएं जरूर बनाई लेकिन उन्हें धरातल पर लाने का काम जिम्मेदार अधिकारियों का था। लेकिन इन विभागों ने गरीबों के साथ सौतेला व्यवहार किया है।

गरीबों को बेघर करने वाले प्राधिकरण को कान्हा गैलेक्सी का क्यों नहीं दिखा अवैध निर्माण

जीटी रोड के किनारे ही गैर कानूनी तरीके से नियम मानकों को ताक पर रखकर कान्हा गैलेक्सी ने शॉपर स्टॉप नाम का मॉल बनाया है। इसका फुटपाथ पर अवैध कब्जा नगर निगम को भी नहीं दिखाई दिया। इस शॉपर्स स्टॉप की जगह अगर कोई गरीब अपना झोपड़ा बना रहा होता तो प्राधिकरण और नगर निगम उसे उजाड़ देता। अगले अंक में पढ़िए कौन-कौन सी बिल्डिंग रेजिडेंशियल से हो गई कमर्शियल कहां मलिन बस्ती की जमीन पर करवा रहे हैं जेई साहब कब्जा।

नगर निगम ने फुटपाथ कब्जे का हवाला देकर गरीबों को हटाया अमीर स्थापित

नाम न छापने की शर्त पर सैकड़ों गरीबों ने जन एक्सप्रेस संवाददाता से अपना दुख साझा करते हुए बताया कि सरकार में फुटपाथ कब्जा करने की बात कहकर तथा झोपड़ी डालकर रहने वालों को नगर निगम ने उजाड़ दिया। वहीं दूसरी ओर बड़ी-बड़ी इमारत वालों ने शहर में फुटपाथ पर जमकर कब्जे किए हुए हैं उनके कब्जे नहीं हटाए गए।

डूडा ने गरीबों संग की मनमानी

जिला नगरीय विकास अभिकरण डूडा को सरकार ने गरीबों को मकान के लिए लोन उपलब्ध कराने के साथ-साथ कई योजनाओं को जनता तक पहुंचाने का लक्ष्य दिया था। लेकिन इस विभाग में जिम्मेदार अधिकारियों ने अपने दलालों के माध्यम से खूब मलाई काटी और जनता को ठगा गया। जिसने घूस दी उसे मकान बनाने के लिए राशि उपलब्ध कराई गई जिसे गरीब होने का हवाला दिया उसे कुछ नहीं मिला। डूडा का गड़बड़ घोटाला खुद बीजेपी विधायक महेश त्रिवेदी ने पूर्व में पकड़ा था और आरोपी दलालों को जेल भी भिजवाया था।

जीएसटी विभाग ने भी कर रखा है परेशान

सैकड़ो ऐसे छोटे व्यापारी मिले जिन्होंने अपना दर्द बयां करते हुए बताया कि शहर में जीएसटी विभाग के लोग चौराहों पर मिल जाते हैं छोटे मोटे लोगों को खूब परेशान किया जाता है। वहीं दूसरे बड़े व्यवसाईयों को खास करके पान मसाला और बड़े बड़े उद्योगपतियों को कोई छूता तक नहीं है।

मोदी योगी से जनता है खुश

जनता के जितने भी लोगों से जन एक्सप्रेस संवाददाता ने संपर्क साधा उन्होंने अपना दर्द बयां किया लेकिन उन्होंने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को कतई बुरा भला नहीं कहा। उनका स्पष्ट रूप से कहना था कि जिम्मेदार अधिकारी बातों को दबा लेते हैं कारण यह है कि उनके नीचे तैनात अधिकारी और कर्मचारी ढंग से..... रहे हैं।

कानपुर विकास प्राधिकरण पर तो जमकर बरस रही पब्लिक

शहर की जनता सबसे ज्यादा कानपुर विकास प्राधिकरण से खफा है। जनता का कहना है कि कानपुर विकास प्राधिकरण में रोजाना चक्कर लगाते हैं सालों से चक्कर लगाने के बाद भी किसी का काम समय से नहीं हुआ है बिना चढ़ावा चढ़ाए कोई भी फाइल आगे नहीं बढ़ती है। अगर सरकार और विभाग परेशान लोगों का ब्योरा मांगेंगे तो उसे जन एक्सप्रेस उपलब्ध भी करा सकता है। परेशानों की लिस्ट में प्रधानमंत्री आवास योजना, फर्जी रजिस्ट्री कराने वाले गैंग, आवंटन संबंधी मामले, और प्रवर्तन विभाग द्वारा किया जा रहा भ्रष्टाचार शामिल है।

पूरे शहर में अवैध और मानक विहिन निर्माणों की भरमार

कानपुर विकास प्राधिकरण के अंतर्गत चार जोन आते हैं। इन जोनों में सरकार की नीति और प्राधिकरण के नियमों की अनदेखी जमकर हो रही है। प्रवर्तन में तैनात जिम्मेदार अवर अभियंता और सुपरवाइजर जमकर मौज काट रहे हैं। प्राधिकरण के अरबों रूपए के राजस्व को जमकर जमकर क्षति पहुंचाई जा रही है।

जोन दो में अवर अभियंता अरविन्द उपाध्याय, पीके वर्मा ने अतिरिक्त तलों और मानक विहिन निर्माणों की भरमार

कानपुर विकास प्राधिकरण के जोन दो में लाजपत नगर, दर्शन पुरवा, पांडू नगर, पनकी, रावतपुर, सर्वोदय नगर, शास्त्री नगर, कौशलपुरी, एम ब्लॉक काकादेव, सर्वोदय नगर आदि क्षेत्रों में जमकर मानक विहिन अवैध निर्माण हुए हैं और अतिरिक्त तल भी जमकर पड़े हैं।





अरविन्द उपाध्याय पीके वर्मा ने रेजिडेंशियल में बन जाने दिए कॉमर्शियल निर्माण

कानपुर विकास प्राधिकरण के जोन दो में अवर अभियंता अरविन्द उपाध्याय और पीके वर्मा ने रेजिडेंशियल में सैकड़ों कॉमर्शियल निर्माण हो जाने दिए।

करोड़ों के राजस्व को पहुंचाई क्षति

जोन दो के अवर अभियंता अरविंद उपाध्याय और पीके वर्मा के द्वारा बिल्डरों को पहुंचाए गए अवैध लाभ के कारण सरकार और प्राधिकरण को करोड़ों रुपए के राजस्व की क्षति हुई है।

यू.पी. कैटेट की ऑनलाइन आवेदन भरने की अंतिम तिथि बढ़ी

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

उत्तर प्रदेश संयुक्त कृषि एवं प्रौद्योगिकी प्रवेश परीक्षा 2024 (यू.पी.कैटेट) की ऑनलाइन आवेदन भरने की अंतिम तिथि को 7 मई से बढ़ाकर 17 मई 2024 कर दिया गया है

यह जानकारी देते हुए चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के कुलसचिव डॉ.पी.के.उपाध्याय ने बताया कि उत्तर प्रदेश के पांचो कृषि विश्वविद्यालय यथा सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मेरठ, चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर, आचार्य नरेंद्र कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय अयोध्या, बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय बांदा तथा महात्मा बुद्ध कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुशीनगर से संबंधित विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन अब 17 मई तक व आवेदन शुल्क दिनांक 18 मई तक जमा कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि छात्र छात्राएं पाठ्यक्रम, परीक्षा अहर्ता, शुल्क, सीटों की संख्या एवं सूचना विवरणिका कृषि विश्वविद्यालय मेरठ की निर्धारित वेबसाइट http://upcatet .org या www.svpuat.edu.in पर जाकर ले सकते हैं।

मोटोकॉर्प कंपनी ने 106 बच्चों का चयन किया

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

राजकीय आईटीआई पांडू नगर कानपुर में नोडल प्रधानाचार्य डॉ.नरेश कुमार के नेतृत्व में बुधवार को रोजगार मेले का आयोजन हुआ। जिसमें हीरो मोटोकॉर्प कंपनी के प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभागी 334 बच्चों में कुल 106 बच्चों का चयन किया गया।

इस अवसर पर श्रवण शुक्ला, प्लेसमेंट अधिकारी प्रमोद कुमार पाण्डेय, विभव शुक्ला आदि लोग मौजूद रहे।

डायट कानपुर देहात तथा डायट कानपुर नगर के साथ हुआ एमओयू

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविध्यालय के कुलपति प्रो. विनय पाठक की उपस्थिति में विश्वविद्यालय के शिक्षक शिक्षा विभाग का बुधवार को डायट कानपुर देहात तथा डायट कानपुर नगर के साथ एमओयू हुआ। इस एमओयू के माध्यम से शिक्षा के सैद्धांतिक एवं व्यवहारिक पक्षों का प्रभावपूर्ण क्रियान्वयन तथा इन्हें अधिक उत्पादक बनाए जाने व शोध तथा शिक्षण के लिए दोनो ही संस्थाओं का परस्पर संयुक्त प्रयास इनकी सार्थकता को और बढ़ावा देगा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय कुलसचिव डॉ.अनिल यादव, डीडीआर कानपुर मंडल कानपुर/प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) कानपुर देहात राजू राणा, एडी बेसिक कानपुर मंडल कानपुर/प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) कानपुर नगर राजेश वर्मा,प्रवक्ता डायट कानपुर डॉ. मोनिका, विभागाध्यक्ष स्कूल को टीचर एजुकेशन डॉ. रश्मि गोरे सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

दबिश में पकड़ी गई 48 लीटर अवैध शराब

जन एक्सप्रेस/अमेठी। अवैध शराब के विरुद्ध चलाये जा रहे प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत,डीएम अमेठी व उपआबकारी आयुक्त अयोध्या प्रभार के निर्देशन तथा पुलिस अधीक्षक व जिलाआबकारी अधिकारी अमेठी के पर्यवेक्षण में बुधवार को जनपद में गठित टीम द्वारा ग्राम मूर्ती का पुरवा कसरांवा, कोहरा पसियान और सधान सिंह का पुरवा में आकस्मिक दबिश दी गयी।दबिश के दौरान क्षेत्र तीन के थाना बाजार शुकुल के अन्तर्गत ग्राम मूर्ती का पुरवा से अड़तालिस लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई।तथा लगभग 150 किलो लहन मौके पर नष्ट किया।इस कार्यवाही में तीन अभियोग आबकारी अधिनियम में पंजीकृत किया गया।साथ ही आबकारी दुकानो का सघन निरीक्षण किया गया।और ग्राम वासियो को अवैध शराब पीने से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करते हुए विभाग के टोल फ्री नम्बर अथवा संबंधित निरीक्षक के मोबाइल नम्बर पर अवैध शराब के निर्माण, बेचने व रोकथाम हेतु सूचना देने की अपील की गई।इस दौरान रोड ढाबों एवं कबाड़ के दुकानो की चेकिंग भी की गई।

17 दिवसीय स्वदेश उत्सव विविध कला कार्यशाला का मुख्य अतिथि प्रज्ञा श्रीवास्तव ने किया शुभारंभ

हर व्यक्ति को आत्मनिर्भर होना चाहिए: प्रज्ञा श्रीवास्तव

जन एक्सप्रेस। अयोध्याधाम

सागर कला भवन अयोध्या के स्थापना दिवस एवं भारतीय कला दिवस, टैगोर जयंती के अवसर पर सत्रह दिवसीय विविध कला कार्यशाला का शुभारंभ हुआ, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रज्ञा श्रीवास्तव ने सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन करके कैनवास पर चित्र उकेर कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम मुख्य अतिथि प्रज्ञा श्रीवास्तव समाजसेविका को माल्यार्पण एवं पट्टिका सप्रेम भेंट कर संस्था अध्यक्ष एस बी सागर प्रजापति, सचिव श्रीमती प्रतिभा यादव एवं अन्य पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से स्वागत सम्मान किया साथ ही मंच पर उपस्थित कार्यक्रम अध्यक्ष बसंत राम को माल्यार्पण पट्टिका भेंट कर स्वागत सम्मान संस्था अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों ने किया। अतिथि डॉक्टर विनय प्रकाश मौर्य को माल्यार्पण एवम पट्टिका भेंट कर स्वागत सम्मान किया। संस्था अध्यक्ष सागर का सम्मान अतिथि बसंत राम ने माल्यार्पण पट्टिका भेंट कर किया। सागर कला भवन के अध्यक्ष एवं निदेशक ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी संस्था के स्थापना दिवस पर सत्रह दिवसीय विविध कला कार्यशाला के अन्तर्गत चित्रकला, मूर्तिकला, रिलीफ म्यूरल, क्रॉफ्ट भित्ति चित्रण कार्यशाला का शुभारंभ कर स्थापना दिवस समारोह मनाया गया। 22 मई तक चलने वाले इस कार्यशाला में कलाकार अपने कला रंग का जलवा बिखेरते हुए निर्मित कला के माध्यम से आकृतियां 23 मई, बुद्ध पूर्णिमा के दिन प्रदर्शित होगी, जिसका अवलोकन राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न माध्यमों से होगा और प्रतिभागी कलाकारों को सम्मान समारोह में पुरस्कार, प्रमाण पत्र आदि के साथ सम्मानित किया जाएगा उससे युवाओं में लोक कला, अयोध्या शैली एवं पुरानी संस्कृति की भावना उत्पन्न होगी साथ ही बच्चे कला सीख कर आत्मनिर्भर भी बनेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रज्ञा श्रीवास्तव समाजसेविका ने कहा हर व्यक्ति को आत्मनिर्भर होना चाहिए जिस क्षेत्र में रुचि हो उस प्रतिभा को अपना कर आगे बढ़ना चाहिए साथ ही इंसान के अंदर सभी के प्रति आदर एवं मानवता के साथ समाज सेवा की भावना भी होनी चाहिए। कार्यक्रम अध्यक्ष बसंत राम ने सभी को स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा कि जीवन भी एक कला है जिसमें सुख-दुख आते जाते हैं अपने लक्ष्य पर कार्य करने वाला व्यक्ति सफल जरूर बनता है अतिथि विनय प्रकाश मौर्य ने उत्साहवर्धन करते हुए संस्था परिवार को स्थापना दिवस की बधाई दी और कहा कि कला के माध्यम हम अपनी भावनाओं को उकेर कर उन्हे जीवंत कर सकते हैं। संस्था अध्यक्ष एस बी सागर ने सभी अतिथियों का स्वागत एवं धन्यवाद किया । समारोह संचालक श्रीमती प्रतिभा यादव ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया । अन्तिम में स्वदेश यशगान एवं राष्ट्रगान के उपरांत कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से एकता रस्तोगी, श्री लक्ष्मी चेरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष आशीष श्री, कोषाध्यक्ष रिंकी यादव, स्वदेश संस्थान के सचिव/कोषाध्यक्ष राम आशीष, पवन कुमार, वन्दना शाह, अरुण यादव, अंजू यादव तथा प्रतिभागी कलाकारों में मुख्य रूप से रिद्धिमा गुप्ता , पल्लवी , प्रिया रावत , अक्षत सिंह, काजल मौर्या, अंशिका मौर्य, देवांशी यादव, आंचल सोनकर, मानसी गोड, विवेक सिंह, सेजल मौर्या, स्वाति, यशस्वी सिंह, रुचि वीरेंद्र कुमार, सहित 51 कलाकार उपस्थित रहे।

फास्ट फॉरवर्ड

चोरों ने घर में सेंध लगाकर ज़ेवरात सहित नगदी किया पार

जन एक्सप्रेस/अंबेडकर नगर। जनपद के सम्मनपुर थाना क्षेत्र के कटघर मूसा गांव में बीती रात चोरों ने घर में सेंध लगाकर जेवरात समेत नगदी पार कर दिया। मामले में पुलिस जांच पड़ताल कर रही है। कटघर मूसा गांव निवासिनी हसीना खातून पत्नी स्वर्गीय मोहम्मद नसीर ने बताया कि बीती रात वह अपनी दोनों बच्चियों के साथ खाना पीना खाकर सो रही थी। इसी बीच रात में किसी समय चोरों ने घर की दीवाल में नकब लगाकर कमरे में घर में घुसकर मझली बिटिया की शादी के लिए रखे गए जेवरात समेत दस हजार की नगदी व गुल्लक जिसमे की करीब सात हजार रुपये थे। चोरों ने सब साफ कर दिया। सुबह होने पर इसकी जानकारी जब हुई तो वह सन्न रह गई। बताया कि करीब 1 साल पूर्व उनके पति की हार्ट अटैक से मौत हो चुकी है। बड़ा बेटा मुंबई में रहकर लेबर का काम करता है पीड़िता का कहना है कि चोरी से उसका लगभग 80 हजार रुपए का नुकसान हुआ है। सम्मनपुर थानाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने बताया कि उक्त चोरी की तहरीर मिली है, जांचोपरांत कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

08 से 14 तक पोर्टल पर शिक्षण संस्थानों का सीट वेरिफिकेशन/फीस सत्यापन करें: जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी

जन एक्सप्रेस/रायबरेली। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी ने पत्र के माध्यम से जिला समाज कल्याण अधिकारी से कहा है कि शासन द्वारा निर्देश प्राप्त है कि अन्य पिछड़े वर्ग छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति हेतु आवेदित छात्रो, जिन्हे छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति का भुगतान विश्वविद्यालय/एफिलियेटिंग एजेन्सी/जिला समाज कल्याण अधिकारी द्वारा शिक्षण संस्थान की सीट वेरिफिकेशन/फीस सत्यापन हेतु कार्यवाही पोर्टल पर लम्बित रहने के कारण नहीं किया गया है। उक्त कार्यवाही पूर्ण कर उन छात्रो को वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु उपलब्ध बजट की सीमा के अन्तर्गत रहते हुए नियमानुसार छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति भुगतान किये जाने के निर्देश प्राप्त हुए है। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी ने कहा है कि विश्वविद्यालय/एफिलियेटिंग एजेन्सी/जिला समाज कल्याण अधिकारी के स्तर से शिक्षण संस्थान का सीट वेरिफिकेशन/फीस सत्यापन कराने हेतु राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र (राज्य इकाई), योजना भवन लखनऊ द्वारा सन्दर्भगत प्रकरण में कार्यवाही किये जाने हेतु पोर्टल 08 मई से 14 मई 2024 तक खोला गया है। उन्होंने कहा है कि पोर्टल पर शिक्षण संस्थानो का सीट वेरिफिकेशन/फीस सत्यापन समयान्तर्गत कराने हेतु आवश्यक कार्यवाही करें।

अक्षय तृतीया पर बाल विवाह की सूचना वन स्टॉप सेंटर, 181 महिला हेल्पलाइन/1098 चाइल्ड हेल्पलाइन नं0 व नजदीकी थाने पर दें: जयपाल वर्मा

जन एक्सप्रेस/रायबरेली। जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा ने बताया है कि समाज के कुछ लोगों द्वारा लड़के और लडकी का विवाह निर्धारित आयु 21 एवं 18 वर्ष के पूर्व ही कर दिया जाता है। प्राय: इस प्रकार के विवाह अक्षय तृतीया के अवसर पर होते है, जबकि इस सम्बन्ध में बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अन्तर्गत बाल विवाह होने पर 02 वर्ष की सजा अथवा 100000 रूपये का जुर्माना अथवा दोनों का प्राविधान है। इस वर्ष अक्षय तृतीया 10 मई 2024 को है। उन्होंने सभ्यजनों से कहा है कि बाल विवाह को हतोत्साहित करें तथा बाल विवाह की किसी भी घटना के सम्बन्ध में सूचना कार्यालय जिला प्रोबेशन अधिकारी, रायबरेली के दूरभाष संख्या 7518024020/वन स्टॉप सेंटर, रायबरेली/181 महिला हेल्पलाइन/1098 चाइल्ड हेल्पलाइन नं0 व अपने नजदीकी थाने पर दे सकते हैं।

ई0वी0एम0, वी0वी0पैट मशीनों का किया गया द्वितीय रेंडमाइजेशन सम्पन्न

जन एक्सप्रेस/रायबरेली। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत कलेक्ट्रेट स्थित एन0आई0सी0 सभागार में ई0वी0एम0, वी0वी0पैट मशीनों का द्वितीय रेंडमाइजेशन मा0 सामान्य प्रेक्षक प्रियातु मण्डल,जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर,पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल तथा चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों एवं उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया। रेंडमाइजेशन के उपरान्त ई0वी0एम0, वी0वी0पैट मशीनों की सूची चुनाव लड़ने वाली प्रत्याशियों तथा उनके प्रतिनिधियों को उपलब्ध करायी गयी।

सामान्य प्रेक्षक ने मतदान बूथ का लिया जायजा

जन एक्सप्रेस/रायबरेली। सामान्य प्रेक्षक श्री मंडल ने जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर के साथ गोरा बाजार स्थित केंद्रीय विद्यालय में बने मतदान बूथ का निरीक्षण किया। यहां पर उन्होंने साफ सफाई, पेयजल, विद्युत ,शौचालय, रैम्प, सेड,फर्नीचर आदि का निरीक्षण किया। निर्देश दिया कि सभी तैयारियां समय रहते पूरी कर ली जाए। जिससे कि मतदान के दिन किसी प्रकार की दिक्कत ना आने पाए।

ईवीएम का गोरा बाजार स्थित स्ट्रांग रूम में स्थानांतरण

जन एक्सप्रेस/रायबरेली। जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर ने पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल के साथ राजनीतिक दलों के प्रतिनिधिगणों की उपस्थिति में सदर तहसील स्थित ईवीएम गोदाम से ईवीएम मशीनों का स्थानांतरण गोरा बाजार स्थित स्ट्रांग रूम में कराया। यह स्थानांतरण सुरक्षा बलों की कड़ी निगरानी में कराया गया।

भाजपा कार्यकर्ताओं का धुंआधार प्रचार जारी

जन एक्सप्रेस/महबूबगंज- अयोध्या। भारतीय जनता पार्टी 55 लोकसभा चुनाव सांसद पद प्रत्याशी रितेश पाण्डेय को आने वाली 25 मई को पड़ने वाले मतदान को अधिकतम मत देने का आवाहन किया जा रहा है द्य इसी क्रम में बूथ स्तर के कार्यकर्ता चुनाव प्रचार करते हुए रितेश पाण्डेय को सांसद बनाने के लिए लगातार जनसंपर्क अभियान कर रहे हैं द्य प्रत्येक घर जाकर पम्प लेट चिपकना, लोगों से भाजपा की उपलब्धियों को भी गिनाना और भविष्य में होने वाले फायदे गिना कर वोट माँगने का कार्य कर रहे है द्य सेक्टर उनियार में आज जनसंपर्क अभियान करते हुए सभी सम्मानित जनों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर अपनी मताधिकार का प्रयोग करें अपील किया जिसमें मुख्य रूप से मंडल मंत्री रामचंद्र विश्वकर्मा , सेक्टर संयोजक संतोष यादव दिव्यांग, बूथ अध्यक्ष राजेश मौर्य , रामनिवास मौर्य जी सचिन मौर्य , मायाराम यादव , प्रभाकर मौर्य, जे0 पी0 कुशवाहा जी चंचल सहित सम्पूर्ण गावों में सम्पर्क किया गया द्य इसी क्रम में मछुवारा प्रकोष्ट के जिला संयोजक शिव दास मांझी के निर्देशन में आज उनियार, हरदी, कादीपुर में सघन जनसंपर्क अभियान किया गया द्य इस अवसर पर गजेंद्र पांडेय , राम जी वर्मा, राकेश मौर्य, अलोक उपाध्याय भी मौजूद रहे।

दिनेश का प्रताप और मोदी का मान बढ़ायेंगे देश के पचीस लाख इलेक्ट्रो होमियोपैथी परिवार: डा0 आनन्द सिन्हा

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

सिन्हा इलेक्ट्रोहोमियो अनुसंधान केन्द्र गाजियाबाद के निदेशक डा0 के.पी. सिन्हा एवं उप निदेशक डा0 प्रभात सिन्हा के कुशल दिशा-निर्देशन में पूरे देश के सभी इलेक्ट्रोहोमियो चिकित्सक एवं चिकित्सक परिवार से भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में वोट देने की अपील की गयी, जिसका कारण देश के प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी के सरकार में इलेक्ट्रोहोमियोपैथी पद्धति से कैंसर जैसे रोग पर सफल इलाज के कारण दिल्ली एम्स और नेशनल इंस्टीट्यूट आफ कैंसर झझर, हरियाणा के साथ मिलकर कार्य करने के प्रस्ताव को डिपार्टमेन्ट आफ बायो टेक्नोलाजी में प्रस्तावित किया गया है, जो कि एप्रूवड हो चुका है, जिससे लाखो इलेक्ट्रोहोम्योपैथ चिकित्सकों का भविष्य उज्जवल हो जायेगा और सम्पूर्ण विश्व में इलेक्ट्रोहोम्योपैथी स्वास्थ्य महकमे की रीढ़ बन जायेगी और प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी की सोच कि भारत विश्वगुरू बनेगा, इसका नज़ीर इलेक्ट्रोहोम्योपैथी बनेगी। नेशनल कोआर्डीनेटर (सेहक) डा0 आनन्द सिन्हा ने बताया कि रायबरेली लोकसभा के प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह ने इलेक्ट्रोहोम्योपैथी के सम्मान एवं विधान के लिए लगातार वर्ष 2010 से अनेकों सभायें आयोजित करके अपने अन्तिम परिणाम तक तटस्थ रहे, जिसका प्रमाण और परिणाम को नजरन्दाज नहीं किया जा सकता और वह दिन दूर नहीं होगा जब दिल्ली के सदन से सांसद की हैसियत से वह पूरे देश में इलेक्ट्रोहोम्योपैथ चिकित्सकों को धन्यवाद प्रदान करेंगे। श्री सिन्हा ने बताया कि वर्ल्ड कैंसर कांग्रेस 2024 जेएनयू में आयोजित किया गया था, जिसमें 27 देश के चिकित्सक एवं वैज्ञानिक उपस्थित रहे, जिसमें दिल्ली एम्स के रेडीएशन एण्ड एंकालाजिस्ट डा0 जीके रथ एवं दिल्ली एम्स के बायोकेमेस्ट्री के प्रोफेसर डा0 अशोक शर्मा ने संयुक्त रूप से कहा कि पचास प्रतिशत कैंसर पर सभी चिकित्सीय पद्धतियों ने मिलकर कार्य किया, शेष पचास प्रतिशत कार्य इलेक्ट्रोहोम्योपैथी चिकित्सा पद्धति से मिलकर पूर्ण हो सकती है। मोहना लालमणि सिन्हा पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट की डायरेक्टर डा0 आभा सिन्हा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व की हैसियत से कार्य करने वाले पर्यायवरण राज्य मन्त्री अश्वनी कुमार चौबे की प्रेरणा एवं कार्य की प्रशंसा एवं इलेक्ट्रोहोम्योपैथी की दवाओं के परिणाम से मुरीद होकर के जो कदम उठाये गये हैं, वह वास्तव में एतिहासिक एवं चुनौतीपूर्ण था, लेकिन कर दिखाया। डा0 कुलदीप सेन ने बताया कि भारत सरकार द्वारा पहली बार 13 फरवरी 2019 को प्रथम आमन्त्रण इलेक्ट्रोहोम्योपैथिक चिकित्सक की हैसियत से सम्पूर्ण भारत में कार्य करने का अवसर दिया, जो कि एक सराहनीय पहल थी, जिसके कारण हम सभी पच्चीस लाख इलेक्ट्रोहोम्योपैथी परिवार भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में वोट देने का निर्णय लेते हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डा0 अरूण श्रीवास्तव, डा0 राजेन्द्र प्रसाद वर्मा, डा0 राहुल वर्मा, डा0 आरबी सिंह राठौर, डा0 आरएन विश्वकर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

पग्चासी से अधिक एवं दिव्यांग मतदाताओं के मतदान की प्रक्रिया 14 व 15 मई को

जन एक्सप्रेस। अमेठी

जनपद के 85 वर्ष से अधिक एवं दिव्यांग मतदाताओं जिनके द्वारा फार्म-12डी पर डाक मतपत्र के माध्यम से मत देने हेतु आवेदन दिया गया है,उनके मतदान कराये जाने की प्रक्रिया चौदह एवं पंद्रह मई को होगी।उप जिला निर्वाचन अधिकारी अर्पित गुप्ता ने बताया कि 14 एवं 15 मई को प्रातः 9ः00 बजे से शाम 5ः00 बजे तक मतदान पार्टियों के माध्यम से घर-घर जाकर डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान प्रक्रिया संपन्न कराई जाएगी।उन्होंने ने बताया कि निर्धारित तिथियों पर प्रातः 8 बजे सम्बन्धित तहसीलों में उपस्थित होकर मतदान पार्टियों द्वारा मतदान हेतु आवश्यक सामग्रियों एवं मतदाताओं की सूची के अनुसार डाक मतपत्र,सम्बन्धित सहायक रिटर्निंग आफिसरों के माध्यम से प्राप्त करने हेतु मजिस्ट्रटों की देखरेख में निर्धारित समयावधि में मतदान प्रक्रिया को सम्पन्न कराना सुनिश्चित किया जायेगा।मतदाताओं को डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराये जाने के लिए लोकसभा,विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रवार,टीमवार मतदान कार्मिकों की टीम गठित किया गया है।तथा समस्त मतदान पार्टियों के सदस्यों को निर्देशित किया कि सम्बन्धित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के सहायक रिटर्निंग आफिसरों से अनुपस्थित मतदाताओं की सूची एवं मतदान स्थलों पर जाने से सम्बन्धित रूट चार्ट एक दिन पूर्व प्राप्त करायेंगे।और प्राप्त सूची व रूट चार्ट के अनुसार समस्त मतदान पार्टियॉ सम्बन्धित मजिस्ट्रेट की देखरेख में गन्तव्य स्थान पर पहुंच कर डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान प्रक्रिया हेतु आयोग के निर्देशानुसार सम्पन्न करेंगी।तथा सम्पूर्ण मतदान प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराते हुए मतदान के बाद निर्धारित प्रारूप पर सम्बन्धित सहायक रिटर्निंग आफिसरों को उपलब्ध कराया जायेगा।उन्होंने बताया कि प्रत्येक मतदान पार्टी में अनिवार्य रूप से एक वीडियोग्राफर,दो सशस्त्र पुलिस बल की ड्यूटी लगाने के साथ ही मतदान पार्टी के गॉव में पहुंचने पर स्थानीय बीएलओ का उत्तरदायित्व होगा कि मतदान पार्टी को आवश्यक सहयोग प्रदान करेंगे।

पुलिस के चंगुल से भागकर हाईटेंशन खंभे के पोल पर चढ़ा सिरफिरा युवक

जन एक्सप्रेस। अम्बेडकर नगर

जनपद के अहिरौली थाने में तहरीर के आधार पर बैठाए गए सिर फिरे युवक ने बुधवार सुबह में थाने से पुलिस के चंगुल से भाग कर हाईटेंशन खंभे के पोल पर चढ़ गया। करीब चार घंटे तक चले हाई वोल्टेज ड्रामे के बाद युवक को नीचे उतारा गया। इस दौरान नीचे उसकी प्रेमिका उसे मनाने में लगी रही। प्रशासन को युवक को उतारने के लिए घंटों मशक्कत करनी पड़ी। आरोप है कि युवक को 4 दिनों से पुलिस ने थाने में बैठाकर रखा था।सूचना के अनुसार अहिरौली थाना इलाके के दरबन गांव निवासी अंकुश गुप्ता इसी थाना इलाके के एक गांव निवासी युवती से प्रेम करता था। बताया जाता है कि तीन दिन पहले युवती के पिता से प्रेमी युवक का किसी बात को लेकर विवाद हो गया, जिसके बाद युवती के पिता की सूचना पर पुलिस युवक को पकड़ कर थाने ले गयी और तीन दिन तक हिरासत में रखा।

बताया जाता है कि बुधवार सुबह युवक शौच करने के बहाने थाने से भाग गया और कुछ दूर पर दरबन गांव के बगल स्थित हाईटेंशन खंभे के पोल पर चढ़ गया। युवक के थाने से भागकर पोल पर चढ़ने की सूचना पर हड़कम्प मच गया और थानाध्यक्ष विवेक वर्मा सीओ तथा अपर पुलिस अधीक्षक मौके पर पंहुच गए। युवक को पोल से उतरने की कोशिश करने लगे, लेकिन युवक मीडिया को बुलाने पर अड़ा रहा।मीडियाकर्मियों के पहुंचने के बाद युवक पोल से उतरा।

लोकसभा सामान्य निर्वाचन की तैयारी की हुई समीक्षा बैठक

जन एक्सप्रेस। अम्बेडकरनगर

सामान्य प्रेक्षक सुहर्ष भगत तथा जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में लोकसभा सामान्य निर्वाचन की तैयारी के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित किया गया। बैठक के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा लोकसभा सामान निर्वाचन के तहत अब तक की गई तैयारी के संबंध में बिंदुवार अवगत कराया गया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन के लोकसभा अंबेडकर नगर के बारे में प्रेक्षक को सामान्य जानकारी से अवगत कराया गया।इसके उपरांत प्रभारी अधिकारियों द्वारा दिए गए दायित्व के बारे में की गई तैयारियो से अवगत कराया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा सुरक्षा व्यवस्था तथा अन्य व्यवस्थाओं को बारे में अवगत कराया गया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन में लगाए गए कार्मिकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम स्वीप कार्यक्रम के द्वारा जनपद में मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु किए गए जन जागरूकता कार्यक्रम तथा अन्य बिंदुओं के बारे में विस्तार पूर्वक अवगत कराया गया। इसके उपरांत समस्त उप जिलाधिकारी द्वारा अपने-अपने विधानसभा में की गई तैयारी के बारे में विस्तार पूर्वक अवगत कराया गया साथ ही साथ प्रभारी अधिकारियो मुख्य चिकित्सा अधिकारी, परियोजना निदेशक, डीसी मनरेगा, वरिष्ठ कोषाधिकारी, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, बंदोबस्त अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी,सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी सहित अन्य प्रभारी अधिकारियों द्वारा अब तक की तैयारी के संबंध में अवगत कराया गया। समस्त प्रभारी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि दिए गए दायित्तों को समय के अंतर्गत पूरा करें जिससे 25 मई को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शकुशल रूप से चुनाव संपन्न कराया जा सके। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक डॉ.कौस्तुभ, मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन, उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.राजकुमार, समस्त उप जिलाधिकारी ,समस्त खंड विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी तथा संबंधित विभाग के अधिकारी/कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

रामलला के दरबार में केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने लगाई हाजिरी

जन एक्सप्रेस। अयोध्या



प्राण प्रतिष्ठा के बाद से लगातार देश के विभिन्न प्रदेशों के राज्यपाल रामलला का दर्शन करने के लिए अयोध्या पहुंच रहे हैं। इसी क्रम में केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान बुधवार को राम लला का दर्शन करने अयोध्या पहुंचे। राज्यपाल का महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पर अधिकारियों ने स्वागत किया। इसके उपरांत भगवान श्रीराम के बाल स्वरूप विग्रह का विधि-विधान से दर्शन पूजन किया।

श्रीराम का दर्शन कर वे भाव विभोर हो गए। राज्यपाल को दर्शन के बाद में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महामंत्री चम्पत राय ने उन्हें श्रीराम चरित मानस की पुस्तक भेंट किया।वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर अतिथियों की सुरक्षा व्यवस्था के लिए चाक-चौबंद इंतजाम किए गए थे। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने कहा मैं जनवरी में दो बार अयोध्या आ चुका हूं, जो भाव उस समय था वही भाव आज भी है। मैं कई बार अयोध्या आ चुका हूं। मैं अयोध्या का पड़ोसी हूं और पहले भी बहुत आता रहा हूं। यह हमारे लिए खुशी नहीं गर्व की बात है। 22 जनवरी के पहले आया था और अब 22 जनवरी के बाद आया हूं, आज केवल भगवान रामलला का दर्शन करने आया हूं।

विभिन्न दलों ने थामा भाजपा का दामन

जन एक्सप्रेस/रुदौली-अयोध्या। रुदौली विधानसभा के विभिन्न दलों के प्रधान, पूर्व प्रधान बीडीसी, पार्टी पदाधिकारियों सहित सैंकड़ों ने सांसद लल्लू सिंह की उपस्थिति में भाजपा का झंडा थामा, केंद्रीय चुनाव कार्यालय 54-लोकसभा फैजाबाद पर रुदौली विधानसभा के बसपा के कोषाध्यक्ष व उपाध्यक्ष साधन सहकारी समिति कपिल देव तिवारी, मत्था नेवादा प्रधान (कांग्रेस) राजेंद्र बहादुर, मीरमऊ प्रधान (सपा) परवेज हुसैन उर्फ लाल बाबू, प्रधान कसारी फैज खान, पूर्व प्रधानगण औहखदीन रावत, राम नरेश यादव, बीडीसीगण राम प्रकाश रावत, राजा बाबू व जगप्रसाद प्रजापति, पूर्व बीडीसीगण धनीराम रावत, समाजवादी पार्टी के लल्लन तिवारी, सुखदेव तिवारी, सत्येंद्र सिंह, दीनदयाल यादव, सत्यनाम रावत, रितेश सिंह, राम सजीवन शर्मा, अनिल शर्मा, हरि रामपाल, राम मूर्ति यादव, नीरज शर्मा, त्रिभुवन, रावत, बंटी रावत सहित सैकड़ों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

प्रियंका गांधी ने नुक्कड़ सभा कर केंद्र सरकार पर साधा निशाना

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

बुधवार को कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने रायबरेली से कांग्रेस प्रत्याशी व भाई राहुल गांधी के समर्थन में जोरदार प्रचार करते हुए कई नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करते हुए भाजपा पर निशाना साधा। तय कार्यक्रम के तहत प्रियंका गांधी को बछरावां विधानसभा के अंतर्गत थूलवांसा, महाराजगंज, कुसुडी सागर, हलोर, गोडघाट, लाही बॉर्डर, गुमावां, शिवगढ़, भवानीगढ़, गूढ़ा, रानीखेड़ा, टिलेंडा, बछरावां, राजामऊ, इचौली, सुदौली के लिए निकली। सबसे पहले प्रियंका गांधी ने थूलवांसा पहुंचकर जनसभा को संबोधित किया। जनसभा में प्रियंका गांधी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के आम जनता के लिए कुछ नहीं किया है। 5 किलो राशन देकर जनता को गुमराह करती आ रही है। भाजपा सरकार ने बड़े-बड़े उद्योगपतियों का कर्ज माफ किया है, लेकिन गरीबों का नहीं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार आएगी तो कर्ज माफी के लिए एक स्थाई आयोग बनाया जाएगा। जिसमें किसानों का कर्ज़ आसानी से माफ हो सकेगा। इस तरह ढेर सारी योजनाएं हैं, जिसको मैं कह नहीं रही हूं। जहां-जहां हमारी सरकारे हैं वहां आप लोग पता कर सकते हैं कि आम जनता को कितनी सुविधाएं मिल रही है। कर्ज माफी, 200 यूनिट फ्री बिजली, महिलाओं को फ्री बस सुविधा यह सब हमारी सरकारी दे रही है। प्रियंका गांधी ने कहा कि लोकसभा चुनाव आने पर 200/- रुपये सिलेंडर का दाम भाजपा कम तो कर दे रही है लेकिन उसके बाद क्या करेगी। जनता को संबोधित करते हुए प्रियंका गांधी ने कहा आपसे हमारा रिश्ता बहुत पुराना है।

ब्रिटिश काल में पंडित मोतीलाल नेहरू ने जवाहरलाल को आपके पास भेजा था। तब से हमारा आपका रिश्ता चल रहा है। राहुल गांधी को अगर आप लोग जिताएंगे तो एक नहीं दो-दो सांसद आपको मिलेंगे। उनके साथ मैं भी आपके लिए काम करूंगी। मैं आपकी हर समस्याओं को दूर करने का काम करूंगी। प्रियंका गांधी की नुक्कड़ सभा में कांग्रेस पार्टी और इंडिया गठबंधन की पार्टी समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive

लखनऊ एक्सप्रेस

www.janexpresslive.com/epaper | हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस । लखनऊ । गुरुवार । 09 मई 2024

तापमान

	अधिकतम	न्यूनतम
लखनऊ	37°C	24°C
कानपुर	39°C	25°C
देहरादून	34°C	22°C
नई दिल्ली	41°C	27°C

फास्ट फॉरवर्ड

बीएड में घटे ढाई लाख से ज्यादा अभ्यर्थी

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। बीएड को लेकर विद्यार्थियों का रुझान और घट गया है। इस बार बुंदेलखंड विवि की ओर से कराई जाने वाली बीएड की संयुक्त प्रवेश प्रवेश में 2.21 लाख छात्र- छात्राओं ने आवेदन करने के बाद फीस जमा की है। पिछले साल के मुकाबले इस बार ढाई लाख से अधिक अभ्यर्थी घट गए हैं। बीयू ने इस साल बीएड में प्रवेश के लिए 10 फरवरी से पंजीकरण खोले थे। शासन ने दो बार आवेदन की तिथि बढ़ाई। कुलसचिव विनय कुमार सिंह के मुताबिक इस साल 2,83,046 अभ्यर्थियों ने बीएड की प्रवेश परीक्षा के लिए पंजीकरण कराया जिसमें 2,21,323 अभ्यर्थियों ने फीस जमा की है। पिछले साल 4.73 लाख अभ्यर्थियों ने बीएड की प्रवेश परीक्षा के लिए पंजीकरण कराने के बाद फीस जमा की थी। पिछले साल की तुलना में इस बार लगभग 2.52 लाख अभ्यर्थी घट गए हैं। ऐसे में प्रदेश के बीएड कॉलेजों में कई सीटें खाली रह सकती हैं।बीएड के अभ्यर्थियों की संख्या घट जाने से परीक्षा केंद्र भी कम हो गए हैं। पिछले साल प्रदेश के सभी 75 जिलों में बीयू ने केंद्र बनाए थे, मगर इस बार 51 जिलों में ही परीक्षा केंद्र बनेंगे।

जनता ने भाजपा को नकार दिया है-लोकदल

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। लोकदल के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं यूपी प्रभारी जयराम पाण्डेय ने कहा है कि इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों को जनता का खूब समर्थन मिल रहा है। प्रथम ,द्वितीय और तृतीय चरण के चुनाव में इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार विजयी होंगे, क्योंकि मतदाताओं के गठबंधन के पक्ष में मतदान कर रहे है। हार के हतासे से भारतीय जनता पार्टी को जगह-जगह अखंड पाठ करने की जरूरत पड़ रही है। ऐसे में यह साफ दिख रहा है । बीजेपी इन तीनों चरणों में हार रही है। श्री पाण्डेय ने कहा कि यह लड़ाई लोकतंत्र बचाने की है और देश की जनता गठबंधन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। जनता ने भाजपा को नकार दिया है। तीनों चरण हो चुके चुनाव में इंडिया गठबंधन की आंधी चली है। मंगलवार को तीसरे चरण में भी गठबंधन मजबूत स्थिति में रहा है। आगे के जो चरण बाकी हैं उसमें भी इंडिया गठबंधन नंबर वन रहेगा। देश की जनता के साथ भाजपा ने बहुत बड़ा धोखा किया है। 10 वर्षों से भाजपा के नेता जनता से बेरोजगारी, किसानों की आय दुगनी,किसानों को एमएसपी पर झूठ बोलकर जनता को गुमराह किया हैं, लेकिन अब इस तानेबाने को सब समझ चुके हैं। इसका जवाब जनता आगे के चरणों में वोट के चोट से देगी।

राजनाथ के समर्थन में रालोद ने शुरू किया प्रचार

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश महासचिव अम्बुज पटेल ने लखनऊ लोकसभा क्षेत्र के यदुनाथ सान्याल वार्ड के कटरा मकबूल गंज क्षेत्र में एनडीए प्रत्याशी राजनाथ सिंह के समर्थन में घर-घर गली-गली प्रचार प्रसार किया। घर-घर जाकर राष्ट्रीय लोक दल लखनऊ के कार्यकर्ताओं ने एनडीए प्रत्याशी के लिए वोट मांगा और एनडीए प्रत्याशी राजनाथ सिंह को भारी वोटो से जिताने की अपील की। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष राम सेवक रावत, श्रम प्रकोष्ठ के महासचिव महेशपाल धनगर ,प्रोफेशनल मंच के सचिव मुकेश वर्मा ,प्रोफेशनल मंच के लखनऊ के महानगर अध्यक्ष ऋषभ गुप्ता ,एवं युवा लोक दल के पूर्व प्रदेश सचिव सुमित सिंह, पवन तिवारी,अंकित यादव का सहयोग प्राप्त हुआ। प्रचार प्रसार कार्यक्रम में यदुनाथ सान्याल वार्ड के भारतीय जनता पार्टी के शक्ति केंद्र प्रभारी संजू पांडे एवं नगर निगम के पार्षद दल के उपनेता सदन सुशील तिवारी पम्मी भी साथ में उपस्थित रहे।

सेक्टर कल्ली पश्चिम में बैठक संपन्न

जन एक्सप्रेस/ मोहनलालगंज/लखनऊ। अर्जुनगंज मंडल के सेक्टर कल्ली पश्चिम में बैठक संपन्न हुई। उक्त बैठक में सेक्टर संयोजक, सेक्टर प्रभारी, सेक्टर चुनाव प्रबंधन, प्रभारी बूथ अध्यक्ष व पन्ना प्रमुख व सम्मानित व्यक्ति समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे। वरिष्ठ कुंवर रणजीत सिंह सुशील गुप्ता गजेंद्र शर्मा व गुड्डू तिवारी सेक्टर संयोजक व पार्षद पति मनोज रावत व डी के द्विवेदी व समस्त बूथ अध्यक्ष आदि लोग उपस्थित रहे।

प्रवर्तन एजेन्सियों व उडनदस्तों ने पकड़ी भारी मात्रा में अवैध शराब, नकदी

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में प्रवर्तन एजेन्सियों व उडनदस्तों द्वारा अवैध शराब, नकदी आदि की जब्ती संबंधी आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 01 मार्च से 07 मई तक 38446.31 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नकदी आदि जब्त किये गये। इसमें 3454.33 लाख रुपये नकद धनराशि, 4976.41 लाख रुपये कीमत की शराब, 23018.38 लाख रुपये कीमत की ड्रग, 2264.19 लाख रुपये कीमत की बहुमूल्य धातुएं, 2218.29 लाख रुपये कीमत के मुफ्त उपहार एवं 2514.71 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गयी।आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 07 मई को 3821.01 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग व नगदी आदि जब्त की गई। इसमें 25.77 लाख रुपये नकद धनराशि, 46.80 लाख रुपये कीमत की 17806.94 लीटर शराब, 115.92 लाख रुपये कीमत की 106122 ग्राम ड्रग, 71.13 लाख रुपये कीमत की 55811790 ग्राम बहुमूल्य धातुएं, 2218.29 लाख रुपये कीमत के 10553379.36 मुफ्त उपहार एवं 1343.09 लाख रुपये कीमत की 2935781 अन्य सामग्री जब्त की गयी।07 मई को प्रमुख जब्ती में भदोही की ज्ञानपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 30.11 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 100390 ग्राम ड्रग तथा सोनभद्र की घोरावल विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 50 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 25 ग्राम ड्रग पकड़ी गयी।

योगी ने कांग्रेस को बताया विभाजनकारी, कहा, इन्हें विरासत में मिली बांटो और राज करो की नीति

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। तीसरे चरण के मतदान के बाद बुधवार को सीएम योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने कांग्रेस के मैनिफेस्टो को विभाजनकारी बताया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को अंग्रेजों से बांटो और राज करो की नीति विरासत में मिली है। उन्होंने कहा कि इन्होने पहले ही देश का बंटवारा इसी तर्ज पर किया। साथ ही सीएम ने कहा कि इन्होने मुस्लिम लीग का हर कदम पर अनुसरण किया है। कांग्रेस नेता सोनिया गांधी के बयान पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, ष्उल्टा चोर कोतवाल को डांटे। सोनिया गांधी ने यूपीए की चेयरपर्सन के रूप में 2004-2014 के बीच क्या किया था। क्या ये सच नहीं की ओबीसी के आरक्षण पर सेंध लगाने के लिए उस समय जस्टिस रंगनाथ मिश्रा की कमेटी इन्होंने गठित की थी और भाजपा ने उस समय इसका विरोध किया था, इनके मंसूबे पूरे नहीं हो पाए। सीएम योगी ने कहा कि 2024 के इस चुनाव में कांग्रेस का घोषणापत्र ही विभाजनकारी है। भारत में अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़ी जाति के अधिकारों में सेंध लगाने वाला है। सीएम योगी ने कहा कि सोनिया गांधी को सच बोलने की आदत डालनी चाहिए। चुनाव के दौरान जनता की आंखों में धूल झोंक कर अब ये सत्ता नहीं हथिया पाएंगे।

गाड़ी टकराने के विवाद में कार पर पथराव

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। विभूतिखंड थाना अंतर्गत विक्रान्त खण्ड में गाड़ी टकराने के बाद दबंगों ने कार पर पथराव कर उसे क्षतिग्रस्त कर दिया। पीड़ित कार चालक की लिखित शिकायत पर विभूतिखंड पुलिस ने अज्ञात हमलावरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करते हुए घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू कर दिए है।

छोटे भाई की पत्नी को पीटने के बाद दुष्कर्म का प्रयास

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। मोहनलालगंज कोतवाली अंतर्गत एक महिला ने जेठ पर मारपीट करने और दुष्कर्म के प्रयास का आरोप लगाया है। उसका आरोप है कि थाने में तहरीर देने के बाद पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। जिसके बाद उसने पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) दक्षिण तेजस्वरूप सिंह से मामले की शिकायत की। जिनके निर्देश पर मोहनलालगंज पुलिस ने महिला के जेठ पर एफआईआर दर्ज की है।

आकाश आनंद को हटाए जाने को लेकर भिड़े अखिलेश यादव-मायावती, बसपा बोली, अपने परिवार की चिंता करें

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने आकाश आनंद को नेशनल कोआर्डिनेटर के पद से हटाने पर सपा मुखिया अखिलेश यादव के बयान पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि बसपा संगठन में क्या कुछ चल रहा है, इस पर घोर दलित विरोधी सपा अगर कोई टिप्पणी व चिंता नहीं करे तो बेहतर होगा। इसके बदले सपा नेतृत्व को चुनाव में उतारे गए उनके अपने परिवार व उनके यादव समाज के प्रत्याशियों का क्या हाल है, इसकी केवल चिंता करें क्योंकि उन सबका हाल बेहाल है। बसपा सुप्रीमो ने बुधवार को एक्स पर जारी अपने बयान में कहा कि सपा का चाल, चरित्र व चेहरा हमेशा की तरह आज भी दलित, अति-पिछड़ा व संविधान में इनको दिए गए आरक्षण आदि के अधिकारों की विरोधी पार्टी का है। प्रमोशन में आरक्षण को खत्म करना तथा इस संबंध में बिल को संसद में फाड़ना आदि इनके ऐसे कार्य हैं, जिसे माफ करना मुश्किल है। साथ ही, बसपा सरकार द्वारा बहुजन समाज में जन्मे महान संतों, गुरुओं व महापुरुषों के आदर-सम्मान में उनके नाम पर यूपी में बनाए गये जिलों, पार्कों, विश्वविद्यालयों आदि के नाम को जातिवादी सोच के कारण बदलना सपा सरकार के ऐसे कृत्य हैं, जो इतिहास में काले कारनामे के रूप में दर्ज हैं।

मायावती ने विफलता को ढकने के लिए आकाश आनंद को हटाया: अखिलेश

इसके पहले सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि इस चुनाव में बसपा के हाथ से बाजी निकल चुकी है। मायावती का बिना नाम लिए उन्होंने कहा कि बसपा के शीर्ष नेतृत्व ने इस विफलता के कारण ही संगठन में बड़ा फेरबदल किया है। उनका इशारा आकाश आनंद को मायावती के उत्तराधिकारी के साथ-साथ बसपा के नेशनल कोऑर्डिनेटर के पद से हटाने की ओर था। अखिलेश ने एक्स के जरिये कहा कि बसपा ने अपने संगठन में बड़े बदलाव का जो भी कदम उठाया है, वो उनकी पार्टी का आंतरिक विषय है। दरअसल इसके पीछे असली कारण ये है कि बसपा की एक भी सीट आती हुई नहीं दिख रही है। बसपा के अधिकांश परंपरागत समर्थक भी इस बार संविधान और आरक्षण को बचाने के लिए इंडिया गठबंधन को ही वोट दे रहे हैं। सपा अध्यक्ष ने कहा कि बसपा इस बात को अपने संगठन की विफलता के रूप में ले रही है। इसलिए उनका शीर्ष नेतृत्व संगठन में इतना बड़ा फेरबदल कर रहा है, लेकिन अब बाजी बसपा के हाथ से निकल चुकी है। अखिलेश सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट में आगे लिखते हैं कि सच तो ये है कि जब बसपा का प्रभाव क्षेत्र होते हुए भी पिछले तीन चरणों में उनकी एक भी सीट नहीं आ रही है, तो फिर बाकी के चार चरणों में तो कोई संभावना बचती ही नहीं है। अखिलेश ने कहा कि इन परिस्तिथियों में हम सभी वोटरों से अपील करते हैं कि वे अपना वोट खराब न करें। जो बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के संविधान को बचाने के लिए सामने से लड़ रहे हैं, इंडिया गठबंधन के उन प्रत्याशियों को वोट देकर जिताएं और संविधान के संग आरक्षण भी बचाएं। संविधान, आरक्षण और अपना मान-सम्मान बचाना है तो अपना वोट सपा और इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों को दें।

कांग्रेस नेता बोले, जनता भाजपा की हर चाल समझ चुकी है, महंगाई में बदल गया अच्छे दिनों का नारा

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव गुरुदीप सप्पल ने कहा है कि तीन चरणों के चुनाव में साफ हो गया है कि जनता भाजपा की हर चाल समझ गई है। भाजपा का अच्छे दिन का नारा महंगाई में बदल गया। भाजपा जम्मू में उम्मीदवार नहीं उतार पा रही है। प्रदेश कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा ने 10 साल पहले कहा था कि बेटी बचाओ, अब कहानी मणिपुर तक पहुंच गई है। शहरों में सांस लेना मुश्किल हो गया है। सफाई प्रदूषण चरम पर है। टैक्स अब आतंक का रूप बन गया है। मोदी ने बुलेट ट्रेन का सपना दिखाया अब उससे चलाना दूभर हो गया है। सब्सिडी खत्म कर दी गई है। हर मोर्चे पर भाजपा सरकार फेल है। देश पर कर्ज चार गुना हो गया है। 2014 से 24 में कुल कर्ज बढ़कर 205 लाख करोड़ हो गया है। कांग्रेस के घोषणा पत्र में लोगों की रुचि बढ़ी है लेकिन मोदी खुद अपने भाषण में भाजपा के मेनिफेस्टो की बात नहीं कर रहे हैं। देश का उत्पादन घट रहा है इसलिए बेरोजगारी चरम पर है। ये बेरोजगार भाजपा का बोरिया बिस्तर बांध देंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा हर सामान चीन से मंगा रही है। यहां के कारोबार बंद कर रही है।

अस्पताल की लापरवाही से बच्ची का पैर काटा गया, बिना कागज दिए ट्रॉमा सेंटर भेजा गया

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

ऑटो बाईक की टक्कर से घायल बच्ची को मजदूर पिता ने मोहनलालगंज के एक निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया। अस्पताल ने मजदूर से हजारों रुपये ऐंठने के बाद पैर का गलत आपरेशन कर दिया। बेटी की हालत बिगड़ने पर बच्ची को अस्पताल ने ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया लेकिन ट्रॉमा सेंटर मे भी इलाज न मिलने पर मजदूर ने मोहनलालगंज के एक अन्य निजी अस्पताल मे भर्ती कराया। बच्ची की जान बचाने के लिए बच्ची का पैर काटना पड़ा। उन्नाव के असोहा के रहने वाले मजदूर राजाराम ने बताया कि 23 अप्रैल को ऑटो से वह कालूखेड़ा से बेटी कामिनी (13) के साथ वापस घर आ रहे थे तभी रास्ते मे बाईक व ऑटो में टक्कर हो गई जिससे उनकी बेटी घायल हो गई। बच्ची के घायल होने पर वह इलाज के लिए बेटी को मोहनलालगंज स्थित एक निजी अस्पताल ले गए। जहां पर बेटी को कुछ दिन भर्ती करने के बाद उसकी जांघ का ऑपरेशन किया लेकिन आपरेशन बिगड़ गया और बच्ची का पैर नीला पड़ने लगा। इसके साथ ही बच्ची के पैर के पंजे में सड़न शुरू हो गई। पिता का आरोप है कि अस्पताल के डॉक्टर ने कहा कि बेटी की कोई नस खराब हो गई है जिसका इलाज यहां संभव नहीं है और केस बिगड़ने के डर से इलाज के सारे कागज दिए बिना बच्ची को ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया लेकिन बच्ची की हालत लगातार बिगडने और ट्रॉमा सेंटर मे भी इलाज न मिलने पर मजदूर पिता बच्ची को मोहनलालगंज के एक अन्य निजी अस्पताल ले गया। जहां पर पैर में सड़न व सेप्टिक फैलने लगी। निजी अस्पताल में इलाज के बावजूद हालत न सुधरने पर बच्ची का पैर काटकर उसकी जान बचाई गई। अस्पताल के संचालक डॉ. संतोष गुप्ता का कहना है कि बच्ची का इलाज अस्पताल में हुआ था। बच्ची की जांघ की हड्डी टूट गई गई थी व नशे फट गई थीं। इस ऑपरेशन के बाद उसे ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया।

एनसीसी कैडेट्स ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

कोई मतदाता ना छूटे -इस उद्देश्य से तथा लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय के निर्देशानुसार नवयुग कन्या महाविद्यालय, राजेंद्र नगर, लखनऊ द्वारा राजेंद्र नगर वार्ड 90 को गोद लेने का निर्णय लिया गया और उसी के तहत आज एनसीसी कैडेट्स द्वारा प्राचार्य प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय तथा स्वीप संयोजक मेजर (डॉ.)मनमीत कौर सोढ़ी के नेतृत्व में शत प्रतिशत मतदान हेतु राजेंद्र नगर वार्ड के अंतर्गत भाग संख्या 153 से 157 तक के मतदाताओं के घर-घर जागरूकता अभियान चलाया गया और सभी को इस बात के लिए प्रेरित किया गया कि 20 मई 2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन में मतदान अवश्य करें क्योंकि प्रत्येक वोट की कीमत होती है प् सभी नागरिकों के सामूहिक प्रयास से ही देश से ही मायने में विकास की ओर उन्मुख हो सकता है। भाग संख्या 153 से 157 तक में लगभग 5000 मतदाता हैं जो दीनदयाल मार्ग, दुगावा, विधायक निवास, यू पी आई एल तथा महाविद्यालय के आसपास के इलाकों के निवासी हैं। आज के जागरूकता अभियान में कैडेट पलक गुप्ता, नैंसी विश्वकर्मा, महक सिंह, शिप्रा गौतम, ज्योति राजपूत, रेशमा कुमारी, माया यादव, साक्षी सोनकर, सोनल सिंह, शिवानी वर्मा, आयुषी शर्मा, शिवानी पाल, सरिका पटेल आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के लिए स्वीप योजना के अंतर्गत मतदाता जागरूकता हेतु महाविद्यालय द्वारा प्राचार्य प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय तथा स्वीप संयोजक मेजर (डॉ.) मनमीत कौर सोढ़ी के नेतृत्व में दिसंबर 2023 से लगातार विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं जिसके अंतर्गत पोस्टर प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, रंगोली सजावट, 18 वर्ष से ऊपर की समस्त छात्राओं का नव मतदाता पंजीकरण, संभाषण प्रतियोगिता, जाति धर्म और लालच के बिना अपने मताधिकार का प्रयोग करने की मतदाता शपथ, कार्यशाला का आयोजन जिसमें भारत निर्वाचन आयोग के वीडियो द्वारा वोटर हेल्पलाइन, वोटर पोर्टल के माध्यम से मतदान संबंधी जरूरी जानकारी , रैली के माध्यम से महाविद्यालय के निकटवर्ती क्षेत्रों में जन सामान्य को 20 मई को होने वाले मतदान में बड़ी संख्या में अपने मताधिकार का प्रयोग करके सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में भूमिका का निर्वाह करने के लिए प्रेरित किया गया, संकल्प पत्र भरवाये गए और हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से छात्राओं के साथ-साथ परिवार जनों को भी जोडने का प्रयास किया जा रहा है, युवा संसद का आयोजन भी किया गया जिसमें छात्राओं ने बेबाकी से आगामी चुनाव से जुड़े विभिन्न मुद्दों जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं, बेरोजगारी, आरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, महिला अधिकार, नेताओं के लिए अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता पर अपनी बात रखी, लखनऊ के चारबाग मेट्रो स्टेशन पर भी मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया, छात्राओं ने शिक्षा मंत्रालय द्वारा जारी मतदाता जागरूकता संबंधी गीत के माध्यम से भी जन सामान्य से वोट करने की अपील की जिसका प्रसारण लखनऊ दूरदर्शन द्वारा भी किया गया। प्राचार्य प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय तथा स्वीप संयोजक मेजर डॉ. मनमीत कौर सोढ़ी द्वारा निरंतर छात्राओं के सहयोग से पहले मतदान फिर जलपान तथा प्रत्येक वोट की कीमत होती है - इसका प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

लोकसभा चुनाव में विधायकों की अग्निपरीक्षा

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

अट्ठारहवीं लोकसभा के लिए का चुनाव चल रहा है, जिसके तीन चरण पूरे हो चुके हैं। अधिकांश इलाकों में मतदान का प्रतिशत पिछले चुनावो की अपेक्षाकृत कम हुआ है। इलेक्शन कमीशन बराबर प्रयास कर रहा है कि मतदान ज्यादा से ज्यादा हो। ज्यादा मतदान ही सही लोकतंत्र का आधार है। जब सबकी राय शुमारी के बाद हुकूमत बनती है तो जनतंत्र की भावना पूरी होती है। अभी चार चरणों की वोटिंग बाकी है। हर दल, हर गठबंधन या निर्दल, चाहे वो सत्ता में हो या फिर सत्ता से बाहर ,सबका फोकस अपने पाले में अधिकाधिक वोट डलवाना मकसद होता है।यूपी की अस्सी लोकसभा सीटों के लिए इलेक्शन है। यूपी के बारे में कहा जाता है कि जिधर झुकता यूपी उधर ही दिल्ली की सल्तनत। चुनाव भले ही पार्लियामेंट का है, चुनना संसद सदस्य है लेकिन परोक्ष रूप से क्षेत्रीय विधायक का भी इम्तिहान है। अपने असेम्बली क्षेत्र में जितना लोकप्रिय विधायक होगा,उसके मुताबिक उतना ही ज्यादा उसकी पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी को वोट मिलने के आसार होते हैं।कभी कभी देखा जाता है कि या तो लोकसभा चुनाव में क्षेत्रीय विधायक रुचि नही लेते या फिर झुकाव अंदर खाने से कुछ और होता है। घर से निकलते ही नहीं ,केवल मंच पर नजर आते हैं। पार्टी नेतृत्व की नजर में आ जाने पर बाद में अप्रत्याशित निर्णय भी हो जाता है। 2027 में जब विधानसभा चुनाव आयेंगे बातों आज की मेहनत का आंकलन जरूर होगा।लोकसभा चुनाव हैं, लेकिन अग्निपरीक्षा विधायकों की भी है। अपनी-अपनी सीट में प्रत्याशी को जिताने से ही उनका 2027 का भविष्य तय होगा। कन्नौज संसदीय सीट को ही देख लीजिए, यहाँ पांच विधानसभा क्षेत्रों में वर्तमान में चार पर भाजपा का कब्जा है।

एलयू के 21 स्टूडेंट्स को मिला जॉब ऑफर,मनपसंद लोकेशन पर होगी जॉइनिंग

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय के 21 स्टूडेंट्स का चयन पीएसवाई में हुआ है। कंपनी में पहले इंटर्नशिप प्रोग्राम कराया जाएगा। इसके बाद जॉब ऑफर किया जाएगा। इस दौरान छात्रों को बेहतरीन पैकेज के साथ यूपी के कई लोकेशंस पर नौकरी का मौका दिया जाएगा। पीएसवाई कंपनी को भारत सरकार के वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा कॉपीराइट अनुमोदन प्राप्त हुआ है। विश्वविद्यालय ने इस सत्र में रिकॉर्डतोड़ प्लेसमेंट का दावा किया है। एलयू के सीपीसी की डायरेक्टर डॉ.मधुरिमा लाल ने बताया कि सभी चयनित छात्रों को जॉइन करने के निर्देश जारी कर दिए हैं। शुरुआती जॉब ऑफर 50 हजार प्रतिमाह तक का है। इसमें प्रदर्शन के आधार पर मिलने वाला इंटेंसिव भी शमिल है। बताया कि स्टूडेंट्स को लखनऊ के अलावा गोरखपुर सहित प्रदेश के कई महानगरों में जॉब करने का मौका दिया जाएगा। छात्रों के पास अपनी मनपसंद लोकेशन चुनने का मौका होगा। प्रो.लाल ने दावा किया कि प्लेसमेंट सेल हर साल से ज्यादा प्लेसमेंट करा रहा है।

अंसल एपीआई के आवंटियों के नाम रजिस्ट्री पर रोक नहीं, जारी किए गए आदेश

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

यूपी रेरा ने लखनऊ स्थित अंसल एपीआई टाउनशिप के आवंटियों को पूर्ण परियोजनाओं में संपत्ति की रजिस्ट्री करने के आदेश दिए हैं। ऐसे आवंटियों की रजिस्ट्री पर रेरा से रोक नहीं है। रजिस्ट्री से पहले परियोजनाओं के पूर्णता प्रमाण-पत्र यूपी रेरा की वेबसाइट पर अपलोड करना अनिवार्य होगा। यूपी रेरा अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी ने अंसल एपीआई की लखनऊ में सुशांत गोल्फ सिटी हाई-टेक टाउनशिप परियोजना के संबंध में 26 जून 2023 के अपने आदेश पर स्पष्टीकरण जारी किया कि प्रमोटर की जिन परियोजनाओं के पूर्णता प्रमाण-पत्र रेरा लागू होने से पहले मिल गए थे, उनके आवंटियों के नाम रजिस्ट्री की जा सकेगी। रेरा में पंजीकृत जिन परियोजनाओं का पूर्णता प्रमाण-पत्र प्रमोटर को मिल गया है या भविष्य में मिल जाता है, उसे रेरा की वेबसाइट पर अपलोड करने के बाद आवंटियों के नाम रजिस्ट्री की जा सकेगी। अंसल एपीआई टाउनशिप के संतुष्टि एन्क्लेव-1 परियोजना-ब्लॉक-ए, बी-1 व ब्लॉक बी-2, पैराडइज क्रिस्टल परियोजना ब्लॉक-ए, ब्लॉक-बी, ब्लॉक-ई व ब्लॉक-एफ और सेलिब्रिटी गार्डन परियोजना-ब्लॉक/टावर नंबर 8, 9, 11 एवं इसी परियोजना के ब्लॉक/टावर-एफ, जी व एच सहित कुल तीन ब्लॉक/टावर (110) फ्लैट का पूर्णता प्रमाण-पत्र रेरा से पहले जारी हो गया था। इन परियोजनाओं के आवंटियों के नाम रजिस्ट्री हो सकती है।

पश्चिमी विक्षोभ ने गर्मी पर लगाया ब्रेक, कुछ जगह गिरे ओले

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

यूपी में मौसम थोड़ा बदल गया है। अप्रैल के दूसरे सप्ताह से शुरू हुई तीखी गर्मी के बाद बीते दो दिनों का मौसम राहत देने वाला है। बुधवार को करीब-करीब पूरे प्रदेश में लू से राहत रही। आने वाले दो दिनों में भी मौसम ऐसा रह सकता है। प्रदेश के तराई बेल्ट, उत्तराखंड व नेपाल से सटे जिलों में पिछले 24 घंटों में हुई बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। मंगलवार व बुधवार को प्रदेश के पूर्वोत्तर हिस्सों में तेज हवाओं के साथ मध्यम से अच्छी बारिश दर्ज की गई। सिद्धार्थनगर के ककरही में चौबीस घंटे के दौरान 14 सेंटीमीटर बारिश दर्ज हुई। गोरखपुर, महराजगंज आदि जिलों के कुछ इलाकों में गरज के साथ ओले भी पड़े। वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के असर से प्रदेश के तराई बेल्ट, गोरखपुर, महराजगंज, सिद्धार्थनगर, श्रावस्ती, बलरामपुर आदि इलाकों व रामपुर से सटे जिलों में अगले दो से तीन दिन तेज हवा और गरज के साथ हल्की से मध्यम बारिश की संभावना बनी हुई है। हालांकि अगले दो से तीन दिनों में इन इलाकों में अधिकतम व न्यूनतम तापमान में कोई खास बदलाव देखने को नहीं मिलेगा। जबकि पश्चिमी यूपी में आगे अधिकतम तापमान में क्रमिक वृद्धि देखने को मिलेगी।

लखनऊ में रहा मौसम सुहावना

मौसम बदलने का असर राजधानी लखनऊ में भी देखने को मिला। यहां सुबह की शुरुआत हल्की बारिश से हुई। दिन के तापमान में गिरावट हुई। ठंडी हवाएं चलने से शाम का मौसम सुहावना हो गया।

पोस्टर व स्लोगन के जरिए याद दिलाई लोकतंत्र में जिम्मेदारी

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। लोकसभा चुनाव के दौरान मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर परिषदीय विद्यालयों में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। स्कूलों में पत्र लेखन व भाषण प्रतियोगिता के साथ नुक्कड़-नाटक का आयोजन हुआ। बच्चों ने रंगोली व पेंटिंग बनाने के साथ रैली निकाल मतदाताओं को 20 मई को अनिवार्य रूप से मतदान करने की अपील की। स्वीप कार्यक्रम के तहत मंगलवार को मुसाफिरखाना ब्लॉक के प्राथमिक स्कूल कंजास में पोस्टर लेखन प्रतियोगिता आयोजित हुई। बच्चों ने पोस्टर पर स्लोगन व मतदान से जुड़े चित्र तैयार कर लोगों को लोकतंत्र के महापर्व में उनकी जिम्मेदारी का एहसास कराते हुए 20 मई को बूथ पहुंच मतदान करने की अपील की। गौरीगंज के कंपोजिट स्कूल, हरखपुर पेंटिंग के जरिए मेरा वोट मेरी आवाज बताते हुए मतदान करने की अपील बच्चों ने की।

जन एक्सप्रेस

सम्पादकीय

नौटंकी का सितारा छोड़ गया मनोरंजन का विलक्षण संसार

रंपत बीमारी की अवस्था में समझ चुके थे कि बदलते समय ने नौटंकी को समेट दिया है। हालांकि, उन्होंने नौटंकी के चढ़ते और उतरते दौर को करीब से देखा। वह अच्छे से देखकर गए हैं कि मोबाइल और टीवी ने मनोरंजन के तरीकों को कैसे बदला? 2024 की बात करें, तो नौटंकी पूरी तरह सिमट गई है। जबकि, ये ऐसी सांस्कृतिक विरासत है जिसे सहेजने की जरूरत है। पर, दुर्भाग्य किसी ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। रपंत ने ऐसा भी दौर भी देखा जब लोग उनका विरोध भी करने लगे थे। लोगों को आरोप था कि रपंत अपनी प्रस्तुति में अश्लीलता परोसते हैं।

एक जमाना था जब देहाती नौटंकी का मतलब होता था रपंत हरामी। यानी नौटंकी का बेताज बादशाह। अस्सी के दशक में इस कलाकार का नाम सबकी जुबान पर हुआ करता था। ये आर्टिस्ट देशी मनोरंजन कही जाने वाली नौटंकी के न सिर्फ बेताज बादशाह कहलाते थे, बल्कि पर्यायवाची भी थे। रपंत फूहड़ कॉमेडी और देहाती नौटंकी के आखिरी चिराग थे। नौटंकी के वजूद को जिंदा रखने के लिए उन्होंने अपना समूचा जीवन न्योछावर कर दिया। 6 मई की देर शाम रपंत (59) का निधन हो गया। उनका जन्म 11 अक्टूबर 1965 में कानपुर जिले के कल्याणपुर गांव में हुआ था। उनके निधन के साथ ही नौटकी का संपूर्ण युग समाप्त हो गया। वह अपने पीछे मनोरंजन की ऐसी प्राचीन सांस्कृतिक धरोहर छोड़कर गए हैं जिनके शायद वह अंतिम पहरेदार या रक्षक जैसे थे। उनके नहीं रहने से नौटंकी का दौर अब आगे नहीं रहेगा। आधुनिक युग की चकाचौंध और मनोरंजन जगत में तेजी से बढ़ी पश्चिमी सभ्यता ने नौटंकी जैसी देशी और प्राचीन लोककला को बहुत पीछे छोड़ दिया है। आज की युवा पीढ़ी नौटंकी विधा को जानती तक नहीं? नौटंकी कलाकार रपंत का असली नाम रणपत सिंह भदौरिया था। जाति से राजपूत थे और उनके पिता पुलिस में नौकरी करते थे। मूल निवास कानपुर देहात था। फिर नाम उनका रपंत हरामी कैसे पड़ा? इसके पीछे का किस्सा भी बड़ा रोचक है। अस्सी-नब्बे के दशक में उत्तर प्रदेश, बिहार, हरियाणा, पंजाब जैसे राज्यों में नौटंकी का क्रेज अपने चरम पर हुआ करता था। रपंत के गांव में नौटंकी का कार्यक्रम था। तब ये दर्शक बनकर नौटंकी का लुत्फ उठा रहे थे। सामने मंच पर नौटंकी कलाकार प्रस्तुति दे रहा था, तभी बीच में वो अपना डायलॉग भूल गया। काफी देर तक याद नहीं आया तो नौटंकी में व्यवधान पड़ गया। तभी, रपंत उठे और उनका डॉयलॉग रपंत ने खुद सुना डाला। उसके बाद रपंत के सगे चाचा ने कह दिया रपंत तू तो बड़ा हरामी है। रंपत की किस्मत वहीं से चमक गई। चाचा ने तो मजाक में कह दिया था। लेकिन, रणपत भदौरिया वहीं से 'रपंत हरामी' से विख्यात हो गए। भविष्य में उन्हें इसी नाम से शोहरत और सम्मान मिला। रंपत नौटंकी का पूरा दौर जीकर गए हैं। अस्सी-नब्बे के दशक का शायद ही कोई ऐसा शख्स हो, जो इस कलाकार को न जानता रहा हो। इनकी मसखरी, अलहदा प्रस्तुति, हसोंड़ अंदाज और मंच पर जोकरी करना दर्शकों को भाता था। अस्सी के दशक में बिना नौटंकी के कोई शादी-ब्याह पूर्ण नहीं माना जाता था। लगन के वक्त ही दुलहन वाले रंपत हरामी की नौटंकी सुनने की डिमांड दूल्हे के घरवालों से करते थे। एक जमाना था जब गांव के अलावा कस्बों और शहरों तक नौटंकी की धूम होती थी। नौटंकी कार्यक्रम में रंपत हरामी की जोड़ी हमेशा उनकी महिला सहकलाकार रानीबाला के साथ ही फिट रही। हालांकि जोड़ी तो उन्होंने कइयों के साथ बनाई। पर, रानीबाला के साथ अच्छी जंची। दर्शक सिर्फ रपंत और रानीबाला को देखना और सुनना पसंद करते थे। 1982 में दोनों ने शादी कर ली थी। हालांकि दोनों के परिवार उनके फैसले से नाखुश थे। रंपत हरामी के स्वयं लिखे द्विअर्थी संवादों को बोलने की शैली बेजोड़ थी। प्रत्येक लाइन में हंसी के फुहारे फूटते थे। जो बात उनमें थी, वो किसी और में नहीं। उन्हें कई आर्टिस्टों ने कॉपी करने की कोशिश की। कुछ वर्ष पहले एक साक्षात्कार में रंपत ने बताया था कि उनके पिता पुलिस में दरोगा थे। वो चाहते थे, नौटंकी छोड़कर पुलिस में भर्ती हों। लेकिन अंदर का चुलबुलापन उन्हें रपंत हरामी बनने की ओर खींच रहा था। रपंत हाजिर जवाबी में माहिर थे। जो एक बार डॉयलॉग पढ़ लेते, उसे कभी नहीं भूलते।

एक्सप्रेस आलेख

क्या उन्हें अन्य धर्मों में जाति के असर की जानकारी नहीं है या वे अपनी निगाहें सिर्फ हिन्दू धर्म से आगे लेकर ही नहीं जाना चाहते? इससे साफ है कि बहुत सारे स्वयंभू विद्वान अपने को प्रगतिशील साबित करने के लिए हिन्दू धर्म में फैली गड़बड़ियों पर लिखते-बोलते हैं। यह सब करके वे अपने को पूरी तरह से एक्सपोज कर लेते हैं। अगर कोई लेखक बेखौफ होकर ईमानदारी से नहीं लिखता है तो समझ लें कि वह सच्चा लेखक नहीं है। खैर, यह सुखद है कि हिन्दू धर्म में जाति के कोढ़ के खिलाफ अरसे से आवाजें उठती रही हैं। हिन्दू धर्म में जात-पात के खिलाफ बहस चलती रहती है। यही हिन्दू धर्म की शक्ति भी है।

सिर्फ हिन्दुओं की जातियों की चर्चा करने वाले कौन?

आर.के. सिन्हा

गुरु गोबिंद सिंह ने 13 अप्रैल, 1699 को खालसा की स्थापना के साथ सभी जातिगत असमानता को समाप्त कर दिया था। आस्थावान सिख जातिगत भेदभाव नहीं करते हैं लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि सभी सिख आवश्यक रूप से अपनी आस्था के अनुसार कार्य करते हैं।

हर बार की तरह इस लोकसभा चुनाव में भी अपने को राजनीति का विद्वान बताने वाले ज्ञानियों ने किस संसदीय क्षेत्र में किसके हक में बयार बह रही है , इस विषय पर लिखना-बताना शुरू कर दिया है। वे अपना विश्लेषण रखते हुए बताते हैं कि वहां (उस संसदीय क्षेत्र में) इतने फीसद क्षत्रिय, ब्राह्मण, दलित, पिछड़े, अति पिछड़े, यादव वगैरह हैं। यहां तक तो सब ठीक है। पर जातियों का गणित बताने वाले मुसलमानों, सिखों, ईसाइयों की जातियों पर मौन ही रहते हैं। उन्हें जातियों के कोढ़ के बारे में सिर्फ हिन्दुओं की ही चर्चा करनी होती है। उन्हें लगता है कि मानों जातियां सिर्फ हिन्दू धर्म में ही हैं। जैसे कि बाकी धर्मावलंबी किसी जात-पात में यकीन नहीं करते। इससे एक बात बहुत साफ हो जानी चाहिए हमारे यह कथित विद्वान देश की जमीनी हकीकत से कितने नावाकिफ हैं। उन्हें यह मालूम ही नहीं है कि जाति भारत का सच है। कोई इंसान अपना धर्म बदल सकता है, पर जाति उसके साथ हमेशा रहती है। वह जाति से अपने को दूर नहीं कर पाता है। राममनोहर लोहिया यह बात बार-बार कहा करते थे। अगर बात मुसलमानों की करें तो सब जानते हैं कि मुसलमान अशराफ, अजलाफ और अरजाल श्रेणियों में बंटे हैं। शेख, सैयद, मुगल और पठान अशराफ कहे जाते हैं। अशराफ का मतलब है, जो अफगान-अरब मूल के या हिन्दुओं की अगड़ी जातियों से धर्मांतरीत मुसलमान हैं। अजलाफ पेशेवर जातियों से धर्मांतरित मुसलमानों का वर्ग है। एक तीसरा वर्ग उन मुसलमानों का है, जिनके साथ शेष मुसलमान भी संबंध नहीं रखते। इन्हें ही पसमांदा मुसलमान कहते हैं। हालांकि इस्लाम में जाति का विचार तो नहीं है। इस्लाम जाति के कोढ को ललकारता भी है। इसके बावजूद सारा मुसलमान समाज जाति के दलदल में फंसा है। मुसलमानों में अलग-अलग जातियों के अपने कब्रिस्तान तक हैं। राजधानी में पंजाबी मुसलमानों के कब्रिस्तान में गैर-पंजाबी मुसलमानों का प्रवेश निषेध है। शिया और सुन्नियों के तो प्रायः अपने अलग-अलग कब्रिस्तान तो होते ही हैं। शियाओं की अपनी मस्जिदें भी होती हैं। वे अन्य मस्जिदों में नहीं जाते। अपने को मुसलमानों का रहनुमा कहने वाले मुसलमान नेता भी पसमांदा मुसलमानों के मसलों को उठाने की जहमत नहीं दिखाते। मशहूर शायर मोहम्मद इकबाल बरा-बार बताते थे कि उनके पुरखे हिन्दू पंडित थे। खैर,

वैसे सिखों की कुछ प्रमुख जातियों में जाट, अरोड़ा, खत्री, रामगढ़िया, सैनी, छिम्बा आदि हैं। अब बड़ा सवाल वही है कि लोकसभा से लेकर ग्राम पंचायत के चुनावों में जातियों के महत्व पर बात करने वालों को सिर्फ हिन्दुओं की ही जाति क्यों दिखाई देती है।

अपने को बाबा साहब अंबेडकर का अनुयायी बताने वाले दलित नेताओं को शायद यह मालूम हो कि बाबा साहेब ने 25 नवंबर, 1949 को संविधान सभा को संबोधित करते हुए बहुत साफ शब्दों में कहा था, ÷जाति तो राष्ट्र विरोधी है। ...पर, भारत में जातियों के असर को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। इनसे समाज बिखरता है। भारत के कई राज्यों में ईसाई बहुमत में हैं और उन राज्यों के मुख्यमंत्री भी ईसाई हैं। पर इसका यह कतई मतलब नहीं है कि वहां जातियां नहीं हैं। ईसाई धर्म अनेक संप्रदायों में बिखरा हुआ है। ईसाई कैथोलिक, सीरियन, ओर्थोडोक्स, प्रोटेस्टेंट्स और अनेक असंगठित समूहों में फैला है। भारत में ईसाइयों का पहला प्रभावकारी स्वरूप कैथोलिक देश पुर्तगाल से 1498 ई. में पुर्तगालियों के आने से हुआ और ब्रिटिश, मूलतः एंग्लीकन या प्रोटेस्टेंट, का प्रभाव ईस्ट इंडिया कंपनी के शासन 1757 से हुआ। उपर्युक्त सभी समूह स्वतंत्र हैं, परंतु अधिकांश लोगों के द्वारा एक आस्था रखने वाले समूह के रूप में देखे जाते हैं। जब कभी भारतीय ईसाइयों की तरफ देखा जाए तो इन वास्तविकताओं को समझना चाहिए। भारत में कैथोलिक तथा प्रोटेस्टेंट के बीच की दूरियों को कम करने की कोशिशें चलती रहती हैं। दक्षिण भारत इस बाबत आगे रहा। वहां पर कैथोलिक चर्च तथा प्रोटेस्टेंट चर्च ने प्राकृतिक आपदा के समय मिल-जुलकर काम किया। मसलन केरल में कुछ साल पहले आई बाढ़ और सुनामी के समय दोनों चर्च मिलकर पीड़ितों के पुनर्वास के लिये काम कर रहे थे। यह सुखद पहल है। कैथोलिक और प्रोटेस्टेंट के बीच उस तरह की कतई कटुतापूर्ण स्थिति नहीं है जैसी हम मुसलमानों के सुन्नी और शिया संप्रदायों में देखते हैं। वहां पर तो कटुता ना होकर दुश्मनी है। उनमें आपस में हमेशा तलवारें खिंची रहती हैं। इस्लाम के नाम पर बने पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान में शियाओं की लगातार हत्याएं हो रही हैं। उन्हें दोयम दर्जे का इंसान माना जाता है। अफगानिस्तान में तालिबानियों ने हजारों शिया मुसलमानों का कत्लेआम किया है। ईरान और सऊदी अरब में कुत्ते-बिल्ली वाला बैर का मुख्य कारण यही है कि ईरान शिया और सऊदी सुन्नी मुसलमानों का मुल्क है। दरअसल कैथोलिक तथा प्रोटेस्टेंट में कुछ बिंदुओं पर मतभेद रहे हैं। कैथोलिक मदर मैरी की पूजा में भी विश्वास करते हैं। प्रोटेस्टेंट उन पर विश्वास नहीं करते हैं और उनके लिए मैरी केवल यीशु की भौतिक माँ है। हां,दोनों संप्रदायों के लिये ईसा मसीह तथा बाइबिल परम आदरणीय हैं। कैथोलिक और प्रोटेस्टेंट के लिए पवित्र दिन क्रिसमस और ईस्टर ही हैं। सिख धर्म में जाति का मुद्दा काफी जटिल है। गुरु गोबिंद सिंह ने 13 अप्रैल, 1699 को खालसा की स्थापना के साथ सभी जातिगत असमानता को समाप्त कर दिया था। आस्थावान सिख जातिगत भेदभाव नहीं करते हैं लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि सभी सिख आवश्यक रूप से अपनी आस्था के अनुसार कार्य करते हैं। नतीजतन, जाति सिख धर्म में मौजूद है, हालांकि शेष भारतीय समाज की तुलना में एक कमजोर रूप में। वैसे सिखों की कुछ प्रमुख जातियों में जाट, अरोड़ा, खत्री, रामगढ़िया, सैनी, छिम्बा आदि हैं। अब बड़ा सवाल वही है कि लोकसभा से लेकर ग्राम पंचायत के चुनावों में जातियों के महत्व पर बात करने वालों को सिर्फ हिन्दुओं की ही जाति क्यों दिखाई देती है।

आज का पंचांग

किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।

तिथिः	प्रतिपदा 06:21 तक
नक्षत्रः	कृत्तिका 11:55 तक
पक्षः	शुक्ल
वारः	गुरुवार
योगः	शोभन, 14:41
सूर्योदयः	05:35
सूर्यास्तः	18:59
चंद्रमाः	वृषभ राशि में
राहुकालः	13:58-15:38
विक्रमी संवत्:	2081
शक सम्वतः	1945
मासः	वैशाख
शुभ मुहूर्तः	11:53-12:41

जन एक्सप्रेस

कौन किस पर भारी !

होगी किसकी जीत ।
कौन किस पर भारी ।।
ज़ोर शोर से सबकी ।
है अपनी तैयारी ।।
सबके अपने दावे ।
और हैं विचार ।।
फैसला पर जनता का ।
करना भी स्वीकार ।।
अपने अपने क्षेत्र में ।
ठोक रहे सब ताल ।।
दिन है वो नज़दीक ।
करने को कमाल ।।
चढ़ा सियासी पारा ।
पाने को अधिकार ।।
हैं सारे आश्वस्त ।
उन्हें पहनना हार ।।

- कृष्णेन्द्र राय

एक्सप्रेस कविता

उगते सूरज और धूप में बनती कभी उभरती परछाई
लौटती नहीं सांझ होते ही लुप्त हो जाती, काली स्याह
परछाइयों की कोई छवि नहीं होती सदैव निर्विकार
होती हैं परछाइयां, परछाइयों के कोई विचार,
शब्दावली नहीं होती, केवल ओझल होने वाली सीमाएं
होती हैं, केवल उजालों की स्मृतियां शेष रह जाती हैं,
हवा को दोनों हथेलियों से नहीं समेट सका है कोई,
यादों की तरह परछाइयां भी उड़ जाती हैं हवाओं में,
सूखी नदियां कभी समंदर में नहीं मिलती, छलकता
पानी ही मिल पाता है छूट जाती है रेतीली नदियां पीछे,
इसी तरह आकाश भी परछाई विहीन होता है, शायद
बिंब भी नहीं बनते, लबालब नदी में पैरों के निशान
नहीं बनते, बहते पानी में नहीं लिख सकते किनारों
के पते, परछाइयों के भी कोई विचार नहीं होते हैं।

संजीव ठाकुर

एक्सप्रेस ज्ञान

जब जिंदगी आपको नींबू दे, तो थोड़ा नींबू पानी बनाएं, एक बड़ी सी मुस्कान लाएं और आगे बढ़ें

एक्सप्रेस स्वास्थ्य

गर्मियों में बरकरार रहेगी चेहरे की खूबसूरती, फॉलो करें 4 कोरियन ब्यूटी हैक्स

गर्मी में तेज धूप, धूल मिट्टी और गर्म हवाओं की वजह से चेहरे की रंगत खो जाती है। तेज धूप में निकलने की वजह से स्किन पर टैनिंग भी होती है। जिसकी वजह से चेहरा बेजान, बदसूरत और बेकार नज़र आता है। गर्मी में पॉल्यूशन भी ज्यादा होता है। इसकी वजह से स्किन पर डार्कनेस ही नहीं दूसरी समस्याएं भी होने लगती है। जिस तरह से तेज हवाओं की वजह से ज्यादा प्यास लगना लाजमी है। ठीक उसी तरह गर्मी में चेहरे का ड्राई और डैमेज होना आम बात है। गर्मी में होने वाली स्किन प्रॉब्लम को ठीक करना बहुत मुश्किल होता है। कई बार गर्मियों में होने वाली स्किन प्रॉब्लम से छुटकारा पाने के लिए लोग ब्यूटी प्रोडक्ट का सहारा लेते हैं। हालांकि हर स्किन के लिए ब्यूटी प्रोडक्ट इफेक्टिव नहीं होते है। इन दिनों भारत में कोरियन ब्यूटी ट्रेंड को फॉलो करने का क्रेज देखा जा रहा है। सिर्फ महिलाएं ही नहीं बल्कि पुरुष भी कोरियन ब्यूटी ट्रेंड के जरिए ग्लोइंग और खूबसूरत स्किन पाना चाहते हैं। कोरियन ब्यूटी ट्रेंड की खास बात ही यही होती है, ये हर मौसम में इफेक्टिव होते हैं और जल्दी रिजल्ट दिखाते हैं।

फेस स्टीमः अक्सर गर्मियों में स्किन केयर रूटीन को फॉलो करते वक्त लोग

फेस स्टीमिंग से बचते हैं। उन्हें ऐसा लगता है कि फेस स्टीमिंग सिर्फ सर्दियों में करनी चाहिए। लेकिन ऐसा बिल्कुल भी नहीं है। कोरियन लोग गर्मियों में भी फेस स्टीमिंग करते हैं और स्किन को ग्लोइंग बनाते हैं। फेस स्टीम करने से स्किन का ब्लड फ्लो बढ़ता है। यह पोर्स में ऑक्सीजन सही तरीके से जाए यह भी काम करती है। इसकी वजह से डेड स्किन बाहर निकलती है और त्वचा की रंगत में निखार आता है। गर्मियों में फेस स्टीमिंग करने से मुंहासे, फाइन लाइन और डार्क स्किन की प्रॉब्लम खत्म होती है।

हाइड्रेटिंग मास्कः पूरी दुनिया में जब कोरियन ब्यूटी की तारीफ होती है, तब हाइड्रेटिंग मास्क को कैसे भुलाया जा सकता है। कोरियन महिलाएं स्किन हाइड्रेटिंग मास्क बनाने के लिए उबले हुए चावल और चावल के पानी का इस्तेमाल करती हैं। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ की रिपोर्ट के अनुसार, स्किन पर उबले हुए चावल और चावल के पानी का इस्तेमाल करने से कोलेजन का प्रोडक्शन बढ़ता है। इससे त्वचा में कसाव आता है और स्किन ग्लोइंग दिखती है। इतना ही नहीं हाइड्रेटिंग मास्क स्किन पर मौजूद दाग-धब्बों को भी हटाता है।

एक्सफोलिएटः गर्मियों में चेहरे पर जमने वाली गंदगी को हटाने के लिए एक्सफोलिएट सबसे ज्यादा फायदेमंद होता है। एक्सफोलिएशन से त्वचा चमकदार, साफ और ग्लोइंग दिखती है। एक्सफोलिएशन डेड स्किन को हटाकर दाग-धब्बों और रंगत को निखारने में मदद करता है। नियमित रूप से एक्सफोलिएट करने से स्किन के रोम छिद्रों को खोलने में भी मदद मिलती है, जिससे मुंहासे की प्रॉब्लम से छुटकारा मिलता है।

लेमन मास्कः कोरिया में स्किन को चमकदार बनाने के लिए नींबू का इस्तेमाल काफी किया जाता है। नींबू में विटामिन सी होता है, जो त्वचा की रंगत को निखारता है। गर्मियों में लेमन मास्क का इस्तेमाल करने से स्किन व्हाइटनिंग, दाग धब्बे कम करने, डार्क सर्कल को कम करने, झुर्रियों को कम करने और सनबर्न को ठीक करने में मदद मिलती है।

एक्सप्रेस विशेष

फाइव आइज का मोदी और भाजपा को लेकर अंतरराष्ट्रीय षड्यंत्र

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

प्रधानमंत्री मोदी ने इस्लामवादियों के लिए जमीन पर जन्नत उतारने का साकार काम किया है। बिना भेद भाव के अल्पसंख्यकों को भारत में आज अवसर की समानता उपलब्ध है। भारत दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर तेजी के साथ बढ़ रहा है।

हम सभी जानते हैं, भारत में इस वक्त लोकसभा चुनाव का दौर चल रहा है। तीसरे चरण के बाद अब चौथे चरण की वोटिंग की तैयारी है। पूरी दुनिया की नजर भारत पर है, जिसमें कि भारत विरोधी यही चाहते हैं कि भाजपा की सत्ता केंद्र में न आए, मोदी फिर से भारत के प्रधानमंत्री न बनें । भारत पहले की तरह ही कई मोर्चों पर संघर्ष करता हुआ कमजोर दिखाई दे। अब इसके लिए भाजपा एवं मोदी से विरोध करनेवाली शक्तियां तो देश के अंदर काम कर ही रही हैं, किंतु इन दिनों ऐसी शक्तियों को विदेशों में भी पुख्ता माहौल बनाते हुए देखा जा सकता है। वस्तुतः पाकिस्तान, चीन, समेत कई देश जो भारत को सहन नहीं कर पा रहे हैं, वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विरोध करते ही थे, लेकिन अब यूरोप समेत विशेष तौर पर इंग्लैण्ड और अमेरिका जैसे विकसित देशों ने भी लगातार केंद्र की मोदी सरकार को घेरना जारी रखा है, जिसमें कि उसके सामने आज का सबसे बड़ा कोई विषय है तो वह है भारत का अल्पसंख्यक वर्ग, विशेषकर यहां की दूसरी सबसे बड़ी जनसंख्या यानी कि मुलसमान। इस संदर्भ में यह तथ्य सामने आया है कि अमेरिका के नेतृत्व वाले फाइव आइज खुफिया गठबन्धन (कनाडा, न्यूजीलैण्ड, ब्रिटेन, अमेरिका, ऑस्ट्रेलियाई) ने मोदी सरकार के खिलाफ विशेष मोर्चा खोलकर रखा है। इन पांच देशों की

दरअसल, यह बात ओर है कि मुसलमान राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता और परंपरागत रूप से हिन्दू प्रभुत्ववाली सत्ता को अस्वीकार करने की मानसिकता से ग्रस्त होने के कारण से इसे स्वीकार करना नहीं चाहता, लेकिन वर्तमान आंकड़े बता रहे हैं कि कैसे दस सालों में भाजपा की सत्ता के रहते भारत भर में मुसलमानों समेत हर वर्ग के जीवन स्तर में भारी सुधार हुआ है।

सरकार समर्थक मीडिया हर दिन भारत विरोधी कोई नई रिपोर्ट प्रकाशित करती है। इन रिपोर्टों में तथाकथित सूत्रों के आधार पर मोदी सरकार को निशाना बनाया जा रहा है। वह मोदी सरकार पर लगाम कसने के लिए वामपंथी मीडिया और अपने स्वयं के वित्त पोषित ब्रॉडकास्टर को खुफिया जानकारी लीक कर रहे हैं तथा भ्रम फैलानेवाली झूठी रिपोर्ट बड़े स्तर पर स्वयं से तैयार करने के साथ ही करवा रहे हैं, जिसमें से एक नैरेटिव यह गढ़ा जा सके कि भारत में मुसलमान मोदी राज में बहुत कमजोर पड़े हैं। वे खतरे में हैं और उन पर हिन्दू नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री रहते हुए भयंकर अत्याचार हो रहे हैं। इस बात को समर्थन देने एवं जोर देते हुए आप ऑस्ट्रेलिया के अखबार ऑस्ट्रेलियन फाइनेंशियल रिव्यू, अमेरिकी अखबार 'द वाशिंगटन पोस्ट', 'द न्यूयॉर्क टाइम्स', सीएनएन, टाइम मैगजीन, ब्रिटेन के अखबार 'द गार्जियन', बीबीसी, फ्रांस के प्रसिद्ध समाचार पत्र ले मोंड समेत अन्य कई को आप देख भी रहे थे, जिनमें कि इस प्रकार कि रिपोर्ट्स लगातार प्रकाशित की जा रही हैं। लेकिन इसी कड़ी में अब सीएनएन में शामिल हो गया है। अमेरिकन मीडिया संस्थान सीएनएन ने 'भारत के पवित्र शहर में बढ़ते हिंदू राष्ट्रवाद से मुसलमान डरे हुए हैं' शीर्षक से एक खास लेख कम विशेष स्टोरी प्रकाशित की है। इसमें इस बार वाराणसी (काशी) प्रधानमंत्री मोदी के लोकसभा चुनाव क्षेत्र को चुना है और यह बताने की कोशिश की है कि भारत के मुसलमाना मोदी राज में बहुत डरे हुए हैं और वे नहीं चाहते कि भाजपा केंद्र में सरकार बनाने में सफल हो और मोदी फिर से सत्ता में आए। इन सभी की यही सोच है कि यदि मोदी फिर से सत्ता में आ गए तो भारत को वे हिन्दू राष्ट्र बना देंगे। सनातनी भारत में अल्पसंख्यकों पर अत्याचार बहुत अधिक बढ़ जाएंगे। सीएनएन कह रहा है कि मोदी की भाजपा की जड़ें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) में हैं, जो एक दक्षिणपंथी अर्धसैनिक संगठन है जो भारत के भीतर हिंदू वर्चस्व की वकालत करता है। ऐसे में दुनिया के सबसे अधिक आबादी वाले देश में अब इसकी 200 मिलियन से अधिक मजबूत मुस्लिम आबादी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा मोदी के दोबारा चुने जाने की संभावना पर डर व्यक्त कर रहा है। वाराणसी के कई मुसलमान उपेक्षित महसूस करते हैं, यहां तक कि उनके साथ विश्वासघात होने की बात करते हैं, खासकर जब एक सदियों पुरानी मस्जिद ज्ञानवापी की बात हो। सीएनएन यहां स्थानीय मुस्लिमों के माध्यम से कहलवा रहा है कि सरकार उनके समुदाय की रक्षा करने में विफल हो रही है, आज के भारत में घृणा अपराधों से लोग असुरक्षित और भयभीत महसूस कर रहे हैं। अगर मोदी दोबारा चुने गए तो सबसे बुरा होगा। इसके लिए सीएनएन भाजपा नेता टी. राजा सिंह के भाषण, हिंदू अधिकारियों को प्रमुख सरकारी संस्थानों में शीर्ष पदों पर नियुक्ति देने, अधिकारियों द्वारा मुस्लिम संपत्तियों को ध्वस्त करने के आरोपों, मुस्लिम बहुल राज्य जम्मू और कश्मीर की विशेष स्वायत्तता अनुच्छेद 370 को हटाने और उसे सीधे दिल्ली के नियंत्रण में लाने, नागरिकता कानून को पारित करने, (जिसमें मुस्लिम प्रवासियों को शामिल नहीं किया गया), दिल्ली दंगों के लिए भी हिन्दुओं को जिम्मेदार ठहरा रहा है। इसके साथ ही ये सीएनएन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को घेरने के लिए वाशिंगटन स्थित शोध समूह इंडिया हेट लैब की की रिपोर्ट का उल्लेख भी करता है।

केंद्रीय मंत्री अमित शाह की जन सभा में उमड़े जन सैलाब को देख गदगद दिखे भाजपाई

* अमित शाह बोले- आपने ये गलती की तो वो लोग अयोध्या में राम मंदिर पर बाबरी ताला लगा देंगे
* पिछले चुनाव में उत्तर प्रदेश से 73 सीटें आई मैं आज आपसे कहकर जाता हूं इस बार 80 की 80 सीटें मोदी जी की झोली में जाएगी
* मोदी सरकार में पुलवामा में पाकिस्तान ने गलती करी बम धमाका किए परिणाम क्या आए कि 10 ही दिन में सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक करके मोदी जी ने घर में घुसकर पाकिस्तान के आतंकवादियों का सफाया करने का काम किया है: अमित शाह

जन एक्सप्रेस । सुनहरा

लखीमपुर खीरी। केंद्रीय गृह मंत्री लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार करने के लिए बुधवार को जनपद खीरी पहुंचे। अपने सम्बोधन में उन्होंने कांग्रेस को जमकर आड़े हाथों लेते हुए हमला बोला। इंडिया गठबंधन पर निशाना साधते हुए अमित शाह ने कहा कि अगर वह लोग लोकसभा चुनावों के बाद सत्ता में आए, तो वह अयोध्या में राम मंदिर पर ÷बाबरी÷ ताला लगा देंगे।सपा नेता रामगोपाल यादव के बयान पर उन्होंने कहा कि ये राम मंदिर को बेकार बताते हैं। जरा भी गलती की तो ये राम मंदिर पर बाबरी नाम का ताला लगाने का काम करेंगे। शाह ने कहा कि उत्तर प्रदेश में जब सपा की सरकार थी। गुंडई चलती थी। जमीनों पर कब्जे होते थे। होली दिवाली के दिन बिजली नहीं आती थी और रमजान में 24 घंटे बिजली रहती थी अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस, सपा और बसपा वाले झूठा प्रचार कर भाजपा और मोदी को बदनाम कर रहे हैं। यह कह रहे हैं कि मोदी को 400 सीटें दोगे तो आरक्षण चला जाएगा। उन्होंने कहा कि कर्नाटक के अंदर कांग्रेस को बहुमत मिला। वहां पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को काटकर मुसलमानों को पांच प्रतिशत आरक्षण दे दिया। पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को काटने का काम कांग्रेस पार्टी ने किया। गृहमंत्री ने संविधान विरोधी मुस्लिम आरक्षण को समाप्त करने की बात कही। राहुल गांधी पर साधा निशाना गृहमंत्री ने कहा कि राहुल बाबा कहते हैं एक झटके में गरीबी मिटा देंगे। आपकी दादी ने एक झटके आपातकाल लगाया। पिताजी ने एक झटके में तीन तलाक इंट्रोड्यूज किया। आपकी पार्टी ने झटके में पिछड़े वर्ग का आरक्षण छीनने का काम किया। गृहमंत्री ने अपने संबोधन में सीएए का जिक्र कर कांग्रेस पर निशाना साधा। कहा कि राहुल बाबा कहते हैं कि हम सीएए हटा देंगे। अरे राहुल बाबा... आपकी नानी भी ऊपर से आ जाएं तो सीएए नहीं हटेगा। विपक्षी गठबंधन पर कहा कि इनके पास तो प्रधानमंत्री पद का प्रत्याशी ही नहीं है। इनके पास न नेता है, न नियत है और न नीति है। सिर्फ परिवारवाद है। सपा, कांग्रेस और बसपा का सूपड़ा साफ- शाह उन्होंने कहा कि तीसरे चरण का चुनाव हो गया है। मोदी 190 सीटें पार कर गए हैं। चौथे चरण में और मजबूती से आगे बढ़ रहे हैं। सपा, कांग्रेस और बसपा का सूपड़ा साफ हो गया है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का चुनाव है। तीन करोड़ गरीब बहनों को लखपति बनाने का चुनाव है। चार लाख गरीबों को घर देना का चुनाव है। लोगों को समृद्धि बनाने का चुनाव है। शाह ने छोटी काशी, संकटा देवी मंदिर, देवकली मंदिर समेत अन्य मंदिरों को नमन किया।उन्होंने दिवंगत भाजपा कार्यकर्ता सर्वेश वर्मा को श्रद्धांजलि देते हुए एक बहुत बड़ा मैसेज देते हुए चले गए की भीषण गर्मी में उमड़ी भीड और उनके उत्साह को देख खीरी लोक सभा प्रत्याशी अजय मिश्रा टेनी की जीत को भारी मतो की जीत में तब्दील करती नजर आई सभा को सम्बोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी 28 खीरी लोकसभा प्रत्याशी अजय मिश्र 'टेनी' ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक राजनैतिक दल के साथ-साथ एक परिवार है और हम सब आम बोल चाल की भाषा में यही कहते है कि भारतीय जनता पार्टी परिवार है या भाजपा परिवार है ऐसे बोलते है परिवार जैसे हम लोगों के समाज में है अपने देश में है कि परिवार के सभी सदस्य हमेशा साथ खड़े होते है किसी भी सदस्य के ऊपर कोई समस्या आती है या सुख दुख आता है तो हम सब मिल बांट करके ही सारी चीजों को करते है। उस दृष्टि से मैं आपको यह विश्वास दिलाता हूं कि हम सब आपके सुख दुख मान सम्मान स्वाभिमान जहां कही भी आवश्यकता होगी हम सदैव आपके साथ खड़े रहेंगे।2014 में जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी को भारतीय जनता पार्टी की तरफ से प्रधानमंत्री का प्रत्याशी घोषित किया गया जो कि उस समय गुजरात प्रदेश के मुख्यमंत्री थे तो पूरे देश में पूरब से पश्चिम एवं उत्तर से दक्षिण तक एक ऐसी लहर चली की कमल के फूल की पहली बार भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी।

पहली बार हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने स्वच्छता को मिशन बनाया और स्वयं उन्होंने सड़कों पर झाड़ू लगा करके एक संदेश देने का काम किया और आज वह संदेश इतना प्रभावी हुआ है कि पान खाकर जगह-जगह थूकने वाले लोग इस संदेश से प्रभावित होकर उचित जगह पर ही थूकते है। आज हमारे लगभग 20 करोड़ परिवार ग्रामीण क्षेत्रों में रहते है लेकिन उन ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर में शौचालय बने यह हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत संकल्प लिया है जो अभी 10 सालों में ही हम 14 करोड़ से अधिक परिवारों को शौचालय देने का काम कर चुके है। यह जहां भाजपा की उपलब्धि की हमने 10 सालों में 14 करोड़ से अधिक परिवारों को शौचालय उपलब्ध कराए है वहीं यह सोचने पर मजबूर हो जाते है कि क्या 67 सालों में 6 करोड़ से भी कम लोगों के घरों में शौचालय थे। हम किस देश में जी रहे थे कैसी सरकारें थी लोगों की जरूरतें ही पूरी नहीं हो रही थी सुविधाओं की तो आप बात ही छोड़ दीजिए लेकिन भाजपा ने गांवों के जीवन में भी परिवर्तन लाया है उनमें जीवन का स्तर अच्छा हो उस दृष्टि से गांवों के अन्दर पाइप लाइन के द्वारा शुद्ध पेयजल, ग्राम प्रधानों को ग्राम निधि, पक्की सड़कें, बिजली, गैस और आवास जैसी सुविधाओं का लाभ दिया जा रहा है।

अंतरकलह से जूझ रही समाजवादी पार्टी में अखिलेश यादव का दौरा ?

* राजपाल सिंह के सपा से इस्तीफा देने की चर्चा स्थानीय स्तर पर सोशल मीडिया पर भी चरम पर जिलाध्यक्ष ने किया इंकार सब कुछ ठीक-ठाक नहीं अपनी ढपली अपना राग सा मामला सामने है

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

अब पछताए होत का जब चिड़िया चुन गई खेत कहीं यह स्थिति ना हो चुनाव प्रचार थमने से दो दिन पहले समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आगमन से पूरी तरीके से हांसिए पर आ चुकी समाजवादी पार्टी में ऑक्सीजन भरने का अखिलेश यादव का दौरा काम तो करेगा लेकिन मामला काफी कठिन है समाजवादी पार्टी का हाल यह है। की कोई भी बड़ा नेता दिखाई नहीं दे रहा है पार्टी में एक जुटता की कमी अंतरकलह खुलकर सामने आ रही है। रही बात गठबंधन की तो लोकसभा के हर चुनाव में मुख्य धारा पर रहने वाले बालगोविंद वर्मा परिवार का कहीं भी दर्शन नहीं हो रहा जो चर्चा का विषय बना हुआ है। अगर यह कहा जाए की देर से आए दुरुस्त आए तो सही नहीं होगा देर से आए कुछ नहीं कर पाए सच्चाई यह होगी क्योंकि समाजवादी पार्टी के लोकसभा खीरी के प्रत्याशी उत्कर्ष वर्मा काफी सीधे स्वभाव के हैं और इस तर्ज पर चुनाव भी काफी सीधा-साधा शांत है। बताते चलें शहर के राजकीय इंटर कॉलेज में बृहस्पतिवार को सपा मुखिया अखिलेश यादव जनसभा को संबोधित करेंगे। उनके आगमन से पहले सपा को झटका लगा है।सपा जिला सचिव के पद से राजपाल सिंह ने इस्तीफा दे दिया है। उनका कहना है कि पार्टी में चल रही अंतरकलह के चलते उन्होंने यह कदम उठाया है। राजपाल सिंह ने बताया कि वह साल 2013-14 में सपा की सदस्यता ग्रहण करते हुए पार्टी हित में तमाम कार्य किए लेकिन

पार्टी के ही कुछ नेता उनके काम को लेकर प्रश्नचिन्ह लगाते रहे।जिस घर में सम्मान न हो, वहां नहीं रहना चाहिए। सपा ने राजपाल सिंह को धौरहरा विधानसभा प्रभारी भी नियुक्ति किया था। युवराज दत्त महाविद्यालय के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष भी रहे हैं। चुनाव से पहले राजपाल सिंह के सपा से इस्तीफा देने की चर्चा स्थानीय स्तर पर सोशल मीडिया पर हो रही है। उधर, सपा के जिलाध्यक्ष रामपाल यादव ने इस्तीफे की बात से इनकार किया है।

कार की टक्कर से नहर में गिरी महिला, दूसरे दिन मिला शव

जन एक्सप्रेस । बरेली

बरेली के भुता थाना क्षेत्र में इटोरिया-जलालपुर गांव के समीप कार की टक्कर से नहर में गिरी महिला का मंगलवार को दूसरे दिन शव मिल गया। बाइक से पति के साथ जा रही महिला और तीन साल की बेटी नहर में गिर गए थे। बच्ची का शव सोमवार को ही मिल गया था। वहीं महिला के पिता ने साजिश के तहत हत्या करने का आरोप लगाया है।

पीलीभीत के बिलसंडा थाना क्षेत्र के गांव गंगोरा निवासी मिश्लेयार खां सोमवार को पत्नी गुलसुम (30) व तीन वर्षीय बच्ची नूर फातिमा के साथ बाइक से भुता थाना क्षेत्र के गांव मिर्जापुर रिश्तेदारी में गए थे। वहां से क्योलड़िया अपनी पत्नी की दवाई दिलाने जा रहे थे। तभी कार की चपेट में आ गए।

इसमें उनकी बच्ची की नहर में गिरकर मौत हो गई थी। पत्नी का शव मंगलवार को नहर में उतराता हुआ मिला। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मृतका के पिता ने लगाया हत्या का आरोप

मृतका के पिता केसर का कहना है कि पिछले पांच वर्ष पूर्व गांव के ही मिश्लेयार खां से उनकी बेटी की शादी हुई थी। आरोप है कि उसके बाद से मिश्लेयार का किसी से अवैध संबंध हो गए थे। वह कई बार गुलसुम की पिटाई कर चुका थी। इसकी गांव में पंचायत भी हो चुकी थी। इसीलिए रिश्तेदारी में लाकर साजिश के तहत ऐसा किया है। उन्होंने थाने में तहरीर दी है। हालांकि थाना प्रभारी ने तहरीर न मिलने की बात कही है।

धौरहरा लोकसभा चुनाव की लड़ाई रोचक मोड़ पर आई

* शाह की जन सभा में न पोस्टर न स्टेट पर दिखाई दी धौरहरा लोकसभा प्रत्याशी रेखा वर्मा

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

जन चर्चा है जनपद में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का आगन लेकिन एक बात बिल्कुल नयी दिखाई दी जिसमें शाह की जन सभा में लगे पोस्टर में रेखा वर्मा नजर नहीं आई दूसरी बात यह रही धौरहरा लोकसभा के क्षेत्र वासियों की अमित शाह की रैली में उपस्थित रही लेकिन 29 लोक सभा प्रत्याशी रेखा वर्मा की न उपस्थिति न अमित शाह द्वारा किसी भी प्रकार की रेखा वर्मा के नाम की नजर नहीं आई कुछ मिलाकर न भाषणों में न स्टेंट पर न पोस्टर में हर जगह से गैरहाजिर मिली रेखा वर्मा इसके पीछे की गणित क्या है इसी बात को लेकर चर्चा रही दूसरी तरफ जबदस्त सम्पर्क जबदस्त उत्साह और पूरी तरह से धौरहरा लोकसभा चुनाव में अपनी पकड़ बना चुके और हर धर्म और हर वर्ग के मिल रहे समर्थन से अपनी जीत को मजबूती प्रदान करने वाले धौरहरा लोकसभा सीट से बसपा प्रत्याशी श्याम किशोर अवस्थी का चुनावी जनसंपर्क अभियान चुनाव के नजदीक आते ही और तेज और अकर्मक हो गया है इसी के चलते आज उन्होंने धौरहरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम खेसारी ढकेरवा चौराहा खमरिया निगोहा सेमरी कल्याणपुर रिछिन आज गांव को संबोधित करते हुए कहा धौरहरा में सबसे बड़ी समस्या बाढ़ की समस्या है... अब ऐसे में जब चुनाव होते हैं तब सत्ता पक्ष के लोग बाढ़ की समस्या को लेकर बड़ी बड़ी बातें करते हैं और चुनाव खत्म होते ही चुप्पी साध लेते हैं,और क्षेत्र से गायब हो जाते हैं।क्या आपको नहीं लगता कि आपका जन प्रतिनिधि आपके क्षेत्र में पैदा होने वाली बाढ़ की समस्या के समाधान के लिए पहले से तैयार रहे, क्या आपको नहीं लगता कि आप जिसे वोट दे रहे हैं वो बाढ़ के समय आपके साथ खड़ा रहे और आपकी समस्या खत्म करे।हर वर्ष धौरहरा तहसील की 60 ग्राम पंचायतों के 100 मजरे घाघरा के प्रकोप का शिकार बनाती है। बाढ़ में डूबे परिवार चार महीने तक पीड़ित तटबंध व सड़कों पगडंडियों पर बंजारों की भांति जीवन जीने को विवश हो जाते हैं। अगर आप लोग चाहते है कि बाढ़ की समस्या का सम्पूर्ण निदान तो इस बार हाथी बाले बटन को दवाएं और अपने भाई बेटा श्याम किशोर अवस्थी को संसद तक पहुचाए वादे नहीं नेक इरादे लेकर जीतने के बाद भी आपके बीच रहेगा श्याम किशोर अवस्थी।

नहर में अज्ञात युवक का नग्न अवस्था में मिला शव

जन एक्सप्रेस । बहराइच

जिले के बेलहा बेहरौली तटबंध के निकट नहर में एक अज्ञात युवक का दो से तीन दिन पुराना शव बरामद हुआ है। उसके शरीर पर कपड़े नहीं थे। पहचान न होने पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।खैरीघाट थाना क्षेत्र के बेलहा बेहरौली तटबंध इमामगंज सरयू नहर पर बना हुआ है। नहर में पूसपुरवा गांव के निकट एक अज्ञात व्यक्ति का शव लोगों ने देखा। शव पर कपड़े नहीं थे। आसपास के लोगों ने नहर में शव देखा तो थाने की पुलिस को सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने चौकी इंचार्ज शिवपुर राकेश कुमार यादव, उप निरीक्षक राम प्रवेश यादव की टीम को मौके पर भेजा। पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया। इसके बाद आसपास के लोगों से पहचान करवाई। लेकिन मृतक की पहचान नहीं हो सकी। वहीं शरीर पर कोई कपड़ा न होने से लोगों में तरह तरह के सवाल उठ रहे हैं। थानाध्यक्ष ने बताया कि जांच के बाद ही कुछ पता चल सकेगा।

राष्ट्र उत्थान में अधिवक्ताओं की भूमिका अमूल्य: प्रशांत सिंह अटल

जन एक्सप्रेस । बहराइच

भारतीय लोकतंत्र में अधिवक्ताओं की भूमिका विषय को लेकर जैन धर्मशाला सखैयापुरा में अधिवक्ता समागम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्य स्थाई अधिवक्ता हाईकोर्ट लखनऊ सचिव बार काउंसिल उत्तर प्रदेश प्रशांत सिंह श्अटलश् एवं विशिष्ट अतिथि राज्य विधि अधिकारी ओंकारनाथ निषाद उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता अरविंद कुमार आर्या ने किया।कार्यक्रम का संयोजन अरविंद सिंह सेंगर ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के सचिव प्रशांत सिंह अटल ने कहा कि देश की आजादी से लेकर अब तक अधिवक्ता समाज का अमूल्य योगदान रहा है। अधिवक्ता हमेशा राष्ट्र के उत्थान के लिए अग्रसर भूमिका में रहा है वर्तमान परिस्थितियों में राष्ट्र को परम वैभव के शिखर पर ले जाने में अधिवक्ताओं के कंधे पर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिवक्ताओं से आवाहन किया कि वह शतप्रतिशत मतदान हेतु लोगों को जागरूक करें। जिससे देश हित में कार्य करने वाली सरकार की बनाई जा सके। उन्होंने कहा कि वर्तमान केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा अधिवक्ता हित के लिए व्यापक कार्य किया गया है, पहले केवल 60 वर्ष आयु तक के अधिवक्ताओं की मृत्यु होने पर पांच लाख रुपए प्रदान किए जाते थे अब उसकी आयु बढ़ाकर 70 वर्ष कर दी गई है। सरकार द्वारा अधिवक्ता कल्याण निधि की धनराशि 200 करोड़ से बढक़र 500 करोड रुपए कर दिया गया है।

वर्ष 2018 से अब तक 2757 अधिवक्ता बन्धु के आश्रितों को 127 करोड़ 81 लाख 50 हजार का भुगतान किया गया है। गुणवत्तापूर्ण कानूनी शिक्षा के महत्व एवं विधि छात्रों की आकांक्षाओं को पूरा करने की दृष्टिगत प्रयागराज में 387 करोड रुपए की लागत से राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय का निर्माण कराया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि अधिवक्ता कल्याण निधि जो अधिवक्ताओं को 30 वर्ष की वकालत पूरा करने पर मिलता है, प्रदेश सरकार द्वारा उसकी धनराशि 25 नवंबर 2021 को 300 प्रतिशत से अधिक बढक़र डेढ़ लाख से बढ़ाकर पांच लाख रुपए कर दिया गया है।

कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि राज्य विधि अधिकारी ओंकारनाथ निषाद ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता अरविंद आर्या ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

संचालन अरविंद सिंह सेंगर एवं आलोक पाठक ने किया।

कांग्रेस और सपा ने आधे समर में ही मान ली हार: योगी आदित्यनाथ

जन एक्सप्रेस । शाहजहाँपुर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि देश में हो रहे लोकसभा चुनावों में आधी सीटों पर मतदान संपन्न हो चुका है और कांग्रेस और सपा ने आधे समर में ही अपनी हार मान ली है। उन्होंने कहा कि अबकी बार चार सौ पार.. के लक्ष्य के लिए हमने आधी मंजिल पूरी कर ली है। मुख्यमंत्री बुधवार को ददरौल में शाहजहांपुर सीट पर हो रहे लोकसभा चुनाव और ददरौल विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

इस दौरान उन्होंने शाहजहांपुर लोकसभा सीट से पार्टी प्रत्याशी अरुण कुमार सागर और ददरौल विधानसभा से प्रत्याशी अरविंद कुमार सिंह के पक्ष में जनता से वोट की अपील की।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर हनुमत धाम के बजरंगबली और भगवान परशुराम के धाम को कोटि कोटि नमन करते हुए काकोरी ट्रेन एक्शन के महानायकों पं रामप्रसाद बिस्मिल्ल, अशफाक उल्ला खां और ठाकुर रोशन सिंह को भी श्रद्धासुमन अर्पित किये।

चुनाव रामभक्तों और रामद्रोहियों के बीच सिमट गया है

उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि 2024 का चुनाव नया इतिहास बनाने के लिए उतावला दिख रहा है। कांग्रेस और सपा के चेहरे से उड़ी हवा, बताती है कि आधे समर में ही उन्होंने हार स्वीकार कर ली है। उनकी हार शाश्वत सत्य है। हमारा इतिहास गवाह है कितना ही बड़ा और शक्तिशाली कोई क्यों न रहा हो, अगर वह रामद्रोही है तो उसका पतन सुनिश्चित हुआ है। ये चुनाव रामभक्तों और रामद्रोहियों के बीच सिमट गया है।

उनसे विरासत के सम्मान की बात बेमानी

सीएम योगी ने सपा पर निशाना साधते हुए कहा कि जिन्होंने अपने पूर्वजों को धक्का देकर बाहर करते हों उनसे विरासत के सम्मान की बात बेमानी है। उन्होंने कहा कि आतंकियों को बिरयानी खिलाने वाले, माफिया को गले का हार बनाने वाले, बेटियों और व्यापारियों की सुरक्षा में सेंध लगाने वाले, माफिया के मरने पर फातिहा पढ़ने जाने वाले लोग और रामभक्तों पर गोली चलाने वाले लोग कहते हैं कि अयोध्या में राममंदिर बेकार में बना है।

हर बेटी सुरक्षित हुई, हर अन्नदाता खुशहाल हुआ

मुख्यमंत्री ने बीते दस साल में हुए विकास एवं गरीब कल्याण से जुड़े कार्यों की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि आज भारत का सम्मान बढ़ा है, सीमाएं सुरक्षित हुई हैं, आतंकवाद और नक्सलवाद पूरी तरह नियंत्रित हुआ है, विकास के तमाम कार्य हुए हैं। शाहजहांपुर मे मेडिकल कॉलेज का निर्माण हुआ है। सीएम योगी ने कहा कि यहां गंगा पर पीपे का पुल बनाने की मांग की गई थी जो ठाकुर रोशन सिंह के गांव को जोड़ती थी, मगर हमने वहां पक्का पुल दे दिया। ये सरकार बुलाकर विकास का लाभ दे रही है। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को सुरक्षा का बेहतर माहौल दिया गया है। पिछले सात साल में यूपी में कोई दंगा नहीं हुआ है, कोई कर्फ्यू नहीं लगा, बल्कि अब धूमधाम से कांवड़ यात्रा निकलती है। माफिया और अपराधी अपने गले में तख्ती लगाकर कहते हैं कि हमारी जान बख्श दो। अब हमारे नौजवानों के हाथ में तमंचा नहीं टैबलेट है। हर बेटी सुरक्षित हुई है, हर अन्नदाता किसान खुशहाल हुआ है। अयोध्या में रामलला का भव्य मंदिर और बनारस में काशी विश्वनाथ धाम बन गया है। शाहजहांपुर में हनुमत धाम में रोपवे लगने जा रहा है। काकोरी ट्रेन ऐक्शन के महानयकों के सम्मान में भव्य म्यूजियम बन गया है। ये काम मोदी जी के चमत्कारी और यशस्वी नेतृत्व के कारण हुआ है।

विवाहिता की दहेज के लिए हत्या का आरोप, जांच में जुटी पुलिस

जन एक्सप्रेस । बहराइच। गिरगिट्टी गांव निवासी एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मायके के लोगों ने दहेज के लिए गला दबाकर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने विवाहिता के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।लखीमपुर खीरी जिले के धौरहरा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत मैला कलुआपुर गांव निवासी छोटकइया (24) पुत्री लालता प्रसाद का विवाह तीन वर्ष पूर्व जिले के मोतीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम गिरगिट्टी गांव निवासी विनोद कुमार के साथ हुई थी। महिला के भाई प्रेम कुमार ने मोतीपुर थाने में तहरीर देकर कहा है कि विवाह के समय दान दहेज दिया था। इसके बाद भी बहन को ससुराल के लोगों ने दहेज के लिए मारपीटा। इसके बाद गला दबाकर हत्या कर दी। ससुराल के लोगों की सूचना पर देर रात को मायके से लोग पहुंचे। प्रेम कुमार ने पति के साथ ससुर, देवर, सास और ननद पर दहेज के लिए गला दबाकर हत्या करने और मारपीट करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक दद्दन सिंह ने बताया कि महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

एसएसटी टीम ने फार्च्यूनर से बरामद किये तीन लाख रुपये, नहीं दे पाए हिसाब

जन एक्सप्रेस । बहराइच

नानपारा एसएसटी की प्रथम टीम मंगलवार रात को बाईपास मार्ग पर जांच कर रही थी। जांच के दौरान फार्च्यूनर वाहन से तीन लाख रुपए नकदी बरामद किया है। जिसे कोतवाली पुलिस ने सीज कर दिया है। जिले में लोकसभा चुनाव के दौरान बिना वैध लिखापढ़ी के नकदी रूपये मिलने का सिलसिला जारी है। मंगलवार शाम को नानपारा कोतवाली के बाईपास स्थित कुर्मिन पुरवा गांव के पास एसएसटी प्रथम टीम के मजिस्ट्रेट उमेश कुमार यादव, उप निरीक्षक नरेंद्र यादव के साथ जांच कर रहे थे। जांच के दौरान मटेरा से दिल्ली नंबर के फॉर्च्यूनर वाहन आती दिखी। जिसे एसएसटी टीम ने रोक कर जांच की तो वाहन में रखे लिफाफा में तीन लाख रूपये नकदी बरामद हुई। टीम ने जांच के बाद कागजात की मांग की तो नकदी का लेखजोखा वाहन चालक नहीं दिखा सका।

मजिस्ट्रेट उमेश कुमार यादव ने बताया कि नफीस नामक युवक के पास से तीन लाख नकदी बरामद हुई है। जिसे कोतवाली में सीज करवा दिया गया है। कागज दिखाए जाने पर रूपये छोड़ दिया जाएगा।

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने किया जिला कारागार का औचक निरीक्षण, मातहतों को दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

जन एक्सप्रेस। कुशीनगर

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुशीनगर के तत्वावधान में अपर जिला एवं सत्र न्यायधीशध्सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुशीनगर शैलेन्द्र मणि त्रिपाठी द्वारा निरूद्ध कैदियों की रिहाई हेतु जिला कारागार देवरिया का बुधवार को औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान ऐसे निरूद्ध बंदी जो दंड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 436(ए) दं0प्र0सं0 से आच्छादित हैं तथा पूर्ण सजा के सापेक्ष आधी सजा से अधिक अवधि व्यतीत कर चुके हैं उससे संबंधित बंदियों के मामलों की सूची अधीक्षक जिला कारागार देवरिया द्वारा प्रस्तुत की गयी हैं जिनके रिहाई के संदर्भ में वार्ता की गयी किन्तु उनके अन्य गंभीर मामलें न्यायालय में विचाराधीन हैं या आजीवन कारावास से दंडित होकर सजा भुगत रहे हैं। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा निर्देशित किया गया कि जो भी बंदी उक्त निर्देशों के अनुरूप रिहाई के पात्रता के अन्तर्गत आते हैं उनके नियमानुसार रिहाई की कार्यवाही की जाये।

उन्होंने पाकशाला तथा बैरकों का निरीक्षण किया तथा निरंतर स्वच्छता बनाये रखने हेतु निर्देशित किया। सचिव द्वारा धारा 436 (ए) दण्ड प्रक्रिया संहिता एवं ऐसे बन्दी जिनकी जमानत मा0न्यायालय से हो चुकी है परन्तु जमानतदार के अभाव में कारागार में निरूद्ध है उनके अन्तर्गत प्राप्त प्रार्थना पत्र पर चर्चा कर उसके संबंध में अधीक्षक जिला कारागार देवरिया को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया, उनके द्वारा ऐसे विचाराधीन बंदियों जिनके विरूद्ध अधिकतम 07 वर्ष के दण्डादेश संबंधित अपराधिक विचारण लम्बित हैं और वे कारागार में निरूद्ध हैं। संबंधित मामलों पर विचार-विमर्श किया गया तथा जिला कारागार में निरूद्ध बंदियों की समस्याओं को सुना गया जिसमें निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराने, जमानतदार उपलब्ध कराने, नियमित रूप से बंदियों के लिए दवा उपलब्ध कराने महिला कैदियों के साथ रह रहें उनके छोटे बच्चों के लिए दूध की व्यवस्था कराने हेतु निर्देशित किया गया। डिप्टी जेलर वंदना त्रिपाठी एवं स्थायी लोक अदालत की सदस्य दीपाली सिन्हा के साथ महिला बैरक में जाकर महिला बंदियों से उनकी समस्या सुना गया और उनके बैरक में सफाई की सुविधा, खानपान, दवाई आदि की जानकारी ली गई और उनके मनोवैज्ञानिक मामलों को समझने के लिए महिला कैदियों से वार्ता की गई।सचिव द्वारा जेल में निरूद्ध बंदियों की समस्याओं की सुनवाई सुनिश्चित करते हुये जेल के बंदियों को विधिक सहायता, स्वच्छता पर जोर देते हुये कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण समस्त बंदियों के विधिक सहायताध्विधिक साक्षरता प्रदान करने हेतु सदैव तत्पर हैं। निरीक्षण के दौरान जिला कारागार अधीक्षक प्रेम सागर शुक्ला, जेलर राजकुमार वर्मा, डिप्टी जेलर मोतीलाल वर्मा, डिप्टी जेलर शिवनाथ पाण्डेय, डिप्टी जेलर आदित्य कुमार, कारागार चिकित्साधिकारी डा0 राहुल त्रिपाठी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय लिपिक प्रदीप कुमार झा आदि उपस्थित रहें।

नाला निर्माण भूमि चिन्हांकन से नगरवासियों में हड़कंप

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

नगर पंचायत कैम्पियरगंज के चौमुखा में नगर कर्मचारीयों एवं राजस्व विभाग ने बुधवार को नगर पंचायत क़स्बे के करमैनी सड़क मार्ग किनारे बने मकानों के अवैध अतिक्रमण को लेकर भूमि को चिन्हित कर अतिक्रमण के जद में आये लोगों को अतिक्रमण शीघ्र हटाने की चेतावनी दी।

नगर पंचायत एवं राजस्व विभाग की इस कार्रवाई से अतिक्रमण के जद में आने वाले दुकानदारों एवं भवन स्वामियों में खलबली मच गयी है। बता दें कि जहां लोगों को अपने खून पसीने की कमाई से बनें मकानों के टूटने का डर सताने लगा है तो वहीं किरायेदारी पर रह रहे अपनी रोजी रोटी का व्यवसाय करने वाले लोगों को रोजी-रोटी को लेकर संकट को आने का गम सताने लगा है।

नगर वासियों ने बताया कि नगर पंचायत द्वारा अगर तोड़ फोड़ जाता है तो मुख्य कस्बाई क्षेत्र पूरी तरह से खत्म हो जाएगा।

भूमि चिन्हांकन के संबंध में पूछे जाने पर ईओ आशीष कुमार सिंह ने बताया कि अनावश्यक तोड़ फोड़ नहीं होगी केवल अतिक्रमण के जद में पाए जाने वाले निर्माण का ही तोड़ फोड़ होगा।

उन्होंने कहा कि लोगों को चाहिए कि चिन्हित किए गए भूमि से तत्काल अपना अतिक्रमण वे खुद हटा लें अन्यथा नगर पंचायत खुद इस अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई सुनिश्चित करेगी।

इस दौरान नगर पंचायत चौमुखा कैम्पियरगंज के ईओ आशीष कुमार, अनुराग मिश्रा, दयाशंकर तिवारी सिंटू, एवं राजस्व निरीक्षक रमाशंकर, लेखपाल गिरजादत्त पाण्डेय, रत्नेश कुमार मिश्र, सहित दर्जनों सफाईकर्मी मौजूद रहे।

नामांकन के दूसरे दिन 1 प्रत्याशी ने किया नामांकन, तीन प्रत्याशियों ने लिया पत्र

- राजनीतिक दलों व निर्दल प्रत्याशियों प्रतिनिधियों द्वारा लिये गये अब तक कुल 17 नामांकन फार्म
- शान्तिपूर्ण व सुरक्षित व माहौल में संचालित हो रहा है, नामांकन कार्य

जन एक्सप्रेस। कुशीनगर

लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु लोकतंत्र के महापर्व में 65 कुशीनगर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र नामांकन हेतु आज दूसरे दिन 1 प्रत्याशी ने नामांकन पत्र दाखिल किया।

नामांकन पत्र बुधवार को संजय सिंह द्वारा अजय प्रताप पुत्र जन्मेजय समाजवादी पार्टी द्वारा 3 सेट में, साहब सिंह द्वारा स्वामी प्रसाद मौर्य हेतु राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी द्वारा 04 सेट में, प्रियेश गौंड द्वारा स्वयं के लिए निर्दल 1 सेट में नामांकन पत्र लिया गया । इस प्रकार बुधवार को कुल 8 नामांकन पत्र का वितरण हुआ। अपना दल यूनाइटेड प्रत्याशी अमीरुद्दीन पुत्र अलाउद्दीन ने अपना नामांकन पत्र 1 सेट में सहायक रिटर्निंग अधिकारी व्यास उमराव के समक्ष दाखिल किया।

जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार कलेक्ट्रेट परिसर के आसपास सुरक्षा व्यवस्था व वैरीकेटिंग के कड़े प्रबन्ध किये गये हैं। मुख्य गेट पर मेटल डिटेक्टर लगाये गये हैं जहां चेकिंग के पश्चात अन्दर के लिये प्रवेश दिया जा रहा था। कलेक्ट्रेट के अन्दर नामांकन स्थल पर जाने के लिये वैरीकेटिंग सीसीटीवी कैमरा एवं बाहर सुरक्षा के कड़े प्रबन्ध किये गये हैं। वैरीकेटिंग पर पुलिस प्रशासन द्वारा सघन चेकिंग आदि की व्यवस्था की गई। अनाधिकृत व्यक्तियों का प्रवेश वर्जित रहा। कलेक्ट्रेट कार्यालय के पास वेटिंग रूम स्थापित किया गया है। पर्चा लेने व नामांकन दाखिल करने की अन्तिम तिथि 14 मई 2024 है।

जाति, धर्म, क्षेत्र, समुदाय से ऊपर उठकर करें मतदान

जन एक्सप्रेस। देवरिया

नगर के जी एम एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमे विद्यालय के आठवीं से बारहवीं के बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में बच्चो ने मतदाता जागरूकता पर अत्याकर्षक रंगोली, बहुत सुंदर मेहंदी, विचारपरक निबंध, अनेकों प्रकार के मनमोहक स्लोगन एवं पेंटिंग प्रस्तुत किए।उपजिलाधिकारी सलेमपुर गिरीश झाँ ने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत उपस्थित सभी छात्र छात्राओं, अध्यापक एवं अध्यापिकाओं को मतदाता के प्रभाव एवं राष्ट्र में मतों का महत्व पर अपने विचार प्रस्तुत करते हुए निष्पक्ष एवं जाति, धर्म, वर्ग, संप्रदाय आदि से ऊपर उठकर मतदान करने की सपथ दिलाई।

लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 अभ्यर्थियों द्वारा निर्वाचन व्यय के लिए अलग बैंक खाता खोले जाने के जारी हुए निर्देश

जन एक्सप्रेस। कुशीनगर

सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद जफर ने कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी पत्र के माध्यम से यह अवगत कराया है कि (निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण पर अनुदेशों का सार संग्रह जनवरी 2024, अनुलग्नक ड7) के द्वारा निर्वाचन अभ्यर्थियों को निर्वाचन व्यय के प्रयोजन हेतु अलग से बैंक खाता खोले जाने के सम्बंध में विस्तृत निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने अवगत कराया है कि निर्वाचन अभ्यर्थी द्वारा निर्वाचन व्यय के उद्देश्य से बैंक खाता स्वयं के नाम से या अपने निर्वाचन अभिकर्ता के साथ संयुक्त नाम से राज्य के किसी भी बैंक (सहकारी बैंक सहित) या डाकघर में खोला जा सकता है। निर्वाचन अभ्यर्थी द्वारा निर्वाचन व्यय से सम्बंधित किसी भी मद के लिए अदा की जाने वाली राशि रु0 10,000ध्- से अधिक नहीं है, तो ऐसे व्यय को, उक्त बैंक खाते से निकासी करके नकद राशि के माध्यम से व्यय की जा सकती है।उन्होंने अवगत कराया है कि आयोग के निर्देश के क्रम में स्टेट लेवल बैंकर्स कमेटी द्वारा प्रदेश के समस्त बैंकों को यह निर्देश परिचालित किये गये हैं कि निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों को निर्वाचन के प्रयोजनार्थ अलग से बैंक खाता खोलने की सुविधा देंगे एवं खाता खोलते समय ही 200 प्रतिपर्णों की चेक बुक (नान पर्सनलाइज) उपलब्ध कराएंगे। उक्त निर्देश से उन्होंने समस्त राजनैतिक दलों, निर्वाचन अभ्यर्थियों, सम्बंधित अधिकारियों एवं डिस्ट्रिक्ट लेवल बैंकर्स कमेटी के माध्यम से जनपद में स्थित समस्त बैंकों के अधिकारियों को भी अवगत कराया है।

एटीएम कार्ड बदल कर उड़ाया 98 हजार

जन एक्सप्रेस/टीकर/बरहज। टीकर निवासी गफ्फार पुत्र सुलेमन चार मई को सेंट्रल बैंक बरहज के एटीएम से पैसा निकालने आए थे।पैसा निकालने के लिए मशीन में कार्ड डाला तो पैसा नहीं निकला। वही खड़े एक व्यक्ति ने पूछा तो गफ्फार ने रुपये न निकलने की बात बताई। खड़े व्यक्ति ने कार्ड लेकर चेक किया, फिर कार्ड वापस कर दिया। मंगलवार को जब गफ्फार पुनः एटीएम से पैसा निकालने पहुंचे तो कार्ड रिजेक्ट बता रहा था। काउंटर पर एटीएम चेक कराने गए तो बैंक कर्मी ने दूसरे खाते का कार्ड होने की बात बताई। उसने खाता चेक किया तो खाते से 98 हजार रुपये की निकासी हो चुकी थी। यह जानकारी होते ही गफ्फार के होश उड़ गए। उन्होंने ने पुलिस को तहरीर दी है।

अखिलेश बने युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव

जन एक्सप्रेस/भाटपार रानी,देवरिया। कांग्रेस ने जनपद के युवा तुर्क अखिलेश मिश्रा के कांग्रेस पार्टी के प्रति समर्पण व लंबे संघर्षों को देखते हुए उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस का प्रदेश महासचिव नियुक्त किया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष चांडी ओमान विधायक, राष्ट्रीय महासचिव उत्तर प्रदेश अब्दुल रहमान के निर्देश पर युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद आदिल ने इन्हें मनोनीत करते हुए कहा कि अखिलेश मिश्रा कांग्रेस की नीति और सिद्धांतों को घर-घर पहुंचने का कार्य करेंगे एवं संगठन को मजबूत करेंगे।

मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस/सलेमपुर,देवरिया। नगर के जीएम एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमे विद्यालय के आठवीं से बारहवीं के बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में बच्चो ने मतदाता जागरूकता पर अत्याकर्षक रंगोली, बहुत सुंदर मेहंदी, विचारपरक निबंध, अनेकों प्रकार के मनमोहक स्लोगन एवं पेंटिंग प्रस्तुत किए।

रक्षकों की कार्य प्रणाली पर शिक्षकों ने उठाए सवाल

जन एक्सप्रेस। आनन्दनगर महराजगंज

जनता इण्टर कालेज पुरन्दरपुर महराजगंज में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ शर्मा गुट की एक आवश्यक बैठक आहूत की गयी। बैठक में जनपद मुख्यालय महराजगंज के शास्त्रीनगर निवासी सेवानिवृत्त महिला शिक्षिका के घर बंधक बनाकर चोरी के मामले में उपस्थित सभी शिक्षकों ने रोष व्यक्त किया है। संगठन जिलाध्यक्ष प्रभात कुमार पाण्डेय ने कहा कि मामला अतिसंवेदनशील है, शिक्षक संघ प्रशासन के नाकामी की घोर निंदा करता है।जिला महामंत्री अरुण कुमार पाण्डेय ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि महिला शिक्षिका को बंधक बनाकर उसके घर हुई लूट की घटना से जनपद का समस्त शिक्षक स्वयं को लूटा हुआ महसूस कर रहा है। श्री पाण्डेय ने पुलिस प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि पुलिस द्वारा शीघ्र ही मामले का पर्दाफास नहीं किया जाता है तो संगठन न्याय के लिए आन्दोलन करने को बाध्य होगा।

बैठक को पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक कुमार राय , पूर्व जिलामंत्री विजय प्रताप सिंह ने भी संबोधित करते हुए लूट में शामिल लोगों के शीघ्र ही गिरफ्तारी की मांग की।

इस दौरान जितेन्द्र पाण्डेय, प्रकाश पाण्डेय,सूरज कुमार शुक्ल, सत्य प्रकाश माधव, कान्ती कुमार यादव, पवन कुमार सिंह, मनोज कन्नौजिया, प्रकाश यादव, राहुल पासवान, पुरुषोत्तम सिंह, आनन्द सिंह, गणेश कुमार गौरव, विरेन्द्र वर्मा, दीन दयाल चौधरी, सुरेन्द्र यादव सहित सैकड़ों शिक्षक उपस्थित रहें।

आरा मशीनों पर प्रतिबंधित लकड़ियों का चिरान जोरों पर

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

जनपद की आरा मशीनों पर हो रहा है ,गैर जनपद से लायी गई बगैर परमिट की लकड़ियों का धड़ल्ले से चिराई किया जा रहा है और वन विभाग के जिम्मेदार मौन है। बताते चलें कि महाराजगंज जनपद के तहसील क्षेत्र के फरेंदा रेंज की बीना परमिट की प्रतिबंधित प्रजाति की लकड़ियों का चिरान कैंपियरगंज के आरा मशीनों पर बेखौफ किया जा रहा है

जिम्मेदारों की मेहरबानी से अवैध तरीको से चिरान जोरो पर मामला कैंम्पियरगंज क्षेत्र के महावनखोर आरा मशीन का है, जहां प्रतिबंधित लकड़ियों के चिरान जोरो पर हो रहा है। सूचना पर पहुंचे वन विभाग कर्मचारियों ने मौके से 18 बोटा सागौन की लकड़ी बरामद कर विधिक कार्यवाही में करने जुटे है।

बता दें कि कुछ माह पूर्व ही उक्त आरा मशीन पर जंगल की साखू की लकड़ी मिलने पर आरा मशीन को विभाग ने सीज किया था परंतु कुछ विभागीय जिम्मेदारों की मेहरबानी से आराम मशीन पर अवैध रूप लकड़ियों का चिरान बेखौफ किया जा रहा है।

बोले एसडीओ, जांच कर की जाएगी कार्रवाई मामले के संबंध पूछे जाने पर उप प्रभागीय वनाधिकारी हरिनारायण यादव ने कहा कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

बारिश व पुरुआ हवाओं से सब्जी की खेती को मिली संजीवनी

जन एक्सप्रेस। कुशीनगर

जिले के किसानों को मौसम के बदले रुख से भले ही आम जन परेशान हुआ हो लेकिन सब्जी उत्पादक किसानों के लिए यह बारिश फायदे मंद साबित हुई है। मंगलवार की दिन मे हुई बारिश और उसके ठीक बाद से चल रही पुरुआ हवा ने किसानों के लिए सोने पर सुहागा का काम किया है। प्रतिवर्ष वर्तमान समय में चलने वाली लू व तपती दोपहरी में सब्जियों की उत्पादकता कम हो जाने से जहां दाम आसमान को छू जाते थे वहीं इस समय हरी सब्जियों के दाम आम जन की जेब के अंदर है। इस मौसम में भिंडी, नेनुआ, बोडा,करैला, लौकी व खीरा सहित ककड़ी, तरबूज व खरबूज की आवक बढ़ गई है।

मंगलवार को आई आंधी-पानी ने तबाही तो मचाई लेकिन सब्जी किसानों के लिए खुशी दे गई। मूसलधार बारिश के चलते जहां खेतों में बोई गई सब्जियों को भरपूर नमी मिली तो रही-सही कसर पुरुआ हवा ने पूरी कर दी। दो दिन से लगातार पुरुआ हवा बह रही है। ऐसे में जिन किसानों ने हरी सब्जी की खेती की है वे ऐसे मौसम को अपने काफी फायदेमंद मान रहे हैं। जहां पुरुआ हवा किसानों के लिए लाभप्रद है तो आम जन परेशान हैं। सुबह से ही उग जा रही धूप के बीच बह रही हवा लोगों को पसीने-पसीने कर रही है। आलम यह है कि लोग पसीने से तर-ब-तर हो रहे हैं। इधर वर्तमान मौसम से हरी सब्जियों के दाम में काफी गिरावट हुई है। वर्तमान में भिंडी 30, नेनुआ 40, लौकी 20, खीरा 20, बोरो 30रूपये प्रति किलोग्राम बिक रहा है। अगर यही हाल कुछ दिनों तक बना रहा तो इनके दामों में और गिरावट दर्ज की जाएगी। बारिश के बाद पुरुआ हवा के चलने से खेतों की नमी नहीं उड़ रही है जबकि पछुआ हवा के चलने से प्रतिदिन किसानों को अपने खेती को बचाने के लिए पानी देना पड़ता है।

सीआरओ को नोडल अधिकारी किया नामित

जन एक्सप्रेस/देवरिया। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के संबंध में राजनैतिक दलों/ निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों के जनसभा, रैली, मीटिंग, वाहन, अस्थायी चुनाव कार्यालय आदि की अनुमति संबंधी सुविधा पोर्टल के माध्यम से प्राप्त आवेदन पत्रों पर श्वहृष्टहृक्रश्व पोर्टल के माध्यम से अनुमति संबंधी कार्यवाही निष्पादित किये जाने हेतु तात्कालिक प्रभाव से मुख्य राजस्व अधिकारी जलराजन चौधरी को नोडल अधिकारी फ्अनुमतिफ्र नामित किया है तथा संसदीय निर्वाचन क्षेत्रवार उक्त कार्य हेतु 06 कार्मिकों की तैनाती की है। 66-देवरिया हेतु सी0आर0ए0/सम्बद्ध आशुलिपिक अपर जिलाधिकारी (प्रशा0) कार्यालय सुजीत कुमार वर्मा एवं शस्त्र लिपिक कलेक्ट्रेट कार्यालय राकेश सिंह, 67-बांसगांव (अ0जा0) हेतु पेशकार मुख्य राजस्व अधिकारी देवरिया कार्यालय वंश बहादुर यादव एवं पेशकार अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) देवरिया कार्यालय भावेश त्रिपाठी तथा 71-सलेमपुर हेतु राजस्व सहायक कलेक्ट्रेट देवरिया कार्यालय संजय कुमार एवं वेतन लिपिक (सम्बद्ध) कलेक्ट्रेट देवरिया कार्यालय सैफ अली की तैनाती की गई है।

ट्रेन मैनेजर का पद पाकर क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत बने: सुजीत राय

जन एक्सप्रेस। भाटपार रानी, देवरिया

भाटपार रानी तहसील अंतर्गत ग्राम छेरिहा निवासी सुजीत राय पुत्र सुदामा राय ने ट्रेन मैनेजर का पद प्राप्त कर क्षेत्र का जहां मान बढ़ाया, वही नौकरी की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत भी बनाकर सामने आए ।आज के समय में जहां सरकारी नौकरी पाने के लिए मशक्कत कर रहे हैं,वही सुजीत राय ने पहले रेलवे के ग्रुप ग्रुप डी में पद प्राप्त किया और वह सलेमपुर में कार्यरत रहे।दूसरी सफलता ट्रेन मैनेजर पद को प्राप्त कर पाए वहीं तीसरी सफलता ग्राम विकास अधिकारी के पद पर जिसका डी वी10 मई 2024 को है लेकिन वह उसे जॉइनिंग नहीं करेंगे सुजीत राय शुरू से ही पढ़ने में बड़े होनहार रहे हैं।इनकी प्रारंभिक शिक्षा हाई स्कूल बापू इंटर कॉलेज सोहनपुर इंटरमीडिएट की परीक्षा एमएसडी इंटर कॉलेज सहजौर व स्नातक इन्होंने मदन मोहन मालवीय पीजी कॉलेज भाटपार रानी व परास्नातक इन्होंने बनकटिया दुबे से किया है। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी स्वामी विवेकानंद स्टडी क्लासेस भाटपार रानी से किया है और यह अपना आदर्श स्वामी विवेकानंद को मानते हैं। ।उनकी सफलता पर शुभकामना देने वालों में उदय नारायण सिंह सम्यक, डॉक्टर कन्हैयालाल गुप्त किशन, सौरभ सिंह कुशवाहा, अनुपम सिंह राजपूत, स्थानीय ग्राम प्रधान सहित अनेक शुभचिंतकों ने दिया।

जिलाधिकारी ने जिला निर्वाचन कार्यालय वेयरहाउस में रखे ईवीएम, वीवीपीएटी मशीनों का किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। कुशीनगर

जिला निर्वाचन अधिकारीध्जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने सुरक्षित निर्वाचन कार्यालय के वेयर हाउस में विधानसभावार रखे ईवीएम वीवीपीएटी का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने अपने समक्ष वेयरहाउस में रखे पडरौना, कुशीनगर, हाटा, खड्डा, फाजिलनगर, रामकोला, तमकुही राज ईवीएम वीवीपैट विधानसभा वार एलॉट होने के बाद सोर्टिंगध् वर्गीकरण के कार्यों का निरीक्षण किया। डीएम उमेश मिश्रा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गये दिशा-निर्देशों के क्रम में एलॉटेड विधानसभावार स्कैन करके ईवीएम एवं वीवीपीएटी मशीनों को वर्गीकृत करें। सभी विधानसभावार मशीनों के बॉक्स पर विधानसभा का नाम का स्टीकर अवश्य रहे जिससे की पहचान किया जा सकें। किसी प्रकार का कोई कमी न रहे। सारे कार्य निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुरूप ही किए जाए। ईवीएम ध् वीवीपीएटी का रखरखाव निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप सुनिश्चित करने के संबन्ध में भी निर्देश दिए गए हैं। सभी एआरओ, तहसीलदार अपनी निगरानी में निर्वाचन संबंधित अपनी उपस्थिति में सभी कार्य संपन्न कराए।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा, उप जिला मजिस्ट्रेट मो0 जफर , तहसीलदार कसया धर्मवीर सिंह, तहसीलदार नरेंद्र राम, जिला उद्यान अधिकारी कृष्ण कुमार, ईवीएम प्रभारी अधिकारी सहित निर्वाचन कार्यालय संबंधित सैयद कमाल असगर रिजवी, वरिष्ठ सहायक, भीम सिंह प्रधान सहायक, कंप्यूटर ऑपरेटर शशि व जनपद स्तरीय अधिकारी कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

एक को जिंदा जलाया, दूसरे की कर दी हत्या, फिर आरोपी की भी हुई मौत

जन एक्सप्रेस। अलीगढ़

अज्ञात युवक ने पहले एक व्यक्ति पर हमला किया, फिर उसमें आग लगा दी। उसके बाद उसने एक अन्य व्यक्ति पर हमला किया, जिससे उसकी भी मौत हो गई। बाद में हत्यारोपी की भी मौत हो गई। गांव में एक साथ तीन मौत से मातम छा गया। टप्पल थाना के नूरपुर गांव में आरोपी ने एक व्यक्ति पर हमला किया और उसमें आग लगा दी। उसके बाद एक अन्य पर हमला किया, जिससे उसकी भी मौत हो गई। दो की हत्या के बाद आरोपी की भी मौत हो गई। एक गांव में तीन-तीन मौत के बाद मातम छा गया। पुलिस ने पहुंच कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं।

8 मई को नूरपुर गांव में उस समय हाहाकार मच गया, जब दो लोगों की हत्या के बाद आरोपी की भी लाश मिली। प्राप्त जानकारी के अनुसार तड़के सुबह करीब साढ़े छ- बजे एक अज्ञात व्यक्ति ने मूंग के खेत में पानी लगा रहे लालाराम पुत्र सोहनलाल उम्र 55 वर्ष पर डंडे से हमला किया। बेहोश होने पर लालाराम की जेब से आरोपी ने माचिस निकाली और अपने कपड़े उतारकर लालाराम को जिन्दा जला दिया। परिजनों ने बताया गया कि घटना में लालाराम के केवल पैर बचे थे। जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

सुबह चारा लेने जा रही महिलाओं ने देखा कि आरोपी नग्न अवस्था में था। उसने खेत पर पानी लगा रहे गफ्फार पुत्र जफ़र उम्र करीब 52 वर्ष के सिर पर जोरदार लाठी से प्रहार किया, जिसमें वह बुरी तरह से घायल हो गया। बाद में गफ्फार की मौत गई। घटना के बाद पूरे गांव में अफरा-तफरी मच गयी। घटना की सूचना पर पहुंचे ग्रामीणों ने उस अज्ञात व्यक्ति को पकड़ लिया। ग्रामीणों ने बताया कि इस दौरान उस अज्ञात व्यक्ति की भी मौत हो गई। घटना के बाद दोनों मृतकों के शव को थाना पुलिस ने पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि अज्ञात व्यक्ति मंदबुद्धि दिखाई पड़ रहा था। वह हामिदपुर के निकटवर्ती गांव मेहंदीपुर का बताया जा रहा है। पूर्व में वह कबड्डी खेल खेलता था। मौके पर पहुंचे अलीगढ़ एसएसपी संजीव सुमन ने बताया कि एक विक्षिप्त व्यक्ति ने एक व्यक्ति पर हमला किया, फिर उसको जिंदा जलाने का प्रयास किया। उसके बाद अन्य व्यक्ति पर भी हमला किया। दोनों लोगों की मौत हो गई। ग्रामीणों ने आरोपी को भी पकड़ा लिया और उसकी भी मौत हो गई।

ताज में गर्मी से 10 सैलानी हुए बीमार, केरल, गुजरात, बंगाल से आए थे घूमने

जन एक्सप्रेस। आगरा

ताज में गर्मी से 10 सैलानी बीमार हो गए। उन्हें उपचार दिलाया गया। यह लोग केरल, गुजरात, बंगाल से घूमने आए थे। मुख्य गुंबद और सेंट्रल टैंक के बीच धूप से तबीयत खराब हो गई।

प्रदेश में सबसे गर्म रहे आगरा में ताजमहल का दीदार करने आए 10 सैलानी बीमार हो गए। 44.5 डिग्री सेल्सियस तापमान में ताजमहल के मुख्य गुंबद और सेंट्रल टैंक के बीच तेज धूप में पर्यटकों की तबीयत बिगड़ गई। जिन्हें प्राथमिक उपचार देना पड़ा। मंगलवार को ताजमहल में चेन्नई से आए पलानिवेल, गुजरात से आए महेंद्र सिंह, अजित सिंह, देवबा लक्ष्मणजी, सुमन की तबीयत खराब हुई तो केरल से आई अन्ना मारिया, केएस मनिकल, मैसूर की रेशमा परवीन और मदीहा बेग को चक्कर आ गए। उन्हें भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के कर्मचारियों ने ओआरएस और ठंडा पानी पिलाया और डिस्पेंसरी ले जाकर प्राथमिक चिकित्सा दिलाई। ताजमहल में दहकते संगमरमर के कारण एक महीने में 350 से ज्यादा पर्यटकों की तबीयत खराब हो चुकी है, जिन्हें उपचार दिया गया है।

मेयर ने नगर आयुक्त को भेजा पत्र, जताई आपत्ति

जन एक्सप्रेस/अलीगढ़। मेयर प्रशांत सिंघल ने पत्र में कहा कि गरमी के इस मौसम में कहीं पेयजल संकट और कहीं दूषित पेयजल आपूर्ति परेशान कर रही है। कई जगह नलकूप या हैंडपंप खराब हैं। इसके चलते लोग परेशान हैं। अलीगढ़ शहर में पेयजल संकट की समस्या को लेकर मेयर प्रशांत सिंघल ने नगर आयुक्त को पत्र भेजा है। इस पत्र में साफ कहा है कि शहर में जगह जगह पेयजल की समस्या सामने आ रही है। मेयर प्रशांत सिंघल ने पत्र में कहा कि गरमी के इस मौसम में कहीं पेयजल संकट और कहीं दूषित पेयजल आपूर्ति परेशान कर रही है। कई जगह नलकूप या हैंडपंप खराब हैं। इसके चलते लोग परेशान हैं। पार्षदों की सुनवाई नहीं हो रही है। उनमें भी आक्रोश है। नगर निगम की छवि धूमिल हो रही है। इस पत्र में इस समस्या का समाधान करने व बेहतर आपूर्ति बहाल कराने, दूषित पेयजल आपूर्ति पर रोक लगाने संबंधी बात कही गई है।

प्रदेश में सबसे गर्म रहा आगरा, तापमान पहुंचा 44.4 डिग्री

जन एक्सप्रेस। आगरा

उत्तर प्रदेश का आगरा जिले में इस मौसम का सबसे गर्म दिन मंगलवार रहा। पारा 44.4 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच जाने से आगरा गर्म जिलों में प्रदेश में पहले पायदान पर पहुंच गया। न्यूनतम तापमान 25.8 डिग्री सेल्सियस रहा। 44.2 डिग्री सेल्सियस के साथ मथुरा-वृंदावन दूसरे और 44.1 डिग्री सेल्सियस के साथ झांसी तीसरे नंबर पर रहा।

मई के पहले सप्ताह में ही गर्मी ने तेवर दिखा दिया है। इससे पहले 5 मई को तापमान 44 डिग्री सेल्सियस के उच्चतम स्तर पर पहुंचा था। मंगलवार को पारे ने उस रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया। यह 44.4 डिग्री सेल्सियस के साथ पूरे प्रदेश में पहले नंबर पर रहा। न्यूनतम तापमान 25.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मंगलवार को सुबह 8 बजे से ही गर्मी ने अपना भीषण अंदाज दिखाना शुरू कर दिया था। 12 बजे से पहले ही अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस पार कर चुका था।

इसके बाद दोपहर 2 बजे के करीब यह 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। शाम 5 बजे के आसपास हल्के बादल छाने से अधिकतम तापमान में आंशिक गिरावट आई। गर्मी के कारण मतदान के लिए जाने वाले लोग भी परेशान दिखाई दिए। सूरज की किरणें गर्मी और गर्म हवा लोगों को परेशान करती रहीं। मौसम विभाग के पूर्वानुमान केंद्र के अनुसार 8 और 9 मई को तापमान में कोई विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है।

मोदी जी के प्रति जनता का प्यार, इस बार होगा चार सौ पार: राघवेन्द्र द्विवेदी

जन एक्सप्रेस। मधुबन, मऊ

भाजपा आम जनमानस की गारंटी व नरेन्द्र मोदी जी के साथ देश का तेजी से हो रहे विकास के मुद्दों पर लोकसभा का चुनाव करा रही है। जनता का अपार विश्वास और मोदी जी के प्रति प्यार इस बार के चुनाव में करा रहा है चार सौ पार का नारा साकार। उक्त बातें 2024 के लोकसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) में शामिल सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के प्रवक्ता राघवेंद्र द्विवेदी एनडीए के तहत घोसी-70 से लोकसभा प्रत्याशी डॉक्टर अरविंद राजभर के लिए कर रहें लगातर जनसंपर्क में कही।

श्री द्विवेदी ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत का मान विश्व में बढ़ा है। देश की जनता ने मोदी जी की गारंटी देश का भविष्य भाजपा के हाथों में सुरक्षित देख रही है। गांवों से लेकर शहरों का विकास तेजी से हो रहा है। किसानों के आय को दूना करने में सरकार नये तकनीकी का प्रयोग कर सबका साथ-सबका विकास व सबके विश्वास पर खरा उतरने में मोदी सरकार सफल रही है।

श्री द्विवेदी ने कहा कि सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी हमेशा से गरीबों, पिछड़ों, शोषितों व वंचितों की लड़ाई लड़ने वाली पार्टी है। आज किसी विपक्षी पार्टियों के पास कोई मुद्दा नहीं रह गया है। मोदी जी ने 370 हटाया, 500 वर्षो से अधिक राम मंदिर के मुद्दे को नियमानुसार हल कराकर अयोध्या में भगवान प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर का निर्माण कराया, तीन तलाक जैसे मुद्दे पर कानून बनाकर मुस्लिम महिलाओं को एक सम्बल प्रदान किया। गरीबों के लिए आवास, शौचालय, निःशुल्क राशन, गैस कनेक्शन आदि योजनाओं का लाभ देकर उन्हें उठाने का काम किया है साथ ही सरकार ने जन कल्याणकारी योजनाएं चलाकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का काम किया है। आज उसी के बदौलत भाजपा चार सौ पार करने जा रही है।

कांग्रेस नेता हरिकिशन को टक्कर मारने वाला दबोचा

जन एक्सप्रेस। नोएडा

रोहिणी जिले की प्रशांत विहार थाना पुलिस ने पूर्व मनोनीत नगर निगम पार्षद हरिकिशन जिंदल की सड़क हादसे में मौत के मामले में आरोपी कार चालक को दबोच लिया है। आरोपी की पहचान रोहिणी सेक्टर-14 निवासी प्रापर्टी डीलर चिराग चौधरी (24) के रूप में हुई है। डर की वजह से वह भाग गया था। पुलिस ने मामला दर्ज कर करीब 250 सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल के बाद आरोपी को घर से दबोच लिया। पुलिस ने आरोपी के पास से विटारा एसयूवी भी बरामद कर ली है।

*** प्रशांत विहार में जिंदल की सड़क हादसे में मौत का मामला**

रोहिणी जिला पुलिस उपायुक्त गुरइकबाल सिंह सिद्धू ने बताया कि बंदा बहादुर सोसायटी निवासी हरिकिशन मंगलवार सुबह घर से सैर के लिए निकले थे। इसके बाद वे बालाजी मंदिर में गए थे, लेकिन बाहर निकलते ही अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी थी। हरिकिशन जिंदल को बाबा साहब आंबेडकर अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। जांच में पुलिस को पता चला कि सफेद रंग की एसयूवी ने टक्कर मारी है। प्रशांत विहार थाना प्रभारी सत्येंद्र खारी व अन्यों की टीम ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगाला। करीब 250 कैमरे देखने के बाद आरोपी की कार के नंबर से पहचान हुई। बुधवार सुबह पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया। हादसे के समय वह अपने दोस्तों को छोड़ने जा रहा था। हरिकिशन आदर्श नगर ब्लॉक के अध्यक्ष रह चुके थे। इसके अलावा वजीरपुर से एक बार विधानसभा चुनाव भी लड़ चुके थे। शीला दीक्षित की सरकार के समय उन्हें मनोनीत निगम पार्षद बनाया गया था।

ओडीएल और ऑनलाइन से मान्य नहीं है इंजीनियरिंग और होटल मैनेजमेंट की पढ़ाई

जन एक्सप्रेस। नोएडा

तकनीकी कॉलेजों में दाखिला लेने वाले छात्र ध्यान दें। तकनीकी कॉलेजों में इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, होटल मैनेजमेंट, कैटरिंग टेक्नोलॉजी, एप्लाइड ऑर्ट एंड क्रॉफ्ट एंड डिजाइन पाठ्यक्रम की पढ़ाई ऑनलाइन डिग्री प्रोग्राम और ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग मोड (ओडीएल)से नहीं करवाई जा सकती है। इसलिए यदि कोई छात्र इन प्रोग्राम में ऑनलाइन या ओडीएल से पढ़ाई करता है तो उसकी डिग्री या डिप्लोमा मान्य नहीं होगा। ढ्ढअखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) के सदस्य सचिव प्रोफेसर राजीव कुमार ने सभी राज्यों और तकनीकी कॉलेजों को पत्र लिखा है। उन्होंने बताया कि एआईसीटीई के नियमों के तहत इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, प्लानिंग, होटल मैनेजमेंट और कैटरिंग टेक्नोलॉजी, एप्लाइड ऑर्ट, क्रॉफ्ट व डिजाइन पाठ्यक्रमों के स्नातक, स्नातकोत्तर समेत डिप्लोमा प्रोग्राम को ऑनलाइन डिग्री और ओडीएल मोड से ऑफर नहीं किया जा सकता है। ढ्ढतकनीकी कॉलेजों के यह पाठ्यक्रम ऑनलाइन और ओडीएल में से किसी भी माध्यम से डिग्री या डिप्लोमा मान्य नहीं होंगे। हालांकि, ढ्ढतकनीकी कॉलेजों में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, मैनेजमेंट, कंप्यूटर एप्लीकेशन, डाटा साइंस,साइबर सिक्योरिटी, ब्लॉक चैन, ढ्ढलॉजिस्टिक्स, ट्रेवल और टूरिज्म पाठ्यक्रम में ऑनलाइन और ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग मोड से स्नातक, स्नातकोत्तर और डिप्लोमा व पीजी डिप्लोमा प्रोग्राम में पढ़ाई करवाई जा सकती है।

हत्या के 100 घंटे में पुलिस ने 140 कैमरे, 15 अपराधियों से पूछताछ की

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद

शालीमार गार्डन थाना क्षेत्र के राजेंद्रनगर में टाटा कंपनी के सेल्स हेड विनय त्यागी हत्या कांड के 100 घंटे बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं। पुलिस इन 100 घंटों में अभी तक 140 सीसीटीवी कैमरे, 15 अपराधियों और 70 संदिग्धों से पूछताछ कर चुकी है। एसीपी शालीमार गार्डन सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि विनय त्यागी ने जिस स्थान से अपनी पत्नी को लोकेशन भेजी है, उस लोकेशन से घटना स्थल करीब ढ़ाई किलो मीटर दूर है। वहीं, घर करीब सवा किलो मीटर दूर है। पुलिस ने घटना के खुलासे के लिए ढाई किलो मीटर के रास्तों पर लगे करीब 60 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। ज्यादातर कैमरे खराब मिले हैं। वहीं, घटना स्थल के आसपास रहे रहे करीब 6 परिवार के सदस्यों से पूछताछ की गई है। किसी ने भी किसी के रोने और चिल्लाने की आवाज नहीं सुनी है। संभावना है कि विनय त्यागी की हत्या कहीं और की गई है।

वॉकर में चलने से टेढ़ी हो रहीं बच्चों की हड्डियां

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद

हमारा 18 महीने का बच्चा चलता है तो एड़ी जमीन पर नहीं होती। पंजे के बल पर ही आगे बढ़ता है..., राजनगर एक्सटेंशन की रहने वाली शिक्षिका ने यह समस्या डॉक्टर को बताई। जवाब मिला, यह समस्या बेबी वॉकर की वजह से आई है। डॉक्टर ने बताया कि यह इस तरह का अकेला मामला नहीं है। रोज तीन से चार अभिभावक इस तरह की समस्या लेकर आ रहे हैं।

संजयनगर स्थित संयुक्त जिला अस्पताल में संचालित अर्ली इंटरवेंसन सेंटर में फिजियोथेरेपी से ऐसे बच्चों का उपचार किया जाता है। संजयनगर से ही मंगलवार को एक केस आया। महिला ने बताया कि 11 महीने का बच्चा वॉकर में तो तेज चल लेता है लेकिन वॉकर हटाते ही चलने में डरता है। डॉक्टर ने वॉकर का प्रयोग बंद कराने के लिए कहा है। डॉक्टर ने बताया कि वॉकर से चलने के कारण एड़ी की मांसपेशियां कमजोर हो गई हैं। इस कारण से बच्चे को स्वयं चलने में परेशानी हो रही है। निजी अस्पतालों से भी ऐसे बच्चे रेफर होकर सेंटर पर आ रहे हैं। इनकी पांच से सात महीने तक फिजियोथेरेपी करानी पड़ती है।

सेंटर की फिजियोथेरेपिस्ट मीनाक्षी सिंह ने बताया कि मां का तर्क होता है कि रसोई का काम करने के दौरान बच्चे की देखभाल में परेशानी होती है। वॉकर में बच्चा खुश भी रहता है और चलने का प्रयास भी करता है। उन्हें यह नहीं पता होता है कि वॉकर से चलाने के प्रयास में बच्चे के पैर का सिर्फ पंजा फर्श पर पड़ता है। इससे बच्चे की रीढ़ की हड्डी पर जोर पड़ता है। पाचन क्षमता भी प्रभावित हो जाती है। एड़ी की मांसपेशियां कमजोर और संकुचित हो रही हैं। इस कारण से बच्चों का विकास भी समय पर नहीं हो पाता है।वॉकर में बच्चा खुश भी रहता है और चलने का प्रयास भी करता है। उन्हें यह नहीं पता होता है कि वॉकर से चलाने के प्रयास में बच्चे के पैर का सिर्फ पंजा फर्श पर पड़ता है। इससे बच्चे की रीढ़ की हड्डी पर जोर पड़ता है। पाचन क्षमता भी प्रभावित हो जाती है। एड़ी की मांसपेशियां कमजोर और संकुचित हो रही हैं। इस कारण से बच्चों का विकास भी समय पर नहीं हो पाता है।

एमएमजी अस्पताल के अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. विनयकांत का कहना है कि कुछ सालों में ऐसे मामले काफी ज्यादा सामने आ रहे हैं जिसमें बच्चों को वॉकर के कारण चोट लगी है। पैरों की हड्डियों पर इसका असर हो रहा है। ओपीडी में रोजाना 15 से 20 बच्चे ऐसे आते हैं जो हड्डियों से जुड़ी बीमारी से परेशान होते हैं। छह से आठ महीने के बच्चों में एडी की समस्या वॉकर की वजह से हो रही है। 11 महीने से पहले बच्चे को वॉकर में नहीं बैठाना चाहिए। इससे पहले बच्चों के पैरों पर बोझ डालने से ये समस्याएं पैदा हो रही हैं।

बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. विनय उपाध्याय का कहना है कि कम उम्र में जब बच्चों को वॉकर में बिठा दिया जाता है और माता-पिता ये सोचने लगते हैं कि इससे हमारा बच्चा जल्दी चलने लगेगा। ये सोच गलत है।

बच्चा तभी चलेगा जब उसकी चलने की सही उम्र आएगी। उन्होंने बताया कि बच्चा स्वत- आठ से 12 महीने के बीच चलने लगता है। ऐसे में मां-बाप को चलाने के लिए जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए।

थैलेसीमिया के 200 मरीजों को मिल रहा है निशुल्क खून

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद

थैलेसीमिया के 200 मरीजों को निशुल्क रक्त एमएमजी अस्पताल के ब्लड बैंक से दिया जा रहा है। यह सभी मरीज ब्लड बैंक में पंजीकृत हैं। जिले में मरीजों की जांच और इलाज की कोई व्यवस्था नहीं है। लोगों को थैलेसीमिया के बारे में जागरूक करने के लिए हर वर्ष आठ मई को विश्व थैलेसीमिया दिवस के रूप में मनाया जाता है। सीएमओ डॉ. भवतोष शंखधार का कहना है कि थैलेसीमिया के मरीजों के लिए निशुल्क खून की व्यवस्था है। अगर कोई संदिग्ध मरीज मिलता है तो उसे जांच के लिए दिल्ली रेफर कर दिया जाता है।

फिजिशियन डॉ. संतराम वर्मा का कहना है कि यह एक आनुवंशिक बीमारी है, जो बच्चों को मां-बाप से मिलती है। बीमारी से ग्रसित बच्चे में हीमोग्लोबिन प्रोटीन नहीं बनने से खून की कमी होने लगती है। इस कारण से लाल रुधिर कणिकाएं नष्ट होने लगती हैं, नई कणिकाएं नहीं बनने से शरीर में खून की कमी होने लगती है। जिससे दूसरी बीमारियां होने का भी खतरा हो जाता है। शादी से पहले लड़के और लड़की के स्वास्थ्य जांच रिपोर्ट का मिलान किया जाना चाहिए। अगर माता और पिता में थैलेसीमिया होगा तभी बच्चों में यह बीमारी मुख्य रूप से उभरेगी। यदि माता या पिता में किसी एक में बीमारी होगी तो बच्चों में थैलीसीमिया होने के लक्षण कम होते हैं। थैलेसीमिया माइनर में कोई विशेष परेशानी नहीं होती है, सिर्फ खून की सामान्य कमी यानी एनिमिक होते हैं। कई बार उन्हें दवाओं की भी जरूरत नहीं होती है। जबकि थैलेसीमिया मेजर के 90 प्रतिशत मामलों में बच्चे युवावस्था तक भी नहीं पहुंच पाते। उन्हें हर 15 दिन या एक महीने में रक्त चढ़ाने की जरूरत पड़ती है, इससे कई बार उनमें आयरन की मात्रा बहुत ज्यादा बढ़ जाती है, बाद में उसे भी निकालना पड़ता है। इसलिए जरूरी है कि शादी से पहले चिकित्सकीय जांच का मिलान जरूर किया जाए।

सिसोदिया की जमानत याचिकाओं पर जवाब के लिए ईडी व सीबीआई को समय प्रदान

जन एक्सप्रेस। नोएडा

हाईकोर्ट ने आबकारी नीति से जुड़े भ्रष्टाचार एवं धनशोधन के मामलों में पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत याचिकाओं पर जवाब दाखिल करने के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) व केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को चार दिनों का और समय प्रदान किया है। ईडी ने कहा कि मामले में पूरक आरोपपत्र दायर किया जाएगा। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने ईडी व सीबीआई के आग्रह को स्वीकार कर मामले की सुनवाई 14 मई के लिए स्थगित कर दी।ईडी एवं सीबीआई के वकीलों ने न्यायमूर्ति से कहा कि उन्हें जवाब दाखिल करने के लिए एक हफ्ते का और समय चाहिए। ईडी के वकील जोहेब हुसैन ने यह भी कहा कि जांच अधिकारी इस मामले की जांच के अहम मोड़ पर हैं। वे पूरक आरोप पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया में हैं, इसलिए और समय चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि एक सह आरोपी का मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित है। सिसोदिया के वकील विवेक जैन ने इसका विरोध करते हुए कहा कि ईडी ने सुप्रीम कोर्ट में वचन दिया था कि छह महीने में सुनवाई पूरी हो जाएगी।

हत्या के प्रयास में दो बार गोल्ड जीतने वाला पहलवान गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। नोएडा

तिमारपुर में 21 अप्रैल को युवक पर गोली चलाकर जान से मारने के प्रयास मामले में अपराध शाखा ने राज्य स्तरीय पहलवान सुमित (19) को गिरफ्तार किया है। आरोपी से पूछताछ कर बाकी साथियों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। आरोपी दिल्ली की ओर से खेलते हुए दो बार गोल्ड मेडल जीत चुका है। एक दोस्त की प्रेमिका को लेकर हुए विवाद में सुमित ने अन्य आरोपियों के साथ मिलकर विष्णु पर गोली चला दी थी, लेकिन वह बाल-बाल बच गया था। अपराध शाखा के पुलिस उपायुक्त सतीश कुमार ने बताया कि तिमारपुर में विष्णु पर गोली चलाई गई थी, लेकिन गोली उसे न लगकर कहीं और लगी थी। हमले के बाद आरोपी फरार हो गए थे। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने 24 अप्रैल को हत्या के प्रयास, जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज किया था। लोकल पुलिस के अलावा अपराध शाखा की टीम को जांच में शामिल किया गया। छानबीन के दौरान एसीपी विवेक त्यागी, इंस्पेक्टर सतीश मलिक व अन्यों की टीम को सुमित के मुकरबा चौक के आसपास आने की जानकारी मिली। इसके बाद पुलिस ने उसे बस स्टैंड से दबोच लिया। पूछताछ में पता चला कि सुमित के दोस्त सागर की प्रेमिका से विष्णु नजदीकियां बढ़ा रहा था। कई बार उसे लड़की से दूर रहने के लिए भी कहा गया था, लेकिन वह नहीं मान रहा था। घटना वाले दिन सुमित, सागर, निखिल, देव और अनिकेत विष्णु की हत्या के लिए एकत्र हुए।

टोल प्लॉजा से निशुल्क न निकालने पर किया हंगामा

जन एक्सप्रेस/अलीगढ़। टोल प्लॉजा से वाहन निशुल्क न निकालने, संगठन पदाधिकारियों से अभद्र व्यवहार किए जाने का आरोप लगाते हुए मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन टिकैत के कार्यकर्ताओं ने टोल प्लॉजा पर धरना देने के साथ हंगामा किया। इस दौरान जबरन बैरियर खोलने पर महिला टोल कर्मियों और भाकियू कार्यकर्ताओं के बीच नोकझोंक भी हुई। सूचना पर थाना पुलिस सहित एसडीएम खैर दिप्विजय सिंह और सीओ गभाना शुबेंदु सिंह पहुंच गए। भाकियू कार्यकर्ताओं ने टोल प्लॉजा मैनेजर दिनेश कुमार सहित दस टोल कर्मियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। साथ ही नौ मई तक महिला टोल कर्मी न हटाए जाने पर 11 मई को टोल प्लॉजा पर ही पंचायत करने की चेतावनी दी।धरने में अलीगढ़ सहित बुलंदशहर, हापुड़ आदि जिलों के किसान नेता शामिल हुए। करीब पांच घंटे तक धरना और हंगामा चला।

देर रात तक धनीपुर मंडी में जमा हुई ईवीएम

जन एक्सप्रेस। अलीगढ़

शाम छह बजे मतदान समाप्ति पर ईवीएम, वीवीपैट समेत अन्य दस्तावेजों को सील करने की कार्रवाई पूरी करने में पोलिंग पार्टियों को अतिरिक्त समय लगा। इसके बाद वाहनों के जरिए पोलिंग पार्टियों का धनीपुर मंडी में पहुंचना शुरू हो गया। तीसरे चरण में 7 मई को चुनाव शांति पूर्वक संपन्न हुआ। छर्रा व इगलास विधानसभा क्षेत्र में मतदान कराने के बाद सभी 895 पोलिंग पार्टियों ने देर रात धनीपुर मंडी पहुंच कर ईवीएम को स्ट्रांग रूम में जमा करा दिया। अब चार जून को धनीपुर मंडी में ही मतगणना के बाद मतदाताओं का फैसला सामने आएगा।

शाम छह बजे मतदान समाप्ति पर ईवीएम, वीवीपैट समेत अन्य दस्तावेजों को सील करने की कार्रवाई पूरी करने में पोलिंग पार्टियों को अतिरिक्त समय लगा।

इसके बाद वाहनों के जरिए पोलिंग पार्टियों का धनीपुर मंडी में पहुंचना शुरू हो गया। सभी पोलिंग पार्टियों से जुड़े वाहनों को सेक्टर मजिस्ट्रेट व जोनल मजिस्ट्रेट की कड़ी निगरानी व सुरक्षा के बीच बाईपास, गंदा नाला, बौनेर बाईपास, एटा चुंगी आदि रास्ते से धनीपुर मंडी लाया गया। इस दौरान संबंधित रूटों पर पोलिंग पार्टियों के वाहनों के अलावा अन्य किसी वाहन को नहीं गुजरने दिया गया। ऐसे वाहनों को वापस कर उन्हें वैकल्पिक मार्गों के जरिए भेजा गया।

मां और बेटे को गला काटकर उतारा मौत के घाट, घर से नकदी और जेवरात गायब

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद

गाजियाबाद में डबल मर्डर का मामला सामने आया है। लोनी के गुलाब वाटिका कॉलोनी की गली नंबर 10 में मां और बेटे की गला रेतकर हत्या कर दी गई है। गाजियाबाद में डबल मर्डर का मामला सामने आया है। लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र के गुलाब वाटिका कॉलोनी में बुधवार सुबह घर में मां यशोदा देवी (65) और बेटे बिजेंद्र (35) का शव कमरे में बैड के ऊपर मिला है। दोनों खून से लथपथ मिले हैं। बताया जा रहा है कि दूसरे कमरे की अलमारी से नकदी और जेवरात गायब है। मकान की दूसरी मंजिल पर यह घटना हुई है। तीसरी मंजिल पर परिवार सो रहा था। सूचना पर पहुंची पुलिस में घटना स्थल का निरीक्षण किया। यशोदा देवी पत्नी हरि नारायण परिवार के साथ रहती थी। यशोदा के पति की करीब 10 साल पहले मौत हो चुकी है। यशोदा का बेटा बिजेंदर दिव्यांग था। मकान की तीसरी मंजिल पर बिजेंदर का भाई धर्मेंद्र अपनी पत्नी और बच्चों के साथ रह रहा है। बुधवार सुबह यशोदा और उसके बेटे बिजेंदर का शव कमरे में बेड के ऊपर मिला। दोनों लहूलूहान पड़े थे। धर्मेंद्र के बच्चे जब नीचे आए तो उन्हें घटना का पता चला। इसके बाद परिजनों ने पुलिस को घटना की सूचना दी। आरोप लगाया है कि हत्यारे नीचे घर से घुसे और यशोदा और विजेंद्र की हत्या कर दी।

बांके बिहारी ट्रस्ट की जमीन पर विराजमान दुकानदारों को नोटिस देकर भूले, कब्जा बरकरार

* 3 महीने बाद भी स्वामित्व संबंधी अभिलेख दुकानदारों ने एसडीएम के समक्ष नहीं किए पेश

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

बीसलपुर नगर की पुरानी गल्ला मंडी स्थित श्री बांके बिहारी ट्रस्ट की जमीन पर अवैध रूप से दुकान बनवाकर किए गए कब्जे के मामले में एसडीएम ने जांच करने के उपरांत 5 महीने बीत जाने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की। इससे पूर्व भी कई बार जांच पड़ताल की गई और मामले को दबा दिया गया। बता दें कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में पिछले 6 माह पूर्व जिलाधिकारी प्रवीण कुमार से नगर के संतोष वर्मा ने तहसील दिवस में शिकायत दर्ज कराई थी। जिसमें उन्होंने बांके बिहारी ट्रस्ट की जमीन पर 68 दुकानें बनी होने का जिक्र करते हुए आरोप लगाया था कि अवैध कबजेदारों ने आज तक ट्रस्ट में किराए के नाम पर 1 रुपया भी जमा नहीं किया। जिस पर तत्कालीन एडीएम राम सिंह गौतम के द्वारा बीसलपुर के एसडीएम से चार बिंदुओं पर रिपोर्ट तलब की इसके बाद एसडीएम महिपाल सिंह ने इस मामले की चार बिंदुओं पर बिलसंडा नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी से रिपोर्ट तलब की लेकिन उनके द्वारा सभी बिंदुओं पर कोई जानकारी नहीं होने की बात कह कर रिपोर्ट दी गई। जबकि उन्हें ट्रस्ट की जमीन पर कुल कितनी दुकानें बनी होने और उन पर कौन-कौन व्यक्ति अवैध कब्जेदार है क्या उनसे किराया वसूला जा रहा है इतना ही नहीं उन्होंने काबिज लोगों से

> “ बांके बिहारी ट्रस्ट की जमीन पर अवैध रूप से जिन लोगों ने कब्जा करके दुकानों का निर्माण कराया गया है उन्हें अल्टीमेटम के साथ नोटिस जारी किए गए थे। लोकसभा चुनाव की वजह से व्यस्तता रही जिस कारण कार्रवाई को गति नहीं मिल सकी। जल्द ही सख्त कार्रवाई की जाएगी।
>
> महिपाल सिंह
> एसडीएम बीसलपुर।

नियम अनुसार जगह का आवंटन किए जाने के बाबत विस्तृत रिपोर्ट देनी थी परंतु मामले में लीपापोती करते हुए नगर पंचायत प्रशासन द्वारा कोई जानकारी नहीं होने का जिक्र करते हुए रिपोर्ट दी गई। इसके बाद एसडीएम ने पिछले दिनों स्वयं आकर जांच की जांच के दौरान कई दुकानदारों ने दुकान का बैनामा होने की बात तो कहीं परंतु मौके पर किसी भी दुकानदार ने बैनामा नहीं दिखा पाया। यही वजह है कि एसडीएम ने ऐसे सभी दुकानदारों को पुनः नोटिस जारी किया। जिसमें उन्होंने 3 दिन के अंदर दुकानों के स्वामित्व संबंधी अभिलेख पेश करने का निर्देश दिया था। उधर प्रशासन की इस कार्रवाई से ऐसे सभी दुकानदारों में हड़कंप मचा हुआ है जो अवैध रूप से श्री बांके बिहारी ट्रस्ट की करोड़ों रुपए कीमती जमीन पर वर्षों से काबिज हैं। बताते हैं कि सपा शासन काल में जब मामले ने तूल पकड़ा तब तत्कालीन तहसीलदार नन्हे सिंह यादव ने इस मामले की जांच की थी। कोई कार्रवाई अमल में आ पाती इससे पहले ही उनका स्थानांतरण हो गया था। उसके बाद पूर्व एसडीएम वंदना त्रिवेदी ने भी ट्रस्ट पर काबिज दुकानदारों से किराया जमा करने को कहा था परंतु आज तक किसी ने भी किराया जमा नहीं किया। बिलसंडा नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी के द्वारा गोल-गोल तरीके से दी गई रिपोर्ट के बाद 15 जनवरी को एसडीएम महिपाल सिंह ने स्वयं मौके पर आकर मामले की जांच की थी। उन्होंने ट्रस्ट की जमीन पर विराजमान दुकानदारों से पूछताछ करने के साथ ही कई बिंदुओं पर जानकारी भी की थी। उधर एसडीएम महिपाल सिंह ने सभी दुकानदारों को तहसीलदार के माध्यम से नोटिस रिसीव कराए गए थे। तीन दिन के अंदर स्वामित्व संबंधी अभिलेख पेश करने को कहा गया था। पांच महीने बीत जाने के बाद भी कब्जदारों ने कार्यालय में अभिलेख प्रस्तुत नहीं किए न ही राजस्व प्रशासन के द्वारा श्री बांके बिहारी ट्रस्ट की नगर की पुरानी गल्ला मंडी में स्थित करोड़ की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा करने वालों के खिलाफ कोई कार्रवाई अमल में लाई गई।

रेडक्रास सोसायटी ने आयोजित किया रक्तदान शिविर का जिलाधिकारी ने किया उदघाटन

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

रेडक्रास दिवस पर बुधवार को स्थानीय राजकीय स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय के रक्तकोष में रेडक्रास सोसायटी ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने फीता काटकर उदघाटन किया। जिलाधिकारी ने शिविर आयोजन को रेडक्रास सोसायटी के सेवा कार्य का अनुपम उदाहरण बताया।

रक्तदान शिविर में पीलीभीत टाईगर रिजर्व के उपनिदेशक मनीष सिंह, वन एवं वन्यजीव प्रभाग के उपप्रभागीय वनाधिकारी अंजनी कुमार श्रीवास्तव, टीवी अस्पताल के सुपरवाइजर राजेश गंगवार, स्वच्छ भारत मिशन के मरौरी विकासखंड के ब्लाक कॉर्डीनेटर अनुदित अग्निहोत्री एवं नितिन पांडेय, टीवी अस्पताल की अनामिका श्रीवास्तव, स्वास्थ्य विभाग के अंकुर भटनागर तथा प्रिया शर्मा सहित एक दर्जन से अधिक लोगों ने रक्तदान किया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने रक्तदाताओं का फूल देकर स्वागत किया। रक्तदान शिविर के दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.आलोक कुमार, रेडक्रास सोसायटी के अवैतनिक जिला सचिव कौशलेंद्र भदौरिया, पुष्प् इंस्टीट्यूट के प्रबंध निदेशक डा.एसपीएस संधू, रेडक्रास सोसायटी के आजीवन सदस्य हर्षल सिंह, रक्तदान कार्यक्रम के कार्यक्रम निदेशक डॉ.अमिताभ अग्निहोत्री, राजकीय स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.संगीता अनेजा, मुख्य चिकित्साधीक्षक डॉ.संजीव सक्सेना एवं डॉ.राजेश कुमार, सौरभ पाण्डेय उपस्थित रहे।

रक्तदान शिविर में रक्तकोष की प्रभारी डॉ.विभूति गोयल, डॉ.अमृता सिंह, दिग्विजय आर्य, कपिल वैश्य, अमरीन फात्मा, ब्रजेश, भानुप्रताप, नरेंद्र सिंह एवं सुरेंद्र ने विशेष सहयोग दिया। सोसायटी के सचिव कौशलेंद्र भदौरिया ने सोसायटी की ओर से आये अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किये। कार्यक्रम निदेशक डॉ.अमिताभ अग्निहोत्री ने सभी का आभार जताया।

स्ट्रांगरूमों की सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

आज जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार सिंह ने आज मण्डी परिसर स्थित स्ट्रांगरूमों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने स्ट्रांगरूमों की सुरक्षा हेतु तैनात फोर्स से बातचीत की और उनसे सुरक्षा व्यवस्था के साथ बुनियादी सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। मौके पर तैनात सुरक्षा कर्मियों द्वारा अवगत कराया कि किसी भी प्रकार की समस्या नही है। इसके साथ ही जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा विधानसभा वार सीसीटीवी कैमरों से की जा रही निगरानी की जांच की गई। उन्होंने मण्डी में तैनात पुलिस कर्मियों की ड्यूटी के सम्बन्ध में भी जानकारी ली और सभी को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

काशी से निकले संदेश से होगा अबकी बार-400 पार

जन एक्सप्रेस । वाराणसी

कभी विकास के गुजरात मॉडल पर सवार नरेंद्र मोदी 2014 में वाराणसी आये तो काशी के विकास मॉडल को पूरे देश में नजीर बना दिया। इसी मॉडल के जरिए 2024 लोकसभा चुनाव में अबकी बार 400 पार का लक्ष्य प्राप्त करेंगे। यह सर्वविदित है कि काशी से निकला संदेश सिर्फ पूर्वांचल तक ही नहीं जाता बल्कि बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, दिल्ली, मध्य प्रदेश होते हुए समूचे देश तक जाता है। इस बार का लोकसभा चुनाव इसलिए भी महत्वपूर्ण हो गया है कि काशी के सांसद नरेंद्र मोदी की सोच के अनुरूप श्री काशी विश्वनाथ धाम का भव्य निर्माण हुआ और प्रधानमंत्री के रूप में उन्हें 500 वर्ष बाद अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का अवसर मिला। इन दोनों बड़े अवसरों के बाद लोकसभा चुनाव-2024 होने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश से निकली आवाज के बलबूते भाजपा नित विकास कार्यों, लाभार्थियों और आस्था के सहारे 400 सीटों की रिकॉर्ड जीत के साथ हैट्रिक बनाने पर लगी है। 400 पार के लिए 80 आधार नरेंद्र मोदी 2014 में काशी की पिच पर बैटिंग करने आए तो सबसे पहले विकास की बाउंड्री पर नजर टिका दी। 2017 में दूसरे छोर पर देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश में उन्होंने सबसे कुशल पार्टनर योगी आदित्यनाथ को तैनात किया। फिर दोनों छोर से जबर्दस्त बैटिंग शुरू हुई। एक ने विकास समेत देश की सुरक्षा का कमान संभाला तो दूसरे ने उत्तर प्रदेश में कानून से खेलने वालों के छक्के छुड़ा दिए। धीरे-धीरे विपक्षी कैच आउट होते चले गए, जिससे उनकी टीम के हौसले भी पस्त हो गए। कुछ ही खिलाड़ी मैदान में बचे। नरेंद्र मोदी की 2019 में दूसरी पारी शुरू हुई तो 2022 में उत्तर प्रदेश की जनता ने फिर योगी को सेलेक्ट किया। इसके बाद दोनों धुरंधरों ने फिर बल्लेबाजी की। नरेंद्र मोदी ने 400 पार का मन बनाया तो योगी आदित्यनाथ ने इसके लिए 80 को आधार बना लिया। बुलडोजर शॉट से यूपी में धराशायी उत्तर प्रदेश के माफिया* अब नरेंद्र मोदी तीसरी पारी खेलने के लिए तैयार हैं। इसमें सबसे मजबूत खिलाड़ी के रूप में उत्तर प्रदेश के कप्तान योगी आदित्यनाथ उनका बखूबी साथ निभा रहे हैं। आलराउंडर के रूप में इस खिलाड़ी की मांग भी पूरे देश में है। इनके बुलडोजर शॉट से राजनीति की पिच पर वर्षों से बैटिंग कर रहे बड़े-बड़े धुरंधर घबराने लगे हैं। अपराध, गरीब उत्पीड़न व अन्य गलत गतिविधियों के साथ राजनीतिक पिच पर खेलने वाले खिलाड़ियों को बाबा ने रिटायर्ड हर्ट कर दिया है। कुछ खेलने लायक नहीं बचे तो कुछ ने राजनीति से संन्यास ले लिया है।

पूरनपुर चीनी मिल के ग्राम बिनौरा में कृषक जागरूकता गोष्ठी का हुआ आयोजन

* गन्ने की कटाई के तुरंत बाद पेड़ी प्रबंधन करने से करने का खुटार अच्छा होता है: खुशीराम भार्गव

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

बुधवार को जनपद के तहसील पूरनपुर क्षेत्र की चीनीमिल के ग्राम बिनौरा में कृषक जागरूकता गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी मे गन्ना सर्वे एवं पेडी प्रबंधन पर विस्तार से बात की गई गोष्ठी में जिला गन्ना अधिकारी खुशी राम भार्गव ने किसानो को बताया कि गन्ने की कटाई के तुरंत बाद पेड़ी प्रबंधन करने से गन्ने का फुटाव अच्छा होता हैं। साथ ही पेड़ी गन्ने के ठूठ मे एथोफोन दवा की 50 मिली. मात्रा को 500 लीटर पानी मे घोलकर छिड़काव करने से पौधे अच्छी वृद्धि करते हैं।

पेड़ी गन्ना मे समय समय पर निराई गुड़ाई करे तथा सिंचाई करे काला चिकटा, दीमक, सैनिक कीट व मिलीबग से बचाव के लिए क्लोरोपाईरीफॉस 50 प्रतिशत एवं साईंपर 5 प्रतिशत की 400 मिली. दवाई 400 लीटर पानी मे घोलकर प्रति एकड़ छिड़काव करना चाहिए।

इस समय गन्ने मे खरपतवार अधिक निकलते हैं। जिसके लिए 2, 4 डी एक किग्रा. सक्रिय तत्व 500 लीटर पानी मे घोल कर छिड़काव करे यदि छोटी बेधक कीट का प्रकोप दिख रहा हैं। तो क्लोरोपाईरीफॉस 20 ई. सी प्रति लीटर का प्रति हे. 600 लीटर पानी मे घोलकर छिड़काव करे बेधक कीटो के नियंत्रण के लिए ट्राईकोकार्ड का प्रयोग भी किया जा सकता हैं।

दीप्ति देव यादव प्रधान प्रबंधक पूरनपुर चीनी मिल द्वारा किसानो को बताया गया कि उचित प्रबंधन से पेड़ी गन्ने से अच्छी पैदावार ली जा सकती हैं। पेड़ी गन्ना किसानो के लिए अधिक लाभकारी होता है क्योंकि इसमें खेत की तैयारी, बीज की मात्रा, बुवाई, बीज यातायात आदि की बचत होती है। इस अवसर पर संजय श्रीवास्तव ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक पूरनपुर, अजय यादव मुख्य गन्ना अधिकारी पूरनपुर चीनी मिल, कृषक गुरुमंगत सिंह चीमा, गुरभाग सिंह,त्रिलोचन सिंह, तेजपाल सिंह, जगतार सिंह, लालता प्रसाद, टिंकू सिंह, हरी प्रसाद, पवन कुमार व अन्य लोग उपस्थित रहे।

फास्ट फॉरवर्ड

महिला से दिन दहाड़े हुई लूट का मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस । बीसलपुर। महिला के आभूषण लूटे जाने के मामले में पुलिस ने पति की ओर से अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। घटना के खुलासे के लिए एसओजी पूरे दिन जुटी रही लेकिन कामयावी नहीं मिल सकी। अमरिया थाना क्षेत्र के गांव करगैना करगैनी निवासी मोहम्मद मुसम्मिल उर्फ सानू अपनी पत्नी नाजिस बानो व परिवार के साथ कार से शाहजहांपुर रिश्तेदारी में एक समारोह में शामिल होने जा रहे थे। बीसलपुर पीलीभीत नेशनल हाइवे पर उनकी कार खराब हो गयी। पास में ही कार मिस्त्री की बर्कशप पर कार सही की जा रही थी। नाजिस बानों व परिवार के अन्य बच्चे रोड के किनारे पेड़ की छाया में बैठे हुए थे। इसी दौरान खेतों की ओर से आए एक बदमाश ने नाजिस बानों का माथे का सोने का टीका व झूमर लूट लिया। पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। एसपी ने घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम के साथ एसओजी को भी लगा दिया है लेकिन कामयावी नहीं मिल सकी।

स्कूल गई लड़की को बहला फुसलाकर भगाया, रिपोर्ट दर्ज

जन एक्सप्रेस । बीसलपुर। स्कूल में फीस जमा करने गयी एक लड़की को एक युवक बहला फुसलाकर भगा ले गया। फरार बेटी के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है। बीसलपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक पिता ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि उसकी 18 वर्षीय बेटी बाला देवी रोशनलाल डिग्री कालेज में अपनी फीस जमा करने के लिए 8 हजार रुपए लेकर गयी थी। जिसे दियोरिया कला थाना क्षेत्र के गांव खरदाह निवासी करन पुत्र नन्हें लाल बहला फुसलाकर भगा ले गया है। पीड़ित अपनी बेटी को लगातार तलाश कर रहा है। बेटी की बरामदगी की गुहार लगाते हुए पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर करन पुत्र नन्हें लाल निवासी खरदहा थाना दियोरिया कला के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

मदरसे के बच्चे केवल मौलवी बन कर विकास नहीं कर सकते: सैय्यद मेराज हैदर

जन एक्सप्रेस । जौनपुर। शाहगंज। भारत सरकार ने मदरसों के अंदर उच्च शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षा का प्रावधान किया है। पहले मदरसा में केवल मजहबी पढ़ाई की जाती थी। परंतु अब साइंस मैथ इंग्लिश विषयों की भी पढ़ाई हो रही है। उन्होंने कहा कि केवल मदरसा पढ़ाई से और अरबी पढ़कर करके मौलवी बनकर अपने परिवार एवं बच्चों का विकास नहीं किया जा सकता। उक्त बातें भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष सैयद मेराज हैदर ने एक कार्यक्रम के अवसर पर प्रेस वार्ता में व्यक्त किए। सैयद मेराज हैदर ने आने वाले समय में भाजपा को गरीबो की हितैषी बताया। और जल से लेकर अन्न तक भाजपा ने सबका हक दिया। शाहगंज नगर क्षेत्र में एक भी राजकीय इंटर कॉलेज ना होने के सवाल पर गोल-गोल टाल गए। परंतु उन्होंने कहा कि शिक्षा स्वास्थ्य पर लगातार योगी एवं मोदी जी कार्य कर रहे हैं। शाहगंज विधायक रमेश सिंह के अनुरोध पर जल्द ही चुनाव बाद शाहगंज को एक यूनिवर्सिटी मिल सकती है। जल्द अल्पसंख्यक समाज के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बनारस से बड़ी-बड़ी घोषणाएं जनहित में करेंगे। बिजली बिल महंगाई के सवाल पर उन्होंने कहा कि भाजपा शासन से पहले बिजली दिन रात शेड्यूल से दी जाती थी। वर्तमान में बिजली कट नहीं रही है। लोकसभा चुनाव जौनपुर में भाजपा की विजय होगी। जनता पीएम आवास, शौचालय, किसान निधि योजना, राशन कार्ड, राशन जैसी सुविधाएं पाकर खुश है।

मंत्री विधायक को अभद्र टिप्पणी बोलने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल मुकदमा दर्ज

* भाजपा कार्यकर्ताओं में आक्रोश जिले के कई थाने पर दी लिखित तहरीर मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

> “ तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है आरोपियों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।
>
> रोहित मिश्र,
> थानाध्यक्ष बदलापुर
> जौनपुर

उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में एक विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा अपने ही जिले के स्वतंत्र प्रभार मंत्री शाहगंज बदलापुर के क्षेत्रीय विधायकों को अभद्र टिप्पणी का प्रयोग करने का वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है वीडियो वायरल होते ही भाजपा कार्यकर्ताओं में आक्रोश व्याप्त हो गया और जिले के लाइन बाजार बदलापुर सरपतहां थाने पर उक्त के विरुद्ध लिखित तहरीर दिया और मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी की मांग किया वही बदलापुर कोतवाली पुलिस मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दिया है तो अन्य थाने पर भी मुकदमा दर्ज होने की मांग लोग कर रहे हैं

बताया जाता है कि सरपतहा थाना क्षेत्र के इंदिरा पूर्व माध्यमिक विद्यालय बूढ़ूपुर सुईथाकला के निलंबित प्रधानाध्यापक रोहित यादव ने जौनपुर सदर विधानसभा के विधायक प्रदेश सरकार के मंत्री गिरीश चंद्र यादव शाहगंज विधायक रमेश सिंह बदलापुर विधायक रमेश चंद्र मिश्र को असंसदीय शब्दों का प्रयोग करते हुए वीडियो बनवाया और वीडियो बनाने वाले को वीडियो सेब करने के लिए बोल रहा है वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही भाजपा नेता अनुपम शर्मा निवासी उपाध्यायपुर थाना सरपतहां ने सरपतहां थाने पर लिखित तहरीर देकर उक्त के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर गिरफ्तारी की मांग किया।

गौरतलब हो कि बीते माह उक्त प्रधानाध्यापक के अपने हठधर्मिता और शिक्षक आचरण सेवा नियमावली के विरुद्ध कार्य के चलते जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉक्टर गोरखनाथ पटेल के अनुमोदन के पश्चात निलंबित किया गया है।

बाइक रैली के जरिए दिया गया मतदान करने का संदेश

* जनपद के हर ब्लॉक में बेसिक शिक्षकों ने बाइक रैली निकाल 25 मई को मतदान करने की किया अपील

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

लोकसभा निर्वाचन में शत-प्रतिशत लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु जिलाधिकारी श्री रविन्द्र कुमार माँदड़ के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा लगातार मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा गोरखनाथ पटेल के नेतृत्व में जनपद के सभी ब्लॉकों में बाइक रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से जनपद के मतदाताओं को 25 मई को मतदान करने के लिए जागरूक व प्रेरित किया गया। बाइक रैली में बड़ी संख्या में परिषदीय विधालयों के शिक्षक, शिक्षिकाओं, शिक्षामित्र अनुदेशक ने हेलमेट लगाकर मतदाता जागरूकता स्टीकर, पोस्टर बैनर लगाकर चल रहे थे। साथ ही अधिकारी-कर्मचारी भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। रैली के जरिए लोगों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु प्रेरित किया गया। इसी के तहत पूर्वांचल विश्वविधालय मुख्य गेट से शाहगंज की बाइक रैली को क्रीड़ा अधिकारी डा.अतुल सिन्हा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली भकुरा मोड़, सरायख्वाजा, कोईरीडीहा, लपरी, जपटापुर, गुरैनी, बादशाही, मनेछा, खेतासराय, गौरारी, उसरहटा, इमरानगंज सबरहद, होते हुए बीआरसी शाहगंज तक गई। रैली में शामिल शिक्षक रास्ते भर सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो, वोट करेगा जौनपुर, जौनपुर ने ठाना है मतदान 70 प्रतिशत पार पहुचांना है, आदि नारे लगाते, लोगों को वोट करने के लिए प्रेरित करते चल रहे थे। इसके पूर्व उपस्थित लोगों को मतदान करने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा गोरखनाथ पटेल ने कहा कि आपके एक-एक मत से लोकतंत्र सशक्त होगा। लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान के लिए जनपद के सभी 21 ब्लाको में एक साथ बाइक रैली निकाल कर ज़मीनी स्तर पर मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने सभी पात्र व्यक्तियों से अपने मताधिकार का उपयोग करने की अपील की। क्रीड़ा अधिकारी डा अतुल सिन्हा ने कहा कि कहा कि लोकसभा के लिए 25 मई को मतदान है। इसमें अधिक से अधिक लोग मतदान केंद्रों पर पहुंचकर मतदान करें, और अन्य मतदाताओं को जागरूकर करने के लिए उन्हें पोलिंग बूथ तक लाने के लिए अपने स्तर से हर सम्भव प्रयास करें। ए आर पी एसोसिएशन के प्रदेश मंत्री एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ, शाहगंज प्रशांत मिश्र ने कहा कि यह रैली सभी मतदाताओं को मतदान के महापर्व में शत प्रतिशत सहभागिता हेतु प्रेरित करेगी। इस अवसर पर जिला स्वीप कोआर्डिनेटर सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा, एआरपी संघ प्रदेश मंत्री एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ, शाहगंज प्रशांत मिश्र, वीरेंद्र यादव, चन्द शेखर, शिक्षक संघ ब्लाक अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, ऐमन मिन्टो, राजमणि यादव, अशोक मौर्य, दिनेश गुप्ता, सुजीत सोनकर रुपेश सिंह सहित शिक्षक शिक्षामित्र उपस्थित रहे।

ट्रक के ऊपर बालू में खून से लथपथ मिली चालक की लाश

जन एक्सप्रेस । मिर्ज़ापुर

मिर्जापुर के कटरा कोतवाली क्षेत्र के पथरहिया मार्ग पीएसी गेट के पास लावारिस हालत में खड़े बालू लदे ट्रक पर चालक का हत्या कर फेंका शव बरामद हुआ। लावारिस हालत में ट्रक खड़ा होने की सूचना पर पहुंचे ट्रक मालिक ने बालू पर चालक का शव देखकर पुलिस को सूचना दिया। सूचना पर पहुंची कटरा कोतवाली पुलिस ने छानबीन की। मड़िहान थाना क्षेत्र के शिष्ठकला गांव निवासी राजेंद्र विश्वकर्मा (38) काफी समय से ट्रक चलाने का काम करता है। गांव निवासी ट्रक मालिक नीरज प्रजापति उर्फ सोमारु चार मई को कटनी से चोकर लेकर घर आया था। चोकर लेकर बिहार जाना था। नीरज के घर शादी थी तो वह गांव निवासी चालक राजेंद्र विश्वकर्मा को ट्रक बिहार ले जाने को कहा। राजेंद्र चार मई को ट्रक लेकर बिहार के दलसिंह सराय गया। वहां चोकर उतारकर बिहार के गया से बालू लोड किया। बालू लेकर वह मिर्जापुर के लिए चला। उसके साथ 15 दिन काम पर आया परिचालक दीनानाथ वर्मा निवासी बबुरी थाना जिगना भी था। मंगलवार की रात करीब आठ बजे राजेंद्र ट्रक लेकर पड़री थाना क्षेत्र के अघवार हल्का पहाड़ी पर पहुंचा। रात को नौ बजे ट्रक मालिक नीरज से से बात हुआ तो बताया कि ट्रक लेकर अघवार हल्का पहुंचे हैं।

बिजली कटौती से त्रस्त लोगों ने लगाया जाम

जन एक्सप्रेस । मिर्ज़ापुर

बीते सोमवार को फाल्ट के चलते बिजली कट गई थी। शाम को संविदा कर्मी उसे बनाने लगे। उसी दौरान बिजली आपूर्ति शुरू हो गई। बताया जा रहा है कि उस दौरान संविदाकर्मी झुलस गया। इसके बाद संविदाकार और संविदाकर्मी के बीच विवाद हो गया और संविदाकर्मी काम छोड़कर चले गए। जब बिजली नहीं आई तो नागरिकों ने कुछ देर तक इंतजार किया और उसके बाद रात में ही पेहटी के चौराहे पर जाम लगा दिया। इसके बाद पुलिस पहुंची। उस दौरान विद्युत निगम के अधिकारियों से बात हुई। पुलिस ने लोगों को समझा कर जाम समाप्त कराया। इसके बाद करीब एक बजे रात में बिजली आपूर्ति शुरू हुई।

बाइक रैली निकाल कर शिक्षकों ने मतदाताओं को किया जागरूक

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

सुइथाकला। मंगलवार को शिक्षा क्षेत्र में बेसिक के शिक्षकों ने बाइक रैली निकाल कर मतदाताओं को जागरूक करने का कार्य किया।इस दौरान शिक्षकों ने मतदाताओं से अपने मत का प्रयोग करने की अपील किया।

आगामी 25मई को होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर जिला अधिकारी रविन्द्र मांदड़ एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ.गोरखनाथ पटेल के निर्देशन में मंगलवार को शिक्षा क्षेत्र में शिक्षकों द्वारा बाइक रैली निकाली गई। रैली स्थानीय ब्लाक संसाधन केंद्र परिसर से सुबह 8.00बजे निकलकर सरपतहा मोड़, रूधौली, सारी मोड़, रामनगर सरायमोहिऊद्दीनपुर होते हुए कम्पोजिट विद्यालय रामनगर परिसर में समाप्त हुई। रैली का नेतृत्व कर रहे खण्ड शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार वैश्य ने लोकतांत्रिक व्यवस्था में मतदान को अहम बताया।

रैली में शामिल बाइक सवार शिक्षकों ने नारेबाजी कर मतदाताओं से अपने मत का प्रयोग करने की अपील किया।

इस दौरान एआरपी पंकज सिंह, त्रिवेणी प्रसाद विन्द, मनोज सिंह, संजय सिंह समेत सुधाकर सिंह, राकेश कुमार, दुष्यंत मिश्र, देवेन्द्र कुमार सिंह, नरेंद्र बहादुर सिंह, अरविन्द यादव व उमेश चन्द्र यादव समेत सैकड़ों की संख्या बाइक सवार शिक्षक मौजूद रहे।

बिजली के शार्ट सर्किट से लगी आग से चार छप्पर जलकर हुए राख, रिहायशी समान भी जला

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

मुंगरा बादशाहपुर थाना क्षेत्र के बिरधोलपुर गांव में बुधवार को दोपहर करीब दो बजे बिजली की शार्ट सर्किट से अचानक आग लग जाने से चार छप्पर जलकर राख हो गया। जिसमे रखे सारे रिहायशी समान भी जलकर खाक हो गए। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड टीम ने कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया।

उक्त गांव निवासी किशन लाल, कन्हैया लाल, छोटेलाल पुत्रगण लाल प्रजापति के तीन छप्पर व इन्ही से सटा रामखेलावन पुत्र रमापति का एक छप्पर में बिजली के शार्ट सर्किट से अचानक आग लग गई। और देखते ही देखते बारी बारी से चारो छप्पर में आग पकड़ लिया। लोग बुझाने का अथक प्रयास किए। लेकिन आग और विकराल होती चली जा रही थी। थक हार कर ग्रामीणों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने घंटो की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग से चारो छप्परों में रखे गेंहू, चावल, बिस्तर, तक्था, दाल, चारपाई समेत अन्य रिहायशी समान भी जलकर राख हो गए। इस संबंध मे फायर ब्रिगेड के सेकेंड आफिसर अनिल यादव ने बताया कि सूचना थोड़ी देर से मिलने से यह नुकसान हुआ है।

रामद्रोहियों को वोट न दे जनता : सीएम योगी

मुख्यमंत्री ने फर्रुखाबाद से सांसद व भाजपा प्रत्याशी मुकेश राजपूत को पुन: जिताने का संकल्प दिलाया

- गरजे: माफिया समर्थक है सपा, कार्रवाई से इनके नेताओं को हो रही पीड़ा
- बोले, 7 मई के चुनाव में सैफई परिवार अपनी तीनों सीट हार रही, 13 को कन्नौज और 25 को आजमगढ़ का नंबर
- जनप्रतिनिधि जनता की चिंता करें, दिल्ली व लखनऊ में बैठे लोग आमजन की सुरक्षा की कर रहे चिंता: सीएम

रामद्रोही बातों से नहीं मानते, इनके लिए किया गया बुलडोजर का अविष्कार

सीएम ने कहा कि यह चुनाव रामभक्तों और रामद्रोहियों के बीच है। रामभक्त कहते हैं कि भारत की सुरक्षा और सम्मान, गांव-गरीब, महिलाओं के उत्थान के लिए कार्य करेंगे तो दूसरी तरफ रामद्रोही कहते हैं कि राम मंदिर बेकार बन गया। यह लोग जब सत्ता में आते हैं तो हर जगह डकैती डालते हैं। यह रामद्रोही बातों से नहीं मानते। हमने इनके लिए नया अविष्कार किया है, जो आपके सामने (बुलडोजर) खड़ा है। कांग्रेस व सपा का गठबंधन सुरक्षा पर सेंध लगाने वाला, जेबों पर डकैती डालने वाला, नक्सलवाद- आतंकवाद को भड़काने और राम मंदिर का विरोध करने वाला है।

सैफई परिवार कल ही तीन सीट हार गई, 13 को कन्नौज का भी नंबर आने वाला है

सीएम ने कहा कि सैफई परिवार के तीन सीटों के परिणाम कल ही आ गए। तीनों पर वे हारेंगे। 13 को कन्नौज का नंबर भी आने वाला है। 25 को आजमगढ़ में भी कमल का फूल खिलेगा, क्योंकि लोगों को विकास और सुरक्षा पर विश्वास हुआ है। अब एटा में किसी गरीब की जमीन पर कब्जा नहीं होता। ग्राम पंचायत की जमीन पर कोई ईंट भट्ठा नहीं खोल सकता। सपा व कांग्रेस के लोग कांवड़ यात्रा को रोकते थे, हमने कहा कि कांवड़ यात्रा निकलेगी और उस पर हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा भी होनी चाहिए। मैं उसी हेलीकॉप्टर से आया हूं, जो आप पर पुष्पवर्षा करता है।

गरीबों का खून चूसने वाले माफिया की पैरवी करती है सपा

सीएम योगी ने कहा कि सपा सरकार के समय के महाभारत के रिश्ते (काका, भतीजा, मामा) सब चुनाव लड़ रहे हैं। नौकरी आती थी तो चाचा और भतीजा झोला लेकर निकल पड़ते थे। 2014 में जनता ने मोदी व 2017 में यूपी में भाजपा सरकार चुनी तो हमने संकल्प लिया कि नौकरी पर सेंध लगाने वाला जेल जाएगा। उसकी संपत्ति को लेकर गरीबों में बांटेंगे। सपा के नेता इसलिए पीड़ित हैं, क्योंकि इनके गले के हार माफिया पर कार्रवाई हो रही है। सपा के समय इलाहाबाद के विधायक राजू पाल की हत्या हुई। हत्यारों को सपा बचा रही थी। सपा माफिया समर्थक है। गरीबों का खून चूसने वाले माफिया की पैरवी करते हैं।

जनता की चिंता जनप्रतिनिधि करे, सुरक्षा की चिंता दिल्ली-लखनऊ में बैठे लोग कर लेंगे

सीएम ने कहा कि हमारे जनप्रतिनिधि फोरलेन से जुड़ने की मांग कर रहे थे। हमने कहा कि निश्चिंत रहिए, सब काम हो जाएगा। जनता की चिंता जनप्रतिनिधि करे और सुरक्षा की चिंता लखनऊ व दिल्ली में बैठे लोग कर लेंगे। उन्होंने कहा कि यह केवल सत्ता प्राप्त करने का नहीं, बल्कि देश के विकास का चुनाव है। कांग्रेस व सपा को सत्ता इसलिए चाहिए कि इनका परिवार धनधान्य से पूर्ण हो सके। भाजपा को सत्ता इसलिए चाहिए कि आपका वर्तमान व भावी पीढ़ी का भविष्य समृद्ध हो सके। जेहाद की वकालत करने वालों की जमानत जब्त कराइए, जिससे यह लोग चुनाव लड़ना भूल जाएं। जनसभा में सांसद व लोकसभा प्रत्याशी मुकेश राजपूत, भाजपा के एटा जिलाध्यक्ष संदीप जैन, फर्रुखाबाद के जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता, विधायक सत्यपाल सिंह राठौर, सुशील शाक्य, सुरभि गंगवार, नागेंद्र सिंह राठौर, जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव, चेयरमैन अलीगंज सुजीत गुप्ता, सर्वेश कठेरिया आदि की मौजूदगी रही।

भीड़ और बुलडोजर देख गदगद हुए योगी

इस जनसभा में बुलडोजर पर भाजपा के कार्यकर्ता व आमजन खड़े रहे। धूप में खड़ी भीड़ को देख सीएम गदगद हुए। उन्होंने कहा कि एटा में कल लोकसभा चुनाव हुआ है। अगल-बगल चुनाव होने से आप भी व्यस्त रहे होंगे। मैं सोच रहा था कि वाहन चुनाव में लगे होंगे तो मेरी जनसभा में कौन और कैसे आएगा, लेकिन जनप्रतिनिधियों से पता चला कि लोग अपने साधन-वाहन, ट्रैक्टर ट्राली से लंबी दूरी तय करके आए हैं। एटा में साधन व वाहन न होने के बावजूद आपकी उपस्थिति आनंदित करती है।

जन एक्सप्रेस । एटा

प्रो. रामगोपाल यादव को राम मंदिर कैसे अच्छा लगेगा, क्योंकि यह लोग आतंकियों को जेल से छुड़ाते हैं। 2004से 2007 के मध्य सपा सरकार के समय आतंकियों ने अयोध्या में रामजन्मभूमि, काशी में संकट मोचन मंदिर, लखनऊ, अयोध्या व वाराणसी की कचहरी और रामपुर में सीआरपीएफ कैंप पर हमला किया था। 2012 में जब सपा सरकार आई तो तत्कालीन सीएम ने सबसे पहले आतंकवादियों के मुकदमों को वापस लेने का आदेश दिया था। उन्हें प्रदेश की सुरक्षा, देश के सम्मान, नौजवानों, बेटियों, व्यापारियों की नहीं, बल्कि आतंकवादियों की चिंता थी। सपा प्रत्याशी वोट जेहाद की बात करते हैं। यह भगवान राम के रामराज्य का समय है। राम का विरोध करने वालों को शर्म आनी चाहिए। भारत में राम और राम मंदिर का विरोध करने वालों को वोट देने का पाप लगेगा। इन्हें वोट देने वाला इस लोक को भी खराब कर रहा है और परलोक भी खराब कर लेगा। उक्त बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। वे बुधवार को एटा जनपद के अलीगंज में रहे। यहां से उन्होंने फर्रुखाबाद लोकसभा क्षेत्र के सांसद व भाजपा प्रत्याशी मुकेश राजपूत के पक्ष में जनसभा कर फिर से कमल खिलाने की अपील की।

सेक्टर मजिस्ट्रेट प्रशिक्षण में समझाई गयी चुनाव की बारीकियां

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में 42-कन्नौज लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु समस्त जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेटो का प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ ।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि जनपद में मतदान नियत तिथि 13 मई 2024 को पूर्वाहन 7:00 बजे से अपराहन 6:00 बजे तक सम्पन्न होगा। लोग अपने मत से एक अच्छी सरकार बना सकते हैं जो बहुत बड़ी उपलब्धि होती है। इसमें सभी का योगदान बहुत ही महत्वपूर्ण होता है। गर्मी को दृष्टिगत रखते हुये सभी बूथो में छाया की पर्याप्त व्यवस्था की जायेगी। शुद्व पेयजल और विद्युत की भी समुचित व्यवस्था होगी। सभी जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेट व्हाट्सएप ग्रुप बनाएं जिसमें एआरओ को भी जोड़ा जाये। कहा कि जो ट्रेनिग दी जा रही है उसे अच्छे से समझे, क्योकि कभी-कभी छोटी से छोटी गलती बड़ा रुप ले लेती है। ईवीएम बहुत ही महत्वपूर्ण है, इसके खराब होने पर रिप्लेश के जो रुल्स हैं वह फॉलो किये जायें। एक बार मशीन चालू हो जाती है तो बिना किसी गडबड़ी के बन्द न किया जाये और सायं 6:00 बजे से पहले मशीन क्लोज न किया जाये। सीक्रेसी पूर्णतः रुप से रखी जाये। निर्वाचन के जो रुल है उसी के अनुसार कार्य किया जाये। प्रत्येक कार्य को गम्भीरता से करें। कहा कि बीएलओ के माध्यम से मतदान पर्ची मतदाताओ को वितरित की गयी हैं, जिसे स्वयं जाकर मतदाताओ से जानकारी लें कि मतदाता पर्ची मिली है कि नही, यदि मतदाता पर्ची नही मिली है तो बीएलओ से मतदाता पर्ची दिलवाई जाये। सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस टीम रहेगी, जिस बूथ में जाये पूरी टीम के साथ जायें। जो आईडी कार्ड दिया गया है उसे साथ में अवश्य रखें। कहा कि वाहन/बस की खराबी आने पर दूसरी बस तत्काल भेजी जायेगी उसी वाहन से पोलिंग पार्टी को आना होगा। ईडीसी के क्या रुल्स है गहनता से जानकारी ले और पीठासीन अधिकारी को अवगत करायें। मतदान केन्द्र पर पोलिंग पार्टी का व्यवहार अच्छा होना चाहिये। अच्छे व्यवहार से पोलिंग प्रतिशत की बढोत्तरी की जा सकती है। मतदान केन्द्र में कार्मिको को मिड्डेमील में रसोइयों के माध्यम से अच्छा भोजन उपलब्ध कराया जायेगा। कहा कि अमिट स्याही बाएं हाथ की तर्जनी अंगुली में प्रयोग किया जाए। निर्वाचन कार्य में किसी प्रकार से बाधा नहीं होना चाहिए। वेब कास्टिंग के समय देखा जाये कि कैमरे के लोकेशन ऐसा रखे जिससे गोपनियता बनी रहे। चुनाव के समय में किसी प्रकार की समस्या नही आनी चाहिए। प्रत्येक पोलिंग पार्टी के साथ मानक के अनुसार सुरक्षा व्यवस्था रहेगी।

कन्नौज वालो सुब्रत को जिताना, मैं इसे बड़ा आदमी बनाने वाला हूं: अमित शाह

- तिर्वा की जनसभा में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की भावुक अपील

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कन्नौज में भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में आयोजित जनसभा में भावुक अपील करते हुए आह्वान किया कि मेरे दोस्त सुब्रत पाठक को जिताना। मैं उसे बड़ा आदमी बनाने वाला हूं। इसके साथ ही अमित शाह ने इंडिया गठबंधन पर जोरदार हमला बोला। इस दौरान परिवार वादी पार्टी को लेकर कहा कि उनको परिवार के अलावा कुछ नहीं दिखा। तिर्वा विधान सभा क्षेत्र के मुख्यालय स्थित प्रसिद्ध शक्तिपीठ अन्नपूर्णा देवी के मैदान में आयोजित एक जन सभा मे अमित शाह कांग्रेस और सपा दोनो पर बराबर हमलावर दिखे। उन्होंने अपील की कि इतनी जोर से बटन दबे कि झटका इटली में जाकर लगे, अमेठी से हारे तो वायनाड गए और अब रायबरेली गए। अब यहां से इटली जाओ तो देश का भला हो जाए। उन्होंने कहा कि राहुल हिंदुस्तान में बैठकर पाकिस्तान का काम करते हैं। कहा कि एक भी सीट यहां से इंडी गठबंधन की जीती तो पटाखे पाकिस्तान में जलेंगे। सपा पर भी शाह खूब हमलावर रहे। भाषण के दौरान उन्होंने राम मंदिर मोदी सरकार में बनाए जाने तथा कांग्रेस, सपा व बसपा द्वारा अटकाए जाने की बात कहकर भीड़ से मंदिर का समर्थन भी लिया। कहा कि दो शहजादे आ गए तो मंदिर पर बाबरी ताला लगा देंगे। तिर्वा की इस चुनावी जनसभा में शाह ने कन्नौज से चौथी बार पार्टी से चुनाव लड़ रहे सांसद सुब्रत पाठक के समर्थन में लोगों से वोट की अपील की। करीब साढ़े तीन बजे उनका हेलीकॉप्टर हेलीपैड पर उतरा तो सभास्थल जयश्रीराम के नारों से गुंजायमान हो उठा। आने के बाद अमित शाह मंच पर पहुंचे तो उनका भाजपा नेताओं ने जोरदार स्वागत किया। इसके बाद माइक संभालते ही उन्होंने जिले के सभी कद्दावर नेताओं, जनप्रतिनिधियों का नाम लिया और फिर अपना भाषण मां अन्नपूर्णा देवी, फूलमती देवी को प्रणाम तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. गोवर्धन लाल कनौजिया को याद कर शुरू किया। इसके बाद ही उन्होंने समाजवाद के पुरोधा डॉ. राममनोहर लोहिया को भी याद कर प्रणाम अर्पित किया। वक्तव्य इत्र की सुगंध के साथ ही शुरू किया। बोले, %जैसे ही हेलीकाप्टर लैंड किया इत्र की खुशबू नाक से होकर दिमाग तक पहुंचकर घर कर गई।% चर्चा की जी 20 के समय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने विदेश से आए अतिथियों को कन्नौज का इत्र भेंट किया। अयोध्या में विराजमान राम लला को भी कन्नौज का ही इत्र चढ़ाया गया। इसके साथ ही आह्वान किया कि मेरे दोस्त सुब्रत पाठक को जिताना। मैं उसे बड़ा आदमी बनाने वाला हूं। इसके बाद वे सीधे-सीधे मुलायम परिवार पर हमलावर हो गए। कहा कि मुलायम परिवार जीतता है तो नहीं आता और हारता है तो भी नहीं आता है। 2019 में आई कोरोना महामारी की जिक्र करते हुए सवाल उछाला कन्नौज के लोगों जब महामारी विकट थी तब अखिलेश या बहन डिंपल आए थे। सुब्रत आपके बीच था सबको टीका लगवाया। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी को मुफ्त टीका लगवाकर सुरक्षित किया। पूरे भाषण के दौरान वे सपा और कांग्रेस पर जमकर हमलावर रहे।

इस दौरान जनता से सवाल किया कि राम मंदिर बनना चाहिए था या नहीं। हाथ उठवाकर समर्थन लेने के बाद भय भी दिखाया कि दो शहजादे आ गए तो मंदिर पर बाबरी ताला लगवा देंगे। इसके साथ ही मोदी सरकार की काशी विश्वनाथ, सोमनाथ मंदिर आदि तमाम उपलब्धियां गिनाईं। सवाल उठाया कि परिवार की दुकान चलाने वाला सांसद चाहिए या जनता की आवाज उठाने वाला? राहुल गांधी पर चोट की कि अमेठी छोड़ा तो वायनाड गए और अब रायबरेली चले गए। इसके बाद सीधे इटली जाएंगे। करीब आधे घंटे के भाषण के दौरान उन्होंने कई बार प्रत्याशी के पक्ष में वोट की अपील की।

अखिलेश की जीत के लिए शतचंडी पाठ और 108 कुंडीय यज्ञ

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

कन्नौज के शिव मंदिर में अखिलेश के जाने पर गंगाजल से सफाई के बाद अब उनकी जीत के लिए शतचण्डी पाठ करवाया जा रहा है। यह धार्मिक आयोजन सपा नेता जय कुमार तिवारी की तरफ से आयोजित किया गया है। गंगा किनारे मेहंदीघाट पर आयोजित इस कार्यक्रम में 108 ब्राह्मणों को बुलाया गया है। इन 108 ब्राह्मणों ने सपा प्रत्याशी अखिलेश यादव की जीत के लिए करीब 5 घंटे तक यह पाठ किया। कार्यक्रम में 108 ब्राह्मणों ने मंत्रोच्चारण के साथ विधि-विधान से अनुष्ठान किया। एक दिन पहले अखिलेश के गौरीशंकर मंदिर में जाने के बाद भाजपाइयों ने वहां साफ-सफाई करवाई थी। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को कन्नौज लोकसभा सीट पर जिताने के लिए पार्टी नेता जय कुमार तिवारी उर्फ बउअन ने शतचण्डी पाठ कराया।

मेहंदीघाट पर पंडित करुणाशंकर और पंडित कौशल किशोर त्रिपाठी की देखरेख में विशाल धार्मिक अनुष्ठान किया गया। यहां गंगा मन्दिर परिसर में 108 ब्राह्मणों ने मंत्रोच्चारण के साथ मां दुर्गा की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। पंडित कौशल किशोर त्रिपाठी ने बताया कि मेहंदीघाट पर मां दुर्गा को प्रसन्न करने के लिए शतचण्डी पाठ का आयोजन किया गया। ये कार्यक्रम सपा प्रत्याशी अखिलेश यादव की जीत सुनिश्चित करने के लिए किया गया।

मेहंदीघाट पर बड़ी संख्या में जुटे पुजारी

शतचण्डी पाठ के लिए मेहंदीघाट स्थित गंगा आश्रम परिसर में बुधवार तड़के ही बड़ी संख्या में पुजारी जुटने लगे। परिसर की साफ-सफाई के बाद पूरा आश्रम मंत्रों से गुंजायमान हो गया। गंगा किनारे इस तरह का विशाल अनुष्ठान देख कर वहां श्रद्धालुओं की भीड़ लग गई। लोग ये जानने के लिए उत्सुक दिखाई दिए कि इस तरह का धार्मिक आयोजन क्यों किया जा रहा है। कन्नौज के बाबा गौरीशंकर मंदिर में अखिलेश यादव ने सोमवार दोपहर को पूजा-अर्चना की। सोमवार की रात भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंदिर परिसर को गंगाजल से धोया। उनका आरोप है कि अखिलेश के साथ गैर-सनातनी लोग जूते-चप्पल पहनकर मंदिर में घुस गए थे। उन लोगों ने मंदिर को अपवित्र किया। लोगों का कहना है कि अखिलेश यादव जब बाबा गौरीशंकर मंदिर पहुंचे तो उनके साथ समर्थकों की भारी भीड़ थी। मुस्लिमों की तादात भी अच्छी खासी थी। ऐसे में पूरे मंदिर परिसर में लोग जूते-चप्पल पहनकर घूमते रहे।

तीसरे चरण से फ्री हुए नेताओं का कन्नौज में डेरा, इकरा हसन ने किया सघन जनसम्पर्क

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

चौथे चरण के चुनाव के लिए सियासी जंग तेज हो गई है। कन्नौज संसदीय सीट पर चुनाव लड़ रहे सपा मुखिया अखिलेश यादव को कामयाब बनाने के लिए पार्टी ने जोर लगा रखा है। जिन जिलों में पहले चुनाव हो चुका है, वहां के नेताओं ने यहां डेरा डाल दिया है। इसी के तहत कैराना लोकसभा सीट से पार्टी की प्रत्याशी इकरा हसन भी यहां पहुंचीं हैं। वह घर-घर जाकर लोगों से मिलकर अखिलेश यादव के लिए समर्थन जुटा रही हैं।

कन्नौज संसदीय सीट पर लोकसभा चुनाव के लिए 13 मई को वोट डाले जाएंगे। ऐसे में सपा ने पूरी ताकत झोंक रखी है। न सिर्फ खुद अखिलेश यादव यहां लगातार दौरा कर रहे हैं, बल्कि उनके लिए दूसरे जिलों के

कार्यकर्ता भी यहां पहुंच चुके हैं। इसी कड़ी में शामली जिले की कैराना लोकसभा सीट से पार्टी की उम्मीदवार इकरा हसन यहां पहुंचकर पार्टी के लिए प्रचार कर रही हैं। वह खासकर मुस्लिम बहुल इलाकों में जा रही हैं। यहां अखिलेश यादव के लिए समर्थन जुटाने के लिए संपर्क कर रही हैं। इसी के तहत उन्होंने मंगलवार की रात शहर के अलग-अलग मोहल्लों में जाकर जनसंपर्क किया। घर-घर बैठक की। संविधान की रक्षा, बेरोजगारी, महंगाई मुद्दा, आपसी भाईचारा को मुद्दा बताते हुए अखिलेश यादव के लिए वोट मांगे। अगले दिन बुधवार को उन्होंने गुरसहायगंज, तालग्राम, छिबरामऊ इलाके में जनसंपर्क किया। उनके साथ स्थानीय पदाधिकारी भी संपर्क कर रहे हैं।

प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में निर्वाचन अधिकारी से मिला सपा का प्रतिनिधि मंडल

- कई सम्वेदनशील स्थलों के बारे में उठाये सवाल, डीएम ने दी सुरक्षा की गारंटी

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

समाज़वादी पार्टी के नव मनोनीत प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल आज 42 कन्नौज के निर्वाचन अधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल से मिले और उन्हें एक ज्ञापन देकर निर्वाचन के दौरान होने वाली गड़वडी की आशंकाओं से अवगत कराया। साथ ही उनमें विश्वास जताते हुए यह अपेक्षा भी की वे निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराएंगे। सपा जिलाध्यक्ष कलीम का के मुताबिक भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता क्षेत्र में धार्मिक उन्माद फैलाकर व्यवस्था को दूषित करना चाहते है, ऐसे लोगों को चिन्हित कर उचित कार्यवाही की मांग की गई है। उन्होंने कहा कि संज्ञान में आया है कि अजीत पाण्डेय पुत्र रामबाबू पाण्डेय व दिलीप पाण्डेय निवासीगण तेरारागी ने

दिनांक 06 मई को जालालाबाद में स्थित मस्जिद के गेट पर खड़े होकर मुस्लिम समुदाय के खिलाफ नारेबाजी की, और अभद्र भाषा का प्रयोग कर गाली गलौज की एवं धार्मिक उन्माद फैलाने का प्रयास करते रहे, इन लोगों पर उचित कार्यवाही की जानी चाहिए। संज्ञान में आया है कि बहबलपुर गाव में आनन्द शाक्य पुत्र सुरेश शाक्य एवं गांव के अन्य लोगों को भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष वीरसिंह भदौरिया, असीम अरुण जी (मंत्री), क्षेत्रीय विधायक अर्चना पाण्डेय की मौजदूगी में भाजपा के कार्यकर्ताओं ने गाली गलौज की तथा वोट न देने की स्थिति पर बाद में देख लेने की धमकी दी। इन लोगों पर उचिक कार्यवाही की मांग की गई है।। भोलानाथ धर्मशाला में स्थित बूथों पर सांसद सुब्रत पाठक के घर एवं परिवार के लोगों का मतदान केन्द्र है, सांसद के परिवारिक लोग इन बूथों पर मनमाने तरीके से आम जनमानस के वोट डलवा लेते है, इसलिए इस बूथ केन्द्र को अति सर्वेदनशील की श्रेणी में रखकर पैरमिलेट्री फोर्स की व्यवस्था कर सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ बनाई जाये। कई बूथों पर भाजपा समर्पित पुलिस विभाग की टीमें मतदान कक्ष के बाहर मतदाताओं के अनावश्यक पहचान पत्र/आधार कार्ड आदि को चेक करते है और गलत बताकर मतदाता को मतदान कक्ष तक जाने नहीं देते हैं। जिससे मतदाता अपने मत के प्रयोग से वंचित रह जाता है। यह व्यवस्था पीठासीन अधिकारी की है, जो स्वयं या उसकी टीम देखेगी। इसलिये सुरक्षा में लगी पुलिस किसी भी मतदाता का पहचान/आधार कार्ड आदि को चेक न करें। मतदाता को मतदान कक्ष तक जाने दिया जाए। बीती 6मई को राष्ट्रीय अध्यक्ष / पूर्व मुख्यमन्त्री / प्रत्याशी अखिलेश यादव का भ्रमण पूर्व चेयर मैन सुनील कुमार के घर हुआ था, भ्रमण के तत्काल बाद भाजपा के विशाल शुक्ला, बिक्रम त्रिपाठी, लकी त्रिपाठी एवं लगभग 50 लोगों की टीम ने लाखन चौराहा से राजश्री टाकिज तक ढोल नगाडों के साथ एक विशेष जाति के लोगों के लिये अभद्र नारों का प्रयोग कर महौल को बिगाडने का प्रयास किया। यहीं पर जे0पी0गर्ल्स इण्टर कालेज में कई बूथों का केन्द्र बनाया जाता है यह अतिसंवेदनशील क्षेत्र है यहां पर पैरा मिलेट्री फोर्स की व्यवस्था उपलब्ध कराने की भी मांग की गई है। विधान सभा 198 कन्नौज की भाग संख्या / बूथ संख्या 154 व 155 अति संवेदनशील इलाका है इससे पूर्व में यहां पर मारपीट व गोलीबारी हुई थी।

शहर में मचा रखी ई रिक्शा चालकों ने धमाचौकड़ी

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

शहर में ई-रिक्शा चालकों की मनमानी से हर दिन जाम की समस्या उत्पन्न हो रही है। गांधी नगर से लेकर लखनऊ बाईपास , कब्बा खेरा तिराहे से लेकर कचहरी पुल तक सड़क पर ही इनके द्वारा वाहन खड़ा कर सवारी भरने के चलते आए दिन जाम के साथ ही हादसे भी होने की संभावना बनी रहती है। यातायात पुलिस एक-दो दिन इसके खिलाफ अभियान चलाकर भूल जाती है और फिर यही स्थित उत्पन्न हो जाती है। बुधवार को भी यही स्थिति रही और इनकी मनमानी के चलते आवागमन पूरी तरह से प्रभावित रहा। बाद में यातायात पुलिस कर्मियों ने ई-रिक्शा चालकों के साथ सख्ती से पेश आए और फिर आवागमन सामान्य हो सका। यह समस्या हर दिन हो गई है। इसके कई कारण है। जिसमें सड़क पर वाहन खड़ा कर सवारी भरना, दोनों पटरी पर अतिक्रमण और ई-

रिक्शा चालकों की मनमानी शामिल हैं। डग्गामार वाहन चालक रोडवेज के समीप सड़क पर वाहन खड़ा कर सवारी भर रहे हैं,चालक ई-रिक्शा खड़ा कर सवारी भर रहे हैं। खास बात यह है कि जब कोई बस आती है और सवारी उतारने लगती है तो ई-रिक्शा चालक अपनी गाड़ी लाकर वहीं खड़ा कर देते हैं। आधा दर्जन से अधिक की संख्या में ई-रिक्शा खड़ा होते ही जाम की समस्या उत्पन्न हो जाती है। इस बाबत यातायात प्रभारी ने कहा कि ई-रिक्शा चालकों पर आए दिन कार्रवाई की जा रही है।

बेटी अदिति ने पापा अखिलेश के लिए मांगे वोट तो महिलाएं हुई भावुक

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

कन्नौज लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ रहे सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की बेटी अदिति ने यहां पहुंच कर अपने पिता के लिए वोट मांगे। उन्होंने नसरापुर गांव में नुक्कड़ सभा की और फिर जनसम्पर्क कर समर्थन जुटाने का काम किया। इस दौरान महिलाओं ने अदिति को हाथों-हाथ लिया। मैनपुरी में अपनी मां डिम्पल यादव के लिए जनसम्पर्क कर चर्चा में आई उनकी बेटी अदिति यादव अब कन्नौज पहुंच गई हैं। यहां अदिति ने अपने पिता अखिलेश यादव के लिए जनसम्पर्क कर वोट मांगे। सपा कार्यालय के नजदीक बसे नसरापुर गांव में उन्होंने नुक्कड़ सभा की। यहां अदिति यादव ने कहाकि कन्नौज के लोगों ने यहां से नेता जी (मुलायम सिंह) को सांसद चुना था। इसके बाद मेरे पिता अखिलेश यादव और फिर मां डिम्पल यादव को सांसद चुनने का काम किया था। मुझे उम्मीद है कि इसी कन्नौज की जनता एक बार फिर मेरे पिता को कन्नौज से सांसद चुनेगी।

सपा सरकार में कन्नौज का अभूतपूर्व विकास हुआ

अदिति यादव ने कहाकि सपा सरकार में कन्नौज का अभूतपूर्व विकास किया गया। यहां मेडिकल कालेज, पैरा मेडिकल कॉलेज जैसी तमाम जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जनता को देने का काम समाजवादी पार्टी ने किया है। ऐसे में एक बार फिर पिता अखिलेश यादव को सांसद चुने, ताकि यहां का विकास और अधिक कराया जा सके। नुक्कड़ सभा के दौरान पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष ममता कन्नौजिया, कुसुम यादव, शशिमा सिंह दोहरे, मुन्नी अंबेडकर, अर्चना मिश्रा, मधु कश्यप समेत पार्टी की कई स्थानीय नेत्रियों ने माला पहनाकर अदिति यादव का स्वागत किया।

शहजादे ने अडाणी-अंबानी को गाली देना बंद किया

पीएम बोले, बताएं, रातों-रात ऐसी क्या डील हुई, जो चुप्पी साध ली, क्या टेंपो भरकर माल पहुंचा है

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। करीमनगर/वारंगल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को तेलंगाना के करीमनगर और वारंगल में रैली की। उन्होंने पहली बार अडाणी-अंबानी का नाम लेते हुए राहुल गांधी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, पिछले 5 सालों से कांग्रेस के शहजादे दिन-रात एक ही माला जपते थे। 5 उद्योगपति, अंबानी, अडाणी। लेकिन जब से चुनाव घोषित हुआ है, इन्होंने अंबानी-अडाणी को गाली देना बंद कर दिया है...क्यों? प्रधानमंत्री ने कहा- मैं कांग्रेस के शहजादे से पूछना चाहता हूं कि उन्होंने अडाणी और अंबानी से कितना माल उठाया है? काला धन के बोरे भर के रुपए मारे हैं? कांग्रेस पार्टी को चुनाव के लिए उन उद्योगपतियों से कितना माल मिला? क्या टेंपो भरकर माल पहुंचा है? प्रधानमंत्री ने तेलंगाना की कांग्रेस और पूर्व की बीआरएस सरकार पर भी निशाना साधा। उन्होंने दिल्ली शराब घोटाले का जिक्र किया। उन्होंने कहा- कांग्रेस और बीआरएस दोनों एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। दोनों भ्रष्टाचार की गोंद से एक-दूसरे से चिपके हुए हैं। दोनों का एक ही काम है- फैमिली फर्स्ट और तुष्टिकरण। उन्होंने कहा- करप्शन कांग्रेस-बीआरएस का कॉमन कैरेक्टर है। ये दोनों एक दूसरे पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हैं। लेकिन, बैकडोर से दोनों एक ही करप्शन सिंडिकेट का हिस्सा हैं। इससे पहले प्रधानमंत्री ने करीमनगर पहुंचकर श्री राजा राजेश्वरी स्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना की।

ये लोग सनातन को गाली देने वाले लोग हैं

मोदी ने कहा- कांग्रेस झूठ की कितनी बड़ी मास्टर है तेलंगाना से बेहतर कौन जानेगा। कांग्रेस ने अपनी सबसे बड़ी नेता के जन्मदिन से पहले किसानों का कर्ज माफ करने का वादा किया था। इन्होंने झूठ बोला या नहीं? अब ये लोग 15 अगस्त तक अपने वादे टाल रहे हैं ताकि लोकसभा का चुनाव खत्म हो जाए फिर वे अपने हाथ ऊपर कर दें। क्या ये आपसे धोखा नहीं है? ये लोग सनातन को गाली देने वाले लोग हैं।

शहजादे के फिलोसफर देश को गाली दे रहे हैं

सैम पित्रोदा के बयान पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तेलंगाना के वारंगल की रैली में कहा, आज मैं बहुत गुस्से में हूं। लोग मुझे गाली दें तो मैं गाली सह लेता हूं। लेकिन शहजादे के फिलोसफर ने इतनी बड़ी गाली दी है कि मेरे मन में गुस्सा भर गया है। प्रधानमंत्री ने कहा- क्या मेरे देश में चमड़ी का रंग देखकर लोगों की योग्यता तय होगी। चमड़ी के रंग का खेल खेलने का हक शहजादे को किसने दिया है। संविधान सर पर लेकर नाचने वाले लोग मेरे देश का अपमान कर रहे हैं।

पित्रोदा ने यह कहा था

सैम पित्रोदा ने भारत की विविधता पर बात करते हुए कहा था कि भारत में पूर्व के लोग चीनी जैसे लगते हैं तो दक्षिण में लोग अफ्रीकी लगते हैं। वहीं पश्चिम में लोग अरबी लगते हैं और उत्तर भारतीय गोरे होते हैं। हाल ही में सैम पित्रोदा ने विरासत टैक्स को लेकर टिप्पणी की थी, पित्रोदा के उस बयान पर भी खूब विवाद हुआ था।

मैप्नीफाइंग प्लास लेकर अपनी सीटें खोज रहे

प्रधानमंत्री ने कहा, कांग्रेस के लोग मैप्नीफाइंग प्लास लेकर अपनी सीटें खोज रहे हैं। चौथे चरण में कांग्रेस का सामान्य मैप्नीफाइंग प्लास से काम नहीं चलेगा। कांग्रेस को अपनी सीटें खोजने के लिए माइक्रोस्कोप की आवश्यकता पड़ेगी।

कांग्रेस और बीआरएस का एक ही सिद्धांत- फैमिली फर्स्ट

प्रधानमंत्री ने कहा- भाजपा नेशन फर्स्ट सिद्धांत में विश्वास करती है। लेकिन दूसरी ओर कांग्रेस और बीआरएस तेलंगाना में फैमिली फर्स्ट सिद्धांत पर काम करते हैं। कांग्रेस और बीआरएस पूरी तरह से परिवार द्वारा, परिवार के लिए हैं। ये दोनों पार्टियां एक ही सिक्के के दो पहलू हैं।

कांग्रेस-बीआरएस भ्रष्टाचार के गोंद से चिपके हुए हैं

कांग्रेस और बीआरएस को एक साथ बांधने वाला एकमात्र 'गोंद' भ्रष्टाचार है। तुष्टिकरण की राजनीति ही उनका एजेंडा है। कांग्रेस और बीआरएस जीरो गवर्नेंस मॉडल फॉलो करते हैं।

कांग्रेस के लोग मैप्नीफाइंग लेकर अपनी सीटें खोज रहे हैं

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा- कांग्रेस के लोग मैप्नीफाइंग प्लास लेकर अपनी सीटें खोज रहे हैं। चौथे चरण में कांग्रेस का सामान्य मैप्नीफाइंग प्लास से काम नहीं चलेगा। कांग्रेस को अपनी सीटें खोजने के लिए माइक्रोस्कोप की आवश्यकता पड़ेगी। आजकल आप देख रहे हैं कि दुनिया में हर तरफ अस्थिरता है, अशांति है, संकट है। ऐसे में क्या देश की कमान गलत हाथों में दी जा सकती है?

मुस्लिम आईटी पार्क बनाने की बात कही थी

पीएम मोदी ने कहा, बीआरएस की सच्चाई भी एससी, एसटी, ओबीसी समाज को धोखा देने की है। बीआरएस ने 2014 में आपसे वादा किया था कि वो सरकार में आई तो दलित मुख्यमंत्री बनाएंगी। बीआरएस ने दलित बंधु योजना के नाम पर भी आपका भरोसा तोड़ा...यही बीआरएस है जिसने तुष्टीकरण की राजनीति को आगे बढ़ाते हुए मुस्लिम आईटी पार्क बनाने की बात कही थी।

तेलंगाना के लोगों ने मेरा 10 साल का काम देखा

प्रधानमंत्री ने कहा, तेलंगाना के लोगों ने पिछले 10 साल में मेरा काम देखा है। आपके एक वोट ने भारत को दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना दिया। आपके एक वोट ने अनुच्छेद 370 को निरस्त कर दिया और जम्मू-कश्मीर में शांति और समृद्धि सुनिश्चित की। आपके एक वोट ने भारत को रक्षा आयातक से रक्षा निर्यातक बना दिया।

कांग्रेस इस देश की समस्याओं की जननी है

पीएम ने कहा, हमारा पूरा देश संभावनाओं से भरा हुआ है। लेकिन कांग्रेस पार्टी ने अपने पूरे शासनकाल में हमारे लोगों की क्षमता को बर्बाद करने के अलावा कुछ नहीं किया। कांग्रेस पार्टी ने हमारी अर्थव्यवस्था को नष्ट कर दिया, कृषि और कपड़ा क्षेत्रों को नुकसान पहुंचाया। कांग्रेस ही देश में समस्याओं की सबसे बड़ी जननी है।

कांग्रेस एससी-एसटी का आरक्षण मुस्लिमों को देना चाहती है

कांग्रेस पार्टी एससी, एसटी और दलितों के लिए आरक्षण का अधिकार छीनना चाहती है और मुस्लिम समुदाय को देना चाहती है। कल्याण न तो उनका दृष्टिकोण है और न ही एजेंडा। कांग्रेस केवल अपना वोट बैंक सुरक्षित रखना चाहती है। यह भ्रष्ट पार्टी पूरी तरह से तुष्टिकरण की नीति में डूबी हुई है।

बीमारी का हवाला देकर घर बैठे चालक दल के सदस्य, एयर इंडिया एक्सप्रेस की कई उड़ानें रद्द

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

एयर इंडिया एक्सप्रेस लगातार विवादों में बना हुआ है। जहां कुछ दिन पहले टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयरलाइन के चालक दल के सदस्यों ने एयरलाइन में कुप्रबंधन का आरोप लगाया था। वहीं, अब सूत्रों की मानें तो एयर इंडिया एक्सप्रेस ने चालक दल की कमी के कारण कई उड़ानें रद्द कर दी हैं। एयर इंडिया एक्सप्रेस की 80 से अधिक उड़ानों को रद्द कर दिया गया है। जानकारी के मुताबिक, एयरलाइन के चालक दल के सदस्य बड़े पैमाने पर बीमारी का हवाला देकर छुट्टी पर चले गए हैं। ऐसे में ये उड़ाने रद्द की गईं हैं। नागरिक विमानन अधिकारी इस मुद्दे पर नजर बनाए हुए हैं। बता दें, टाटा समूह की इकाई एयर इंडिया एक्सप्रेस, एआईएक्स कनेक्ट (पूर्व में एयरएशिया इंडिया) का खुद में विलय करने की प्रक्रिया में है। इसी को लेकर, पिछले कुछ समय से इस एयरलाइन के चालक दल के सदस्यों में गुस्सा बना हुआ है।

कई सदस्य बीमार हुए

सूत्रों ने बुधवार को बताया कि माना जा रहा है कि एयरलाइन में कथित कुप्रबंधन के विरोध में चालक दल के 200 से अधिक सदस्यों ने बीमार होने का हवाला दिया है। चालक दल के सदस्यों की कमी के कारण मंगलवार रात से कम से कम 80 से अधिक उड़ानें रद्द करनी पड़ी हैं और कई उड़ानों में देरी हुई है। वहीं, कोच्चि, कालीकट व बंगलूरू समेत विभिन्न हवाई अड्डों पर उड़ानों में बाधा आ रही है। बता दें, मार्च के अंतिम सप्ताह में शुरू हुए गर्मियों के शेड्यूल के अनुसार एयर इंडिया एक्सप्रेस को हर दिन 360 उड़ानें भरनी हैं।

300 कर्मचारियों ने दी थी शिकायत

पिछले महीने एयर इंडिया एक्सप्रेस के चालक दल के एक समूह का प्रतिनिधित्व करने वाले एक कर्मचारी यूनियन ने एयरलाइन में कुप्रबंधन का आरोप लगाया था। इनका कहना था की कर्मचारियों के साथ भेदभाव किया जा रहा है। यूनियन ने दावा किया था कि उनके पास लगभग 300 कर्मचारियों की यह शिकायतें आई हैं। मैनेजमेंट के बुरे बर्ताव से कर्मचारियों के मनोबल पर बुरा प्रभाव पड़ता है।

सोशल मीडिया पर यात्रियों का निकला गुस्सा

कई यात्रियों ने बुधवार को सोशल मीडिया पर अचानक उड़ानें रद्द होने की शिकायत की। एयर इंडिया एक्सप्रेस ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक यात्री की ओर से की गई पोस्ट में माफी मांगी थी। एयरलाइन ने कहा, हमारी सर्विस रिकवरी प्रोसेस के तहत आप या तो अगले सात दिन में फ्लाइट को रीशेड्यूल करने का विकल्प चुन सकते हैं या हमारे चैट बॉट टिया के जरिए पैसे वापसी का अनुरोध कर सकते हैं।

भड़के यात्री, किसी को नौकरी जाने का डर तो किसी को पहुंचना था अस्पताल

एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ानें अंतिम समय में रद्द किए जाने पर यात्रियों का गुस्सा भड़क गया है। बुधवार को केरल के सभी हवाईअड्डों पर नाराज यात्रियों ने विरोध प्रदर्शन किया। ज्यादातर यात्री खाड़ी देशों की यात्रा करने वाले थे। यात्रियों ने दावा किया कि सुरक्षा जांच पूरी होने के बाद, जब वे विमान में चढ़ने का इंतजार कर रहे थे तब उन्हें उड़ान रद्द होने के बारे में जानकारी दी गई। हालांकि, एयर इंडिया एक्सप्रेस ने यात्रियों को पूरे पैसे वापस करने या किसी अन्य तारीख पर यात्रा करने को कहा है, लेकिन यात्री इससे खुश नहीं हैं। उनमें से कई ने दावा किया कि अगर वे आज अपने कार्यस्थल पर नहीं पहुंचे तो उनकी नौकरी जा सकती है, जबकि कुछ अन्य का कार्य वीजा समाप्त होने वाला है। एक महिला को अपने जुड़वां बच्चों और पति के साथ कन्नूर से शारजाह जाना था। उड़ान रद्द होने पर उन्होंने कहा कि उन्हें नौ मई को काम पर पहुंचना है, लेकिन एयर इंडिया एक्सप्रेस 10 मई को कोच्चि से उड़ान की पेशकश कर रही है।

एयर इंडिया एक्सप्रेस ने दी यह सफाई

इस मामले में एयर इंडिया एक्सप्रेस के प्रवक्ता ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर सफाई दी है। उन्होंने कहा, हमारे चालक दल के सदस्यों के एक समूह ने कल रात अचानक बीमार होने की जानकारी दी, जिसके कारण उड़ानों में देरी हुई और उड़ानें रद्द करनी पड़ीं। हालांकि, हम चालक दलों के ऐसा करने के पीछे की वजह जानने के लिए उनसे संपर्क कर रहे हैं। हमारी टीमें इस मुद्दे को सक्रिय रूप से देख रही हैं ताकि यात्रियों को होने वाली किसी भी असुविधा को कम किया जा सके। हम अचानक उड़ानें रद्द करने के लिए माफी मांगते हैं और इस बात पर जोर देते हैं कि यह स्थिति उस सेवा के मानक को नहीं दर्शाती है जिसे हम प्रदान करने का प्रयास करते हैं। प्रवक्ता ने आगे कहा, उड़ानों के रद्द होने से प्रभावित लोगों को किसी अन्य दिन में फ्लाइट को रीशेड्यूल करने का विकल्प चुन सकते हैं।

केरल में बढ़ा वेस्ट नाइल बुखार का खतरा!

तीन जिलों में अलर्ट, स्वास्थ्य विभाग ने जारी कीं गाइडलाइंस

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

केरल के तीन जिलों में राज्य स्वास्थ्य विभाग ने अलर्ट जारी किया है। मलप्पुरम, कोझिकोड और त्रिशूर जिलों में वेस्ट नाइल बुखार फैलने की सूचना दी गई है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से बचाव के दिशा-निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं। पिछले सप्ताह केरल में स्वास्थ्य विभाग की उच्च स्तरीय बैठक हुई। जिसमें राज्य स्वास्थ्य मंत्री ने मानसून से पूर्व साफ-सफाई आदि गतिविधियों में तेजी लाने के निर्देश दिए थे। साथ ही जिला चिकित्सा के पदाधिकारियों को भी निर्देश दिए थे कि वे अपनी गतिविधियों में तेजी लाएं। साथ ही जिला प्रशासन को निर्देश दिए कि वे स्थानीय सरकारी निकायों के साथ मिलकर काम करें। जिला वेक्टर नियंत्रण इकाई द्वारा कई जगहों से नमूने एकत्र किए गए हैं। सभी नमूनों को परीक्षण के लिए भेजा गया है। वहीं स्वास्थ्य विभाग ने जागरुकता कार्यक्रम भी चलाने के लिए कहा है।

केरल के कई जिलों में वेस्ट नाइल बुखार के मरीजों देखे गए हैं। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने केरल के मलप्पुरम, कोझिकोड और त्रिशूर जिलों में अभी अलर्ट जारी किया है। स्वास्थ्य मंत्री वीणा जॉर्ज ने साथ ही सभी से अनुरोध किया है कि वे बुखार के लक्षण नजर आते ही तुरंत इलाज करवाएं। या आस-पड़ोस में किसी में भी लक्षण दिखते हैं तो उस व्यक्ति को तुरंत इलाज करवाने के लिए कहें। उन्होंने कहा कि इस वायरस के प्रकोप से बचने की आवश्यकता है।

ऐसे करें बचाव

स्वास्थ्य मंत्री ने कुछ उपाय बताते हुए कहा की शरीर को पूरी तरह से ढकने वाले कपड़े पहनने, मच्छरदानी और 'रिपेलेंट' का इस्तमाल करें। अगर फ्लू के लक्षण दिख रहे हैं तो डॉक्टर से इलाज कराएं। अपने घर और आसपास की जगह को साफ रखें।

वेस्ट नाइल वायरस के इलाज के लिए कोई दवा या टीका उपलब्ध नहीं: स्वास्थ्य मंत्री

स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि यह डेंगू के समान है। अभी चिंता की या घबराहट की आवश्यकता नहीं है। अब तक हॉट स्पॉट नहीं हैं। कोझिकोड के जिला कलेक्टर स्नेहिल कुमार सिंह न बताया कि अब तक सिर्फ पांच मामले सामने आए हैं, जिनमें से चार ठीक हो गए हैं, एक का इलाज चल रहा है। ये बीमारी संक्रमित मच्छर के काटने से इंसानों में फैलती है। अगर समय पर मरीज का ट्रीटमेंट न हो तो ये बुखार एन्सेफलाइटिस का कारण भी बन सकता है। इस वजह से ब्रेन से जुड़ी बीमारियां होने का खतरा रहता है। गंभीर मामलों में ये बीमारी मौत का कारण भी बन सकती है। बताया जा रहा है, कि वेस्ट नाइल संक्रमण के मुख्य लक्षण सिरदर्द, बुखार, मांसपेशियों में दर्द, चक्कर आना और याददाश्त कमजोर होना हैं। मंत्री ने कहा कि चूंकि वेस्ट नाइल वायरस के इलाज के लिए कोई दवा या टीका उपलब्ध नहीं है, इसलिए लक्षणों का उपचार और रोकथाम जरूरी है।

क्या है वेस्ट नाइल बुखार?

वेस्ट नाइल बुखार क्यूलेक्स प्रजाति के मच्छरों से फैलता है। युगांडा में 1937 में पहली बार इसका पता चला था। केरल में 2011 में पहली बार बुखार का पता चला था और मलप्पुरम के छह वर्षीय लड़के की 2019 में बुखार के कारण मौत हुई थी। मई 2022 में त्रिशूर जिले में बुखार से 47 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई थी। वेस्ट नाइल वायरस से घातक 'न्यूरोलॉजिकल' रोग हो सकता है। राज्य स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, यह मुख्य रूप से संक्रमित मच्छरों के काटने से फैलता है।

राफा पर हमले को लेकर इस्राइल-अमेरिका में बढ़ी तल्खी, बाइडन सरकार ने रोकी हथियारों की सप्लाई

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। वॉशिंगटन

गाजा के राफा शहर पर हमले को लेकर इस्राइल और अमेरिका के रिश्तों में तल्खी आ गई है। ये तल्खी इतनी बढ़ गई है कि अमेरिका ने इस्राइल को भेजे जाने वाली हथियारों की खेप रोक दी है। अमेरिका के एक वरिष्ठ अधिकारी ने ये जानकारी दी। अमेरिका की बाइडन सरकार इस्राइल के राफा पर हमले को टालने की कोशिश कर रही है, जबकि इस्राइल ने राफा के खिलाफ सैन्य कार्रवाई शुरू कर दी है।

इस्राइल ने शुरू किया राफा पर हमला

अमेरिका सरकार के एक अधिकारी ने बताया कि हमने इस्राइल को भेजे जाने वाले उन हथियारों की समीक्षा करनी शुरू कर दी है, जिनका इस्तेमाल राफा में हो सकता है। इस समीक्षा के तहत हमने बीते हफ्ते इस्राइल को भेजे जाने वाले 1800-2000 एलबी बम समेत कई हथियारों की सप्लाई रोकने का फैसला किया है। हालांकि व्हाइट हाउस और पेंटागन ने इस्राइल को हथियारों की सप्लाई रोके जाने पर कोई टिप्पणी नहीं की है। वहीं इस्राइल के रक्षा मंत्री योव गैलेंट ने कहा कि अगर हमास ने समझौते के तहत हमारे बंधकों को रिहा नहीं किया तो हम राफा पर और अधिक भयानक हमले करेंगे। इस्राइल ने हमास के साथ युद्धविराम के समझौते को भी ठुकरा दिया। इस्राइल ने सोमवार रात राफा पर हमला शुरू कर दिया है।

राफा में आम नागरिकों के मारे जाने की आशंका

बीती 7 अक्तूबर को हमास ने जब इस्राइल पर हमला किया था, तो अमेरिका ने इस्राइल को समर्थन का एलान किया था। हालांकि राफा पर इस्राइल के हमले का अमेरिका द्वारा विरोध किया जा रहा है। अमेरिका को डर है कि राफा पर इस्राइली हमले में बड़ी संख्या में आम नागरिकों की जान जा सकती है और इस्राइल हमास युद्ध पूरे अरब क्षेत्र में फैल सकता है। इस्राइल के गाजा पर हमले में अब तक 34 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है और इसके चलते गाजा में करीब 23 लाख लोग भुखमरी के मुहाने पर हैं। गाजा से इस्राइली हमले से बचकर बड़ी संख्या में लोगों ने राफा में शरण ली हुई है। ऐसे में इस्राइल के राफा पर हमले को लेकर बड़ी संख्या में आम नागरिकों की मौत की आशंका जताई जा रही है।

हैदराबाद में बारिश का कहर, घर की दीवार गिरने से चार साल के बच्चे समेत सात की मौत

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। हैदराबाद

तेलंगाना के हैदराबाद में भारी बारिश कहर बनकर टूटी है। इस बारिश के चलते मंगलवार देर शाम यहां एक निर्माणाधीन अपार्टमेंट की दीवार गिर गई। इसके मलबे में दबकर सात लोगों की मौत हो गई। मृतकों में एक चार साल का बच्चा भी शामिल है। बच्चुपल्ली इलाके की पुलिस के मुताबिक, मृतक प्रवासी मजदूर थे, जो कि ओडिशा और छत्तीसगढ़ से काम के लिए आए थे। राहत-बचाव कर्मियों ने बुधवार सुबह मलबे से उनके शव निकाल लिए। गौरतलब है कि हैदराबाद में लगातार तेज बारिश से जनजवीन अस्त-व्यस्त हुआ है। कई इलाकों में जलभराव की वजह से शहर को ट्रैफिक जाम की समस्या से भी जूझना पड़ा है। ग्रेटर हैदराबाद महानगरपालिका के अधिकारियों ने

बताया कि जलभराव वाले इलाकों में आपदा राहत बल भेजा गया है, जो कि पानी को निकालने और गिरे पेड़ों को हटाने का काम कर हैं।

कई इलाकों में भारी बारिश

हैदराबाद और तेलंगाना के कई इलाकों में भारी बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। शहर में कई जगहों पर जलभराव की वजह से यातायात अवरुद्ध रहा. ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम के अधिकारियों के अनुसार आपदा राहत बल (डीआरएफ) के दलों को पानी निकालने और रास्तों पर गिरे हुए पेड़ों को हटाने के काम पर लगाया गया है। मौसम विभाग ने न सिर्फ हैदराबाद और तेलंगाना बल्कि अन्य कई प्रदेशों में भी भारी बारिश का अनुमान जताया है. इसके साथ ही इलाकों में हाई अलर्ट भी जारी किया है. साथ ही ये भी कहा है कि इमरजंसी के समय ही घरों से निकलें।

मिर्च स्प्रे खतरनाक हथियार, आत्मरक्षा के लिए नहीं कर सकते इस्तेमाल: हाईकोर्ट

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। बंगलूरू

कर्नाटक हाईकोर्ट ने मिर्च स्प्रे को खतरनाक हथियार बताते हुए कहा कि इसका इस्तेमाल आत्मरक्षा के लिए नहीं किया जा सकता। इस टिप्पणी के साथ अदालत ने सी कृष्णनैय्या चेट्टी एंड कंपनी प्रा. लि. के निदेशक सी गणेश नारायण और उनकी पत्नी के खिलाफ मिर्च स्प्रे इस्तेमाल करने के आपराधिक मामले को खारिज करने से इन्कार कर दिया। दंपती पर शिकायतकर्ता के ऊपर उस वक्त मिर्च स्प्रे इस्तेमाल करने का आरोप है जब वह उनकी संपत्ति में दाखिल हो रहा था। जस्टिस एम नागप्रसन्ना की एकल पीठ ने दंपती की याचिका खारिज करते हुए कहा कि दंपती को आत्मरक्षा के लिए मिर्च स्प्रे का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए था, क्योंकि प्रथम दृष्टया इस मामले में उनके जीवन पर कोई खतरा नहीं था।

एस्ट्राजेनेका ने दुनियाभर से कोरोना वैक्सीन वापस मंगाई, टीके की सुरक्षा को लेकर उठे थे सवाल

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। लंदन

दुनियाभर में कोरोनावायरस महामारी के दौरान लोगों को टीके मुहैया कराने वाली कंपनी एस्ट्राजेनेका ने अपना कोरोना का टीका वापस मंगा लिया है। कंपनी ने कहा है कि वह दुनियाभर से अपनी वैक्सजेवरिया वैक्सीन को वापस मंगा रही है। गौरतलब है कि एस्ट्राजेनेका के लाइसेंस वाली कोविशील्ड वैक्सीन ही भारत में भी कोरोना से बचाव के लिए दी गई थी। भारत में लगाई गई कोविशील्ड वैक्सीन भी उसी फार्मूले पर बनी है, जिस पर वैक्सजेवरिया वैक्सीन बनी है। भारत में कोविशील्ड का निर्माण सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया ने किया था, लेकिन अभी तक भारत में कोरोना वैक्सीन वापस लेने का कोई फैसला नहीं हुआ है। द टेलीग्राफ की रिपोर्ट के अनुसार, एस्ट्राजेनेका ने दावा किया है कि वैक्सीन का अपडेट संस्करण उपलब्ध है, ऐसे में वैक्सीन के पुराने स्टॉक को वापस मंगाया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, कंपनी ने 5 मार्च को ही वैक्सीन वैक्सजेरवरिया को वापस मंगाने का फैसला कर लिया था, लेकिन यह आदेश 7 मई से प्रभावी हुआ। ब्रिटिश-स्वीडिश फार्मास्यूटिकल कंपनी एस्ट्राजेनेका का यह कदम ऐसे वक्त सामने आया है, जब कंपनी ने बीते दिनों ही स्वीकार किया है कि कुछ मामलों में कोविड वैक्सीन के साइड इफेक्ट सामने आए हैं और इसकी वजह से कुछ लोगों में थ्रंबोसिस थ्रंबोसाइटोपीनिया सिंड्रोम बीमारी के लक्षण देखे गए हैं, जिसमें लोगों में खून के थक्के जमने लग जाते हैं।

कंपनी के खिलाफ दर्ज हुए मुकदमे

एस्ट्राजेनेका कंपनी कोविड वैक्सीन को लेकर कई मुकदमों का सामना कर रही है। आरोप है कि कोविड वैक्सीन लगने के बाद कई लोगों की जान गई है। जैमी स्कॉट नामक एक व्यक्ति ने एस्ट्राजेनेका के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। स्कॉट का आरोप है कि वैक्सीन लेने के बाद उसके शरीर में खून के थक्के जमने की समस्या हुई और दिमाग में भी ब्लीडिंग हुई। इससे उसके मस्तिष्क को नुकसान हुआ। ऐसे ही कंपनी के खिलाफ 50 से ज्यादा मामले दर्ज हुए हैं। कंपनी ने भी कोर्ट में लिखित दस्तावेजों में स्वीकार किया कि कोरोना वैक्सीन के कुछ दुर्लभ मामलों में साइड इफेक्ट दिख सकते हैं।

भारत में भी उठी चिंताएं

एस्ट्राजेनेका ने यूरोप और दुनिया के अन्य देशों से ही कोरोना वैक्सीन वापस मंगाने का फैसला किया है। भारत में सीरम इंस्टीट्यूट की तरफ से अभी तक ऐसा कोई फैसला नहीं लिया गया है। भारत में भी कोविशील्ड को लेकर चिंता उठ रही है और इसे लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका भी दायर की गई है और वैक्सीन की सुरक्षा संबंधी चिंताओं पर सुनवाई की मांग की गई है। सुप्रीम कोर्ट भी सुनवाई के लिए सहमत हो गया है, लेकिन अभी तक तारीख तय नहीं हुई है।

एमपी-राजस्थान में तीन दिन हीटवेव का अलर्ट, दिल्ली में तापमान 42 डिग्री पहुंचा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

राजस्थान और मध्य प्रदेश में भीषण गर्मी पड़ रही है। भारतीय मौसम विभाग ने दोनों राज्यों में अगले दो दिन यानी 10 मई तक हीटवेव का अलर्ट जारी किया है। 7 मई को राजस्थान के 9 और एमपी के 3 शहरों में तापमान 43 डिग्री या उससे ज्यादा दर्ज किया गया। राजस्थान का बाड़मेर और एमपी का दामोह देश के सबसे गर्म शहर रहे। यहां का तापमान क्रमशः 45.2 और 44.8 दर्ज किया गया। 10 और 11 मई को वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव होने से दोनों राज्यों में आंधी और बारिश की संभावना है। इससे लू से राहत मिलेगी। 12 मई तक हीटवेव से राहत की उम्मीद है। दिल्ली में मंगलवार को सीजन का सबसे गर्म दिन रहा। यहां अधिकतम तापमान 42 डिग्री दर्ज किया गया। 11 और 12 मई को हल्की बूंदाबांदी हो सकती है। उत्तर प्रदेश के पूर्वी जिलों में 13 मई तक गरज-चमक के साथ बारिश होने की संभावना है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)